ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 17 सितम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 225 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



देश में पीएम पद का फिक्स चेहरा ... पेज 12 पर

## तैयारी पूरी, 'विश्वकर्मा पूजा' आज



### असिस्टेंट टाउन प्लानर नियुक्ति मामले में 186 लोगों की उम्मीदवारी रद्द

# हाईकोर्ट : दोबारा रिजल्ट जारी करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में असिस्टेंट टाउन प्लानर की नियुक्ति के लिए जेपीएससी (झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन) की ओर से ली गई परीक्षा और इंटरव्यू का रिजल्ट दोबारा जारी करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इंटरव्यू में शामिल हुए कैंडिडेट में से 186 लोगों की उम्मीदवारी रद्द करने का आदेश दिया है। इनमें से 26 कैंडिडेट ऐसे थे, जिनका नाम मेरिट लिस्ट में शामिल था। कोर्ट के आदेश के बाद इनकी नियुक्ति की अनुशंसा भी रद्द कर दी जाएगी। पहले हाईकोर्ट की एकल पीठ ने असिस्टेंट टाउन प्लानर की नियुक्ति की मेरिट लिस्ट को सही ठहराया था, लेकिन इस आदेश के खिलाफ विवेक हर्षल, स्वप्रिल मयुरेश एवं अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद डबल बेंच ने एकल पीठ के फैसले को पलट दिया।



बता दें कि अप्रैल 2020 में जेपीएससी ने पूरे राज्य में सहायक टाउन प्लानर के 77 पदों के लिए विज्ञापन निकाला था। मार्च 2021 में सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेपीएससी ने परिणाम जारी कर दिया और सफल हुए 43 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा सरकार को भेज दी थी।

इनमें से 26 ऐसे अभ्यर्थी थे, जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) का सर्टिफिकेट नहीं था। जेपीएससी ने 318 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाया था, जिनमें से 186 अभ्यर्थियों के पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2020 तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) का सर्टिफिकेट तक नहीं था। इस नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कुछ अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में रिट दायर की थी। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शनिवार का पारित आदेश में कहा है कि फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर का सर्टिफिकेट नहीं होने के बावजूद जेपीएससी ने जिन 186 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाया था, उनकी उम्मीदवारी रद्द की जाए।

इसके बाद शेष बचे वैसे अभ्यर्थी जिन्हें साक्षात्कार में बुलाया गया था और जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर का सर्टिफिकेट था, उनकी नियुक्ति के लिए नया पैनल बनाकर दो माह में फ्रेश रिजल्ट जारी करें।

अपीलकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अमृतांश वत्स, अधिवक्ता सिद्धार्थ रंजन, शिप्रा शालिनी ने पैरवी की थी। जबकि, जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार ने पैरवी की।

### नगर आयुक्त को 6 अक्टूबर को हाजिर रहने के निर्देश

**झारखंड** हाईकोर्ट में रांची नगर निगम (आरएमसी) में फोर्थ ग्रेड में नियुक्त कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रमोशन से संबंधित अवमानना याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। कोर्ट ने पूर्व के आदेश का अनुपालन नहीं करने पर नाराजगी जताई। साथ ही नगर आयुक्त को अगली सुनवाई छह अक्टूबर को कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची नगर निगम ने इस मामले ना तो पक्ष रखा है और ना ही आदेश का अनुपालन किया गया। रांची नगर निगम की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता को फोर्थ ग्रेड से थर्ड ग्रेड में प्रोन्नति देने के संबंध में रांची नगर निगम का कोई प्रोविजन नहीं है। इसलिए उनका आवेदन खारिज किया जाता है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की।

### शुभकामनाएं

राष्ट्रीय नवीन मेल के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, हॉकरों एवं शुभचिंतकों को 'विश्वकर्मा पूजा' की हार्दिक शुभकामनाएं।

**अवकाश की सूचना**

'विश्वकर्मा पूजा' के अवसर पर राष्ट्रीय नवीन मेल कार्यालय 17 सितम्बर (रविवार) को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक 19 सितम्बर (मंगलवार) को प्रकाशित होगा।

## एएसआई विजयकांत यादव सस्पेंड, रुपये लेते वीडियो हुआ था वायरल

**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) विजयकांत यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पिछले दिनों विजयकांत का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह बेंगाबाद थाना परिसर के स्वागत कक्ष में पुलिस वर्दी में बैठा हुआ है और किसी व्यक्ति से पैसे ले रहा है। वह व्यक्ति उक्त पुलिस अधिकारी के बगल में बैठा हुआ है, जो काले बैग से निकाल कर पैसे दे रहा है। वीडियो वायरल होते ही एसपी दीपक शर्मा ने एक्शन लिया और सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) विजयकांत यादव को सस्पेंड कर दिया। एसपी दीपक शर्मा ने कहा है कि उपर्युक्त कृत्य पुलिस अधिकारी के भ्रष्ट आचरण, अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता और कर्तव्यहीनता को परिलक्षित करता है। पुलिस अधिकारी के इस कृत्य से पुलिस की छवि धूमिल हुई है। गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाने के सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) विजयकांत यादव का रुपये लेते वीडियो वायरल हुआ था। ये मामला गिरिडीह के एसपी दीपक शर्मा तक जा पहुंचा। एसपी ने इस मामले की जांच की जिम्मेदारी एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह को दी।

### झारखंड आईएसआईएस मॉडयूल केस मामला

## रतलाम से गिरफ्तार आतंकी को एनआईए कोर्ट में किया पेश, जेल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमपी वर्मा की अदालत में शनिवार को मध्य प्रदेश के रतलाम जिले से गिरफ्तार आईएसआईएस के झारखंड मॉड्यूल से जुड़े संदिग्ध आतंकी राहुल सेन उर्फ उमर को पेश किया गया। अदालत ने राहुल को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। अब राहुल सेन उर्फ उमर को एनआईए रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इसके लिए एनआईए ने अदालत में आवेदन भी दिया है ।



उल्लेखनीय है कि झारखंड में आतंकी संगठन आईएसआईएस की मॉड्यूल को लेकर एनआईए ने 14 सितंबर को कई राज्यों के नौ ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान एनआईए ने मध्यप्रदेश के रतलाम से एक संदिग्ध राहुल सेन उर्फ उमर को गिरफ्तार किया था। इसके पास से लैपटॉप, पेन ड्राइव, मोबाइल फोन सहित आईएसआईएस से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किये गये थे।

**फैज से लगातार संपर्क में था:** राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए की रांची टीम ने मध्य प्रदेश के रतलाम से राहुल उर्फ उमर को खजूरी देवड़ा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## कमल भूषण के हत्यारे का आर्म्स लाइसेंस रद्द, पुलिस ने जब्त किया राइफल-रिवाल्वर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के चर्चित बिल्डर कमल भूषण और उनके अकाउंटेंट संजय सिंह की हत्या मामले में जेल में बंद अपराधी डब्लू कुजूर के दोनों लाइसेंसी हथियार पुलिस के द्वारा जब्त कर लिया गया है। डब्लू कुजूर ने अपने भाई और भतीजे के साथ मिलकर पहले कमल भूषण और फिर उनके अकाउंटेंट संजय सिंह की दिनदहाड़े हत्या करवाई थी। कमल भूषण और उनके अकाउंटेंट संजय सिंह की हत्या के आरोप में जेल में बंद डब्लू कुजूर के ऊपर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जमीन माफिया और अपराधी होते हुए भी डब्लू कुजूर ने दो-दो लाइसेंसी हथियार ले रखे थे। अपनी मजबूत पकड़ की वजह से डब्लू को एक रिवाल्वर और एक राइफल का लाइसेंस मिला हुआ था। कमल भूषण की हत्या की साजिश रचने से पूर्व ही अपने दोनों लाइसेंसी हथियार को डब्लू कुजूर ने रांची के डोरंडा स्थित बिहार गन हाउस में जमा करवा दिया था। डब्लू के गिरफ्तारी के बाद जब उससे पूछताछ हुई तब पुलिस को यह जानकारी मिली कि उसके दोनों हथियार बिहार गन हाउस में जमा है। रांची पुलिस में सबसे पहले उसके दोनों आर्म्स लाइसेंस कैंसिल करवा और फिर शनिवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय और सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार के द्वारा डब्लू कुजूर के दोनों हथियारों को विधिवत जब्त कर लिया गया।

20 मई 2022 को सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के देवी मंडप रोड से ठीक पहले बिल्डर कमल भूषण की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कमल भूषण की हत्या की साजिश में उनका दामाद राहुल कुजुर भी शामिल था। मामले में पिछले साल कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की मदद से रांची पुलिस ने कमल हत्याकांड में शामिल चार अपराधियों राहुल कुजूर, डब्लू कुजूर, ख्वाइश ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### दशकीर देवी हत्याकांड का खुलासा

## नाबालिग सहित 3 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

लगभग एक सप्ताह पूर्व अड़की के डेली सरजोम गांव निवासी दशकीर देवी की हुई हत्या मामले में पुलिस ने उसी गांव के जिसिंह मुंडा (32) एवं सनिका हस्सा (22) नामक दो आरोपितों को गिरफ्तार कर और एक विधि विरुद्ध किशोर को निरूद्ध कर उक्त हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ अमित



कुमार ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी।

एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों ने ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## पीएम विश्वकर्मा योजना की लॉंचिंग आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूरे देश में रविवार को 70 स्थानों पर पीएम विश्वकर्मा योजना लांच होगा। साथ ही रांची और पूर्वी सिंहभूम में भी यह योजना को लॉन्च किया जाएगा। इससे लेकर कारीगर और विश्वकर्मा समाज में उत्साह का माहौल बना हुआ है। केंद्र सरकार की इस योजना से राज मिस्त्री, लोहार, धोबी, कुम्हार, फूलों का काम करने वाले, ताला चाबी बनाने वाले, मूर्तिकार, मछली का जाल बुनने वाले आदि को लाभ मिलेगा।



इस योजना की शुरूआत कारीगरों और श्रमिकों को प्रोत्साहन देने के लिए ही किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पारंपरिक शिल्प कौशल में कुशल व्यक्तियों को सशक्त बनाना है। इसका प्राथमिक उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और कल्याण सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत कारीगरों और शिल्पकारों को ट्रेनिंग भी दी जाएगी। इस योजना के लागू होने के बाद देशभर में स्वरोजगार में वृद्धि होगी।

**क्या है प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना :** पीएम विश्वकर्मा योजना को पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना और पीएम ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## दुमका : पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, एक की मौत, चार गंभीर

**दुमका।** जिले के नेशनल हाइवे 133 स्थित सरैयाहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरदाहा गांव के निकट शनिवार को एक अनियंत्रित कार के पेड़ से टकरा जाने से उसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सरैयाहाट थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बाहर रेफर कर दिया गया।

### संसद के विशेष सत्र को लेकर झामुमो ने जतायी कड़ी आपत्ति

# सीक्रेट 'राजनीतिक एजेंडा' को आगे बढ़ा रही सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने पिछले साल दो बार विशेष विधानसभा सत्र बुलाया था, लेकिन पार्टी ने 18 से 22 सितंबर तक भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा बुलाए गए विशेष संसद सत्र पर कड़ी आपत्ति जताई है। जेएमएम के अनुसार, केंद्र सरकार 'इंडिया' गठबंधन की एकता से डरती है और विशेष संसद सत्र के बहाने सीक्रेट राजनीतिक एजेंडा को आगे बढ़ाना चाहती है। जेएमएम उन पार्टियों में से एक है जो शुरू से ही इंडिया घठबंधन को एकजुट करने में सक्रिय रही है। जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष



हेमंत सोरेन इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति के सक्रिय सदस्य भी हैं। उन्होंने विपक्षी गठबंधन की अब तक हुई सभी बैठकों में हिस्सा लिया है। उनके राजनीतिक रुख से साफ है कि संसद के विशेष सत्र को लेकर इंडिया ब्लॉक का जो भी साझा एजेंडा होगा, जेएमएम उसी के अनुरूप काम करेगा।

झारखंड में गठबंधन सरकार का नेतृत्व भले ही जेएमएम कर रहा हो, लेकिन संसद में संख्या बल के लिहाज से उसका प्रतिनिधित्व उतना नहीं है। लोकसभा में पार्टी के केवल एक सांसद हैं- विजय हांसदा, जो झारखंड में राजमहल विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। राज्यसभा में जेएमएम के दो सांसद हैं- शिबू सोरेन और महुआ मांझी। शिबू सोरेन इन दिनों अस्वस्थ हैं और पार्टी अध्यक्ष होने के बावजूद संसद की बैठकों में उनकी उपस्थिति अक्सर नगण्य रहती है।

महुआ मांझी की पहचान प्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार के रूप में रही है। पिछले साल पहली बार संसद पहुंचने के बाद से वह कई बार सदन की चचाओं में हिस्सा ले चुकी हैं। उनका कहना है कि विशेष सत्र बुलाने के पीछे का तर्क स्पष्ट नहीं है।

जेएमएम के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्षी दलों की एकता से घबराए हुए हैं, जो कि इंडिया ब्लॉक की बैठकों से स्पष्ट है। यही कारण है कि उन्होंने (मोदी) पांच दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है। भट्टाचार्य ने कहा कि विशेष सत्र आयोजित करने से पहले विपक्षी दलों को एक औपचारिक पत्र जारी किया जाता है, लेकिन इस बार उन्हें इसकी जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिली। उन्होंने कहा, क्या इस देश की विधायिका फेसबुक, ट्विटर और व्हाट्सएप पर जारी सूचनाओं से संचालित होगी? सरकार को ऐसे किसी भी फैसले की उचित सूचना देनी चाहिए। सत्र के एजेंडे की जानकारी भी देश की जनता को स्पष्ट रूप से देनी चाहिए ताकि विपक्षी दल भी पूरी तैयारी के साथ सत्र में भाग ले सकें। अभी तक यही लग रहा है कि इस सत्र को बुलाने के पीछे केंद्र का कोई छिपा हुआ एजेंडा है।" भट्टाचार्य ने आगे कहा, "देश के किस हिस्से में ऐसी आपदा आ गई कि संसद का विशेष सत्र बुलाना पड़ा? मणिपुर पिछले चार महीने से जल रहा है लेकिन सरकार ने विशेष सत्र नहीं बुलाया। सरकार विपक्ष के सवालों का जवाब देने से भाग रही है।"

## चौकीदार हत्याकांड में शामिल नक्सली 20 साल बाद गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

चौकीदार हत्याकांड और अन्य कई नक्सली वारदातों में शामिल प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का पूर्व सदस्य सोमरा उरांव अंततः चैनपुर पुलिस के गिरफ्त में आ ही गया। वह पिछले 15-20 वर्षों से फरार था और दिल्ली में अपना ठिकाना बनाये हुए था। चैनपुर पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली कि पूर्व नक्सली सोमरा उरांव कुछ दिन पूर्व अपना गांव रातु जामटोली आया हुआ है। चैनपुर पुलिस की टीम ने शनिवार की सुबह तिगावल मोड़ के पास घुम रहे पूर्व नक्सली सोमरा उरांव को धर दबोचा। इस संबंध में चैनपुर के पुलिस इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने थाना परिसर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस को मिली इस सफलता की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सोमरा उरांव वर्ष 2007 में चैनपुर थाना के चौकीदार जोसेफिन कुजूर ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# अब ना रहे कोई आवास अधूरा, चलो करें आवास पूरा



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण अंतर्गत लंबित आवासों को पूरा करने के लिए दिनांक 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक चलो करें आवास पूरा अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर शनिवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ0 प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में अब न रहे कोई आवास अधूरा, चलो करें आवास पूरा अभियान को लेकर एक बैठक किया गया। प्रखंड में कुल 81 आवास लंबित हैं। बैठक में बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने सभी जनसेवकों से पंचायत वार सभी लंबित आवास के बारे में जानकारी लिया। वहीं अगामी 10 अक्टूबर तक प्रखंड के सभी पंचायत में अभियान के तहत मुखिया की अध्यक्षता में जनसेवक,पंचायत समिति सदस्य, विधायक प्रतिनिधि और संबंधित वार्ड सदस्यों की टीम को लंबित आवास पूर्ण करने के लिए लाभुकों को प्रेरित करने व आवश्यक सहयोग प्रदान कराने का निर्देश दिया गया। जो घर नहीं बना पाते हैं, उनसे राशि वापस कराने और जो आवास लाभुक घर में नहीं हैं उनको जनप्रतिनिधियों के सहयोग से घर बनवाने का निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप, प्रखण्ड उप प्रमुख मोद्दसिर हक, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, राखी भगत, पंचायत सेवक व जनसेवक समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### अलर्ट मोड में रहे पीसीआर और टाइगर

# पुलिस के व्यवहार को लेकर आ रही है शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची में महिलाओं के साथ छिनतई के वारदातों में लगातार इजाफा हो रहा है। वहीं भीड़ वाले इलाके में भी अपराधी भी दिनदहाड़े घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, ऐसे में थानों के अलावा राजधानी रांची में तैनात पीसीआर और टाइगर जवानों की जिम्मेवारी बेहद महत्वपूर्ण है। शनिवार को रांची पुलिस लाइन में राजधानी के सभी पीसीआर और टाइगर जवानों को हर हाल में पूरी राजधानी पर नजर रखने की हिदायत दी गई है।

**क्या है राजधानी में स्थिति :** राजधानी रांची की सुरक्षा के लिए कुल 30 पीसीआर वैन में 120 जवान ,जबकि 50 टाइगर मोबाइल पर 100 जवान दिन रात मुस्तैद रहते हैं लेकिन इसके बावजूद राजधानी में मोबाइल ,सोने की चेन छिनतई की वारदातें रुकने का नाम नही ले रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि पीसीआर और टाइगर में पद स्थापित जवान मुस्तैदी से ड्यूटी नहीं कर रहे हैं। जिसकी वजह से रांची पुलिस की फजीहत हो रही है। शनिवार को इन्हीं सब मामलों को लेकर रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने राजधानी के सभी पीसीआर में प्रतिनयुक्त पुलिसकर्मी और टाइगर जवानों ब्रीफ किया। ब्रीफ के दौरान सभी पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह चिन्हित हॉटस्पॉट के साथ-साथ गली मोहल्ले में भी लगातार भ्रमणशील रहे ताकि आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके। सिटी एसपी ने बताया कि पीसीआर और टाइगर जवानों को महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है। खासकर सुबह के समय स्नैचिंग की घटनाएं बहुत ज्यादा होती हैं ऐसे में पुलिसकर्मियों को बेहद सतर्क रहने की जरूरत है। ब्रीफिंग के दौरान सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में हर हाल में अपराध को रोकने में सहयोग करें। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि हाल के दिनों में पुलिसकर्मियों के द्वारा आम लोगों के साथ अभद्र व्यवहार की कई शिकायतें आई हैं। यही वजह है कि ब्रीफ में सभी पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह पब्लिक के साथ अपना व्यवहार सही रखें। अगर गलत व्यवहार और गलत तरीके से बात करने की शिकायत मिलती है तो जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**पीसीआर का बढ़ा दायरा :** आगामी पर्व त्योहार को देखते हुए राजधानी और आसपास के इलाकों में तैनात पीसीआर के कार्यक्षेत्र का दायरा बढ़ाया जा रहा है, यह बदलाव हाल हाल में रांची में अपराध की घटनाओं को देखते हुए किया गया है। अब पीसीआर गली मोहल्लों में भी गश्त करेगी। जहां, पीसीआर प्रवेश नहीं कर पाएगी, वहां पुलिस की बाइक दस्ता प्रवेश करेगा।

### हेल्पलाइन नम्बर को लेकर रहे एक्टिव

किसी भी संकट की स्थिति में लोग डायल 100 पर कॉल करते हैं ,अब डायल 112 की सुविधा भी राजधानी में मिलने लगी है ,ऐसे में के ये दो बेहद कारगर हेल्पलाइन नम्बर आम लोगों के लिए है जिसे वे किसी भी समय पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे में जरूरत है कि 112 के रिस्पांस समय को बेहतर किया जाए। सभी पीसीआरओ टाइगर जवानों को यही डर दी गई कि वह इमरजेंसी नंबर के द्वारा मिली जानकारी के आधार पर तुरंत एक्टिव होकर कार्रवाई करें।

# डीएसपी ने की कार्रवाई, रातू में अवैध बालू लदा 11 ट्रेक्टर जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
थाना क्षेत्र में बालू माफियाओ पर शिकंजा कस्ते हुये शनिवार की सुबह डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने अवैध बालू लदा 11 ट्रेक्टर को रातू हुरहुरी, मलमाण्डू व कोकडे से जब्त कर लिया। कार्रवाई होते देख दर्जन भर से अधिक ट्रेक्टर वाहन लेकर भागने में सफल रहे। जब्त सभी ट्रेक्टर बिना नंबर के है। डीएसपी प्रवीण कुमार ने जब ट्रेक्टर ड्रॉइवर से बालू खनन से संबंधित व गाड़ी की कागजात की मांग की तो ड्रॉइवर कागजात दिखाने में असमर्थ रहै। पुलिस सभी वाहनों को जब्त कर थाना ले आयी है। जब्त वाहनों की जानकारी खनन विभाग व डीटीओ के अधिकारियों को दे दिया गया है। कार्रवाई के बाद क्षेत्र के बालू माफियाओ में खलबली मच गयी है।वही आधा दर्जन से अधिक ट्रेक्टर चालको को गिरफ्तार करने के उपरान्त पीआर बांड पर छोड़ दिया गया।

### आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया

# बच्चों की शिक्षा में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान : निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**
प्रखंड स्थित आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर में शनिवार को शिक्षकों के सम्मान में शिक्षक दिवस मनाया गया।इस अवसर पर सबसे पहले मुख्य अतिथि निरंजन साही, प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी, बुद्धदेव उरांव, जुल्फेकार अली, एहसान स्यानी, माजीद आलम, लतीफ अंसारी, रिजवान अंसारी द्वारा डॉ॰ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की फोटो पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्कूल के निदेशक सह प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत किया और कहा की इस स्कूल के बच्चे बहुत ही मेहनती है और हमारे शिक्षक भी बच्चों को काफी ध्यान देते है और अभिभावक भी इस स्कूल को काफी सहयोग करते हैं। वहीं मुख्य अतिथि निरंजन साही ने कहा कि भारत में हर साल 5 सितंबर को या पूरे सितंबर भर शिक्षक दिवस डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के सम्मान में मनाया जाता है जो एक प्रसिद्ध दार्शनिक शिक्षक और भारत के दूसरे राष्ट्रपति थे। यह दिन छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में शिक्षकों और शिक्षकों के अमूल्य योगदान को पहचानने के लिए समर्पित है। यह एक ऐसा दिन है जो कृतज्ञता सम्मान और प्रशंसा से गूंजता है। यह दिन शिक्षकों और छात्रों दोनों के लिए प्रेरणा का स्रोत है जो उन्हें शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करता है। आज जो मैं देख रहा हूं की इस स्कूल में जितने भी शिक्षक हैं वो काफी लगन से पढ़ाते हैं इतना कम समय में स्कूल का नाम काफी ऊंचा हुवा है इसका सारा श्रेय स्कूल के प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी और यहां के सभी शिक्षकों को जाता है। व बच्चे गीली मिट्टी की तरह होते हैं और शिक्षक इन्हें एक सुंदर आकर देते है और बच्चों को बुराई से अच्छाई की ओर ले जाते हैं इन्होंने यह भी कहा की शिक्षक दीपक की तरह जलते हैं और अपने बच्चों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं इसलिए छात्र जीवन में शिक्षकों का बहुत ही मूल्य होता है।

### पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत रसोईया को दिया गया प्रशिक्षण

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ककरिया सहित विभिन्न संकुलों में पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत विभिन्न विद्यालयों के रसोईया एवं संयोजिकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। लापुंग प्रखंड के ककरिया, सरसा, दोलैचा, लेटे, लापुंग, महुगांव, चलांगी तथा मालगो खास संकुलों में संकुल साधन सेवी एवं प्रखंड साधन सेवी क्रमशः सुनील कुमार गुप्ता, चंद्र मोहन ठाकुर, अजीत कुमार सिंह, मंटु कुमार साहु, मनोज कुमार साहु, रेशम शाहदेव, बबलु कुमार महतो तथा लालकेश्वर यादव ने मास्टर ट्रेनर संयोजिकाओं के साथ मिलकर प्रतिभागी रसोईया एवं संयोजिकाओं को प्रशिक्षण दिया। मिड डे मील योजना में बच्चों को अलग-अलग दिनों में अलग-अलग मीनु के अनुसार पौष्टिक आहार देने तथा भोजन निर्माण सहित विभिन्न प्रक्रियाओं में किचेन शेड में स्वच्छता एवं साफ सफाई पर ध्यान देने के तरीकों के संदर्भ में जानकारी दी।

# विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास की पहली सीढ़ी है : तिर्की

**मांडर।** मांडर स्थित संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय में इंटर हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट के पुरस्कार वितरण समारोह में छात्राओं को संबोधित एवं प्रोत्साहित करते हुए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर मेरी तिर्की ने कहा कि विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास की पहली सीढ़ी है।छात्र अपनी रुचि के अनुसार अपने उज्ज्वल भविष्य में करने वाले कार्य का चयनइसी माध्यम से करते हैं।मेरे विद्यालय परिवार द्वारा शिक्षा के साथ साथ हर तरह की प्रतियोगिताये छात्राओं के लिए आयोजित कर उनकी बहुमुखी प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जाता है।आज शिक्षा के कारण ही महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर समाज एवं देश का नाम रौशन कर रही हैं।मुख्य अतिथि मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने कहा कि शिक्षा के साथ छात्र जीवन में सभी प्रतियोगिताओं का विशेष महत्व है पर स्वास्थ के लिए खेल प्रतियोगिता सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।

### पति ने पत्नी को कूआं में डूबोकर मार डाला

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के कादोजोरा गांव में शनिवार की सुबह करीब नौ बजे पति ने अपनी पत्नी को कूआं में डूबो डूबो कर हत्या कर दिया। मृतका की पहचान करीब 33 वर्षीया महिला नूर फातमा के रूप में हुई है। इस संदर्भ में मृतका की गोतनी शमा खातून के बयान पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही बेड़ो पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। इधर ग्रामीणों व परिजनों ने थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम को बताया कि नूर फातमा शनिवार की सुबह नौ बजे बर्तन धोने के लिए घर के पास कूआं से पानी खींच रही थी। इसी बीच अचानक नूर फातमा का पति अफसर शेख कूआं के पास आर धमकाया साथ ही उसने पीछे से अपनी पत्नी को कूआं में धकेल दिया। इस दौरान कूआं में गिरने के बाद वह बचाओ बचाओ की आवाज निकालकर चिल्लाने लगी।


कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

पत्रांक ....................../ दिनांक ....................../

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल,कोडरमा द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04 वर्ष 2023–24,PR No-305707 Road (23-24)*D के NIT को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| परिमाण विपत्र विक्री की तिथि | दिनांक 04.10.2023 को 2:00 बजे अपराह्न तक। |
| निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 05.10.2023 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 05.10.2023 को 03.30 बजे अपराह्न। |

शेष निविदा की शर्त्ते यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR.NO.307147 Road(23-24):D


# एक दिवसीय जिला स्तरीय मीडिया कार्यशाला का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शनिवार को लीड्स कार्यालय रांची में संस्था लीड्स द्वारा रेस परियोजना के तहत जिला स्तरीय मीडिया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ लीड्स के निदेशक ए.के. सिंह के द्वारा किया गया और लीड्स के कार्यक्षेत्र की जानकारी दी और मीडिया के बंधुओं का स्वागत किया। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए रेस परियोजना सीनियर प्रोग्राम मैनेजर महेंद्र कुमार द्वारा रेस परियोजना की जानकारी और रेस परियोजना के सफलताओं को बताया गया और साथ ही लीड्स संस्था के कार्यों की पूरी जानकारी दी । इस कार्यक्रम में जिला रांची के सभी विख्यात मीडिया के पत्रकार बंधु शामिल हुए जिनमें प्रभात खबर, प्रभात मंत्रा, आज, हिंदुस्थान, दैनिक जागरण, खबर मंत्रा,दैनिक भास्कर, सन्मार्ग, आजाद सिपाही आदि मौजूद थे। संस्था लीड्स की रेस परियोजना के सहयोग से सोलर ऊर्जा से संबंधित रोजगार से जुड़े कुछ उद्यमी पवन राम,सूचित टोप्पो और अनुपमा कच्छप भी उपस्थित थे। उद्यमी पवन राम ने सोलर चाक से बने मिट्टी के बर्तनों और उससे जुड़े अपने रोजगार के विषय में जानकारी दी,खबर मंत्रा के पत्रकार के. वी.बिनोद ने झारखंड में बढ़ रहे कार्बन उत्सर्जन पर जानकारी दी।रेस परियोजना की पूरी टीम सीनियर अकाउंटेंट भवानंद झा,परियोजना समवक शालिनी लकड़ा, प्रखण्ड साम्यवक अजय कच्छप,संचार प्रमुख निशा त्रिपाठी, सीईएस मनीष कुमार, प्रोजेक्ट फेसिलीटर अरुणिमा भगत, सामुदायिक प्रबेक्षक सुशील लकड़ा, धर्मेंद्र टोप्पो, अभिषेक राहुल परधिया और शैलेश मिंज उपस्थित थे।

### बॉलीवॉल में कस्तूरबा गांधी व असरो स्कूल बने उपविजेता

**बेड़ो।** झारखंड शिक्षा परियोजना रांची द्वारा आयोजित खेलो झारखंड 2023 के तहत दो दिवसीय जिला स्तरीय वालीवॉल प्रतियोगिता,अंडर 17 से 19 बालिका की फाइनल मैच में बेड़ो प्रखंड के दो विद्यालय बने उपविजेता। जिनमें क्रमशः 17 बालिका वर्ग में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय असरो व कस्तूरबा गांधी आवासीय उच्च विद्यालय 19 बालिका वर्ग ने उप विजेता बनकर प्रखंड व विद्यालय का नाम रौशन किया है। सी0एम0 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय बरियातू मैदान में खेली गई, अंडर 17 बालिका के फाइनल मैच में जहां बुढ़मू उच्च विद्यालय विजेता बनीं। वहीं असरो स्कूल की टीम उपविजेता रही। वहीं दूसरे मैच 19 बालिका में सी0एम0 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय बरियातू बनाम कस्तूरबा गांधी आवासीय उच्च विद्यालय बेड़ो के बीच खेला गया। जहां बरियातू की टीम विजयी रही।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –17 / 2023–24

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय | :– | 23.09.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय | :– | 25.09.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 25.09.2023 को अपराह्न 3.30 बजे । |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान:– | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यो की विवरणी | :– | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Toilet cum bath room with Improvement of W/S and sanitary fittings, Sewerage work at Quarter No-C-4/5 Audrey House Campus and others its allied works under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 262438.00 | 6000.00 | 750.00 | 01 Month |
| 2. | Improvement of W/S by construction of Independent source 125mmx115mmx120M deep and Installation of 1.5HP submersible motor pump set it's allied works at Qtr. No-D/15 Old Dindayal Nagar Booty Road under D.W.&S. Division Gonda Ranchi. | 321610.00 | 7000.00 | 750.00 | 01 Month |
| 3. | Seepage repair and Renovation of toilet cum bathroom Improvement of W/S and sanitation fittings & sewerage works, JMFC-Cum-Additional Civil Judge (Jr. Division) Ranchi, Fast Track Court Building 2nd floor Main Building Civil Court Jharkhand Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 352063.00 | 8000.00 | 750.00 | 01 Month |
| 4. | Replacement of damaged & choked water supply pipe line, sewerage work its allied works at Old CM House Kanke Road under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 405248.00 | 9000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 5. | Replacement of damaged CP fittings, choked water supply pipe line, sewerage work its allied works at New CM House Kanke Road under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi. | 456036.00 | 10000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 6. | Renovation of toilet, bathroom & improvement of W/S, S/I & Sewerage work at staff quarter No C-22, Ratu Road and staff quarter No. B-1/24, New Police Line, Kanke Road, Ranchi under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi. | 464737.00 | 10000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 7. | Supplying & Installation of 80L Capacity Chill purifier with storage cooler 80SS RO+UV and shade with Platform & Replacement filter Media of 1 No 8000 LPH (30"X72" Ms/FRP Double Vassal) Iron & Turbidity removal filter plant with multiple valve and necessary W/S pipe and its allied work at Judge Colony Kanke Road Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 725267.00 | 15000.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 8. | Supplying and laying U-PVC pipe for water supply at qrt. No. D-01 (Mayer's Road), D-05, D-06 & D-22 (Dindayal Nagar), C-23 (Ratu Road) and Others under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 730845.00 | 15000.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 9. | Construction of 200X165mm dia HYDT with 1.5 HP Submersible motor pump with water supply pipe line arrangement and other allied works at Civil Court's staff Residential Campus, Hatama, Kanke Road Ranchi under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi. | 1289287.00 | 26000.00 | 2500.00 | 15 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 307167 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D


### बना रणक्षेत्र — रांची में रास्ते के विवाद को लेकर खूनी संघर्ष

# आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल, पुलिस हिरासत में कई लोग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित अहीर टोली में रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोगों ने अहीर टोली को रणक्षेत्र में तब्दील कर दिया। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर तलवार और लाठी-डंडे से वार किया गया। इस खूनी संघर्ष में कई लोगों के सिर फूटे तो कई के शरीर के दूसरे हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। इस आपसी मारपीट में कुल 9 लोगों को चोटें आईं हैं। सभी का इलाज अस्पताल में करवाया जा रहा है। मारपीट में कई महिलाएं भी घायल हुईं हैं। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आठ से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। रांची के सिटी डीएसपी दीपक कुमार ने बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर दो गोतिया के बीच कई सालों से विवाद चल रहा है। उसी को लेकर दोनों पक्षों ने आपस में मारपीट की है जिसमें कई लोग घायल हुए हैं। सभी का इलाज अस्पताल में करवाया जा रहा है।पुलिस पहुंची तब शांत हुआ मामलाः दोनों पक्षों में हो रही मारपीट की सूचना किसी स्थानीय ने लालपुर पुलिस को दी। जिसके बाद सिटी डीएसपी दीपक कुमार, लालपुर थाना प्रभारी सहित पुलिस की कई टीम मौके पर पहुंची और मारपीट करने वाले लोगों को मौके से खदेड़ा। साथ ही घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने मौके से 8 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। सिटी डीएसपी दीपक कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। जो लोग भी मारपीट करने में शामिल थे, चाहे वह किसी भी पक्ष के हों, उन्हें जेल भेजा जाएगा। कानून हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है। मारपीट में घायल मनीष कुमार ने बताया कि रास्ते को लेकर विवाद काफी समय से चला रहा है। इसके बावजूद आने-जाने की जगह छोड़ी गई थी। लेकिन उसे भी बंद कर दिया गया था। जब उनका छोटा भाई रास्ते खोलने के लिए वहां गया तो उस पर उनके गोतिया के लोगों ने हमला कर दिया। जिसमें हमारे कई लोग घायल हो गए हैं। वहीं दूसरे पक्ष की सीता देवी ने मनीष कुमार के ऊपर ही मारपीट का आरोप लगाया है। इस मारपीट में महिला समेत कुल नौ लोग घायल हुए हैं।

# हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम की स्कूलों को हर माह करनी होगी समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बच्चों की जीवनशैली में स्वास्थ्य का महत्व बताने के लिए केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के संचालन के लिए सरकारी स्कूलों को अब गंभीर होना होगा। इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् (जेईपीसी) ने जिलों के डीसी व डीडीसी को पत्र लिखकर योजना की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना निदेशक ने पत्र में कहा है कि क्षेत्र भ्रमण में पाया गया कि कई स्कूलों में कार्यक्रम का संचालन सही से नहीं हो रहा। प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इसके लिए मासिक समीक्षा की जाए। जिला स्तर पर डीसी व प्रखंड स्तर पर बीडीओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी को मॉनटिंग करना है।
मालूम हो कि कार्यक्रम के माध्यम से स्कूलों में हर मंगलवार व शनिवार को वेलनेस-डे मनाना है। इसमें बच्चों को विभिन्न विषयों पर गतिविधियां कराई जाती हैं। जेसीईआरटी और सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंच (सी थ्री) के सहयोग से वैसे स्कूल जहां, छठी से ऊपर की पढ़ाई होती है, वहां इसे संचालित किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक स्कूल के दो शिक्षकों को आरोग्य दूत के रूप में प्रशिक्षण दिया गया है। केंद्र ने 11 विषयों को वेलनेस-डे में शामिल किया है। इसमें झारखंड शिक्षा विभाग द्वारा पांच और विषयों को शामिल किया गया है। मूल 11 विषयों में स्वस्थ बढ़ना, भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, अंतर्व्यक्ति संबंध, मूल्य-नागरिकता, लैंगिक समानता, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, मादक पदार्थों के दुरुपयोग के रोकथाम, स्वास्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देना, प्रजनन, स्वास्थ्य एवं एचआईवी की रोकथाम, हिंसा एवं चोटों के खिलाफ सुरक्षा, इंटरनेट और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करना शामिल है।

## श्री श्याम मंदिर में 79वें श्री श्याम भंडारे का किया गया आयोजन

# बाबा श्याम की जय-जयकारों से गुंजायमान रहा मंदिर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शनिवार को श्री श्याम मंदिर में 79वें श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्री श्याम भक्तों की काफी भीड़ देखी गयी। श्रद्धालुओं ने श्री श्याम के भंडारे को लेने के लिए कतारबद्ध देखे गये। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान राजेश, बबीता चौधरी, अजय, रचना चौधरी, रूपेश, अनिता चौधरी ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। चौधरी परीवार ने खाटू नरेश को प्राकृतिक पंखा डोलाकर भोग स्वीकार करने की मनुहार की। भोग लगे अमृतमय प्रसाद को चौधरी परिवार ने वृहद भंडारे में मिलाकर महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्यों को भंडारे का प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है। 79 वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद में वेजिटेबल पुलाव, केसरिया जलेबी, आलू, चना, परवल, लौकी की सब्जी का प्रसाद श्री श्याम मंदिर में ही मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में निर्मित किया गया था। भंडारे के वितरण के समय मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ लगी थी। खाटू नरेश की जय-जयकरों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच राजेश चौधरी परिवार व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। लगभग 3000 से ज्यादा लोगों ने अमृतमय महाप्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, राजेश चौधरी, बबीता चौधरी, अजय, रचना चौधरी, रूपेश, अनिता चौधरी, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, पवन केडिया, पूर्व सांसद अजय मारू, अनिल नारनोली, राजीव रंजन मित्तल, स्नेह पोद्दार, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, अमित सरावगी, वेद भूषण जैन, राहुल मारू, श्याम सुंदर जोशी, कौशल चौधरी, रौनक पोद्दार, संजय सराफ सहित 60 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

**खाटू नरेश का विशेष दिव्य श्रृंगार :** मंगलवार को खाटू नरेश का विशेष दिव्य श्रृंगार एवं मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। श्रृंगार दर्शन आरती प्रातः 8:30 बजे से भक्त कर पाएंगे।
**मंगलवार को 68 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ**
मंगलवार 19/09/2023 को सांय 4:30 बजे से 68 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का विशेष आयोजन किया गया है। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# जेपी नड्डा ने प्रदेश भाजपा के नेताओं से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
छत्तीसगढ़ के अपने एक दिवसीय प्रवास के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची लौटे। रांची लौटने पर उनका स्वागत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सहित निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,सांसद सुनील सिंह, प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू,सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह,कोचे मुंडा, नारायण दास, अपर्णा सेन गुप्ता, शशिभूषण मेहता, राम चंद्र चंद्रवंशी, भानू प्रताप शाही,नीरा यादव, बिरंची नारायण,रणधीर सिंह, जेपी पटेल, राज सिन्हा, मनीष जायसवाल ने किया। नड्डा छत्तीसगढ़ प्रवास के बाद भाया रांची विमान से वापस लौट गए।

## अब बेहतर बारिश होने से भी किसानों को नहीं मिलेगा कोई लाभ

# परती छोड़ दें खेत : रामशंकर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में इन दिनों हो रही अच्छी वर्षा को लेकर रांची के कृषि पदाधिकारी ने इसकी तुलना 'का वर्षा जब कृषि सूखने' वाले मुहावरे से की है। उन्होंने रांची और राज्य के वैसे अन्नदाता किसान जो अभी भी धान की रोपनी कर रहे हैं, उनके लिए जरूरी सलाह भी दी है।
कृषि पदाधिकारी ने क्या कहाः कृषि पदाधिकारी रामशंकर सिंह ने कहा कि राज्य के किसानों से आग्रह किया है कि वर्षा के बावजूद अब वह धान की रोपनी नहीं करें और खेत को 15 दिन या एक महीने के लिए परती छोड़ दें। रामशंकर सिंह ने कहा कि वैसे भी 15 अगस्त के बाद जैसे-जैसे धान की रोपनी में देरी होती है, वैसे-वैसे धान का उत्पादन कम होता जाता है। कृषि पदाधिकारी ने कहा कि अब अगर इस समय धान का बिचड़ा किसान रोपेंगे तो उसका विकास और उसमें फलन होने की संभावना नहीं के बराबर है। उन्होंने कहा कि धान की फसल को विकसित होने के लिए जिस तरह का क्लाइमेट चाहिए होता है, वह नहीं मिलेगा और फलन भी अच्छे से नहीं होगा।
वैकल्पिक रबी की खेती की ओर दें ध्यानः कृषि पदाधिकारी ने कहा कि ऐसे में सुखाड़ की वजह परेशान किसान अब खेती में धान का मोह त्याग कर वैकल्पिक रबी की खेती पर ध्यान दें। उन्होंने वर्षा के बावजूद खेत को परती छोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिस इलाके में वर्षा बेहद कम हुई है, वहां के किसानों को बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत जल्द ही चना, सरसों, मोटे अनाज के बीज निशुल्क बांटने का काम शुरू होगा।राज्य में क्या है खरीफ फसल की स्थितिः झारखंड में इस वर्ष 28 लाख 27 हजार 460 हेक्टेयर में खरीफ फसल लगाने का लक्ष्य था। जिसमें से अब तक 17 लाख 27 हजार 101 हेक्टेयर में आच्छादन हुआ है। राज्य की सबसे प्रमुख फसल धान की खेती का लक्ष्य 18 लाख हेक्टेयर की जगह सिर्फ 11 लाख 17 हजार 61 हेक्टेयर में रोपनी हुई है। राज्य के पलामू (10।33%), कोडरमा (12।61%), गढ़वा (29।18%), चतरा (16।35%), धनबाद (15।8%), जामताड़ा (30%), रांची (47%) धान की रोपनी ही हुई है। राज्य में सामान्य से 33% कम वर्षा हुई है। रांची मौसम विभाग के अनुसार 15 सितंबर तक राज्य में 920।8 मिलीमीटर की जगह 614 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड हुई है, जो सामान्य से 33% कम है। राज्य के चार जिले पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा, साहिबगंज और सिमडेगा ऐसे चार जिले हैं, जहां सामान्य वर्षा हुई है। जबकि 20 जिलों में सामान्य से कम वर्षा रिकॉर्ड किया गया है। सबसे खराब स्थिति चतरा जिले की है।

## विश्वकर्मा पूजा 17 को बन रहे चार शुभ संयोग

**रांची।** राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में विश्वकर्मा पूजा रविवार को मनाया जाएगा। भगवान विश्वकर्मा का जन्म भाद्रपद माह की कन्या संक्रांति को हुआ था और तब से हर साल कन्या संक्रांति के दिन विश्वकर्मा पूजा की जाती है। इस दिन भगवान विश्वकर्मा के साथ लोग अपने ऑफिस, कारखानों, दुकानों की मशीनों, औजारों और वाहनों की पूजा करते हैं। पंडित मनोज पांडेय ने शनिवार को बताया कि 17 सितम्बर को विश्वकर्मा पूजा पर इस बार चार शुभ योग का निर्माण हो रहा है। पंचांग के अनुसार, इस साल विश्वकर्मा पूजा के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग, द्विपुष्कर योग और ब्रह्म योग का निर्माण हो रहा है। वहीं दूसरी और कई कर- कारखाने में विश्वकर्मा पूजा को लेकर पंडाल का भी निर्माण किया गया है, वहां भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की भी स्थापना की जाएगी। विश्कर्मा पूजा को लेकर लोगों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# एचईसी कर्मियों के वेतन मामले को लेकर राजद चलायेगा जन जागरण अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची जिला राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने कहा है कि अगर कर्मचारियों का वेतन एवं एचईसी को रिवाइवल पैकेज शीघ्र नहीं भुगतान किया गया तो एचईसी क्षेत्र में व्यापक जन जागरण अभियान चला कर स्थानीय सांसद के इस क्षेत्र के कार्यक्रम का विरोध किया जाएगा, क्योंकि सांसद ने पिछले दो वर्षों से कर्मचारियों को गुमराह किया है केंद्र सरकार द्वारा 48 सार्वजनिक संस्थाओं को बीमार उद्योग घोषित किया गया है इसमें एचईसी को भी डाला गया है और एक साजिश के तहत केंद्र सरकार इस कारखाने को बंद करना चाहती है केंद्र सरकार 800 एकड़ जमीन स्मार्ट सिटी को दे दिया अपने आवश्यकता के अनुसार लगातार एचईसी के जमीन को बेच रही है मगर एचईसी के चलने के लिए कार्यशील पूंजी के लिए जमीन बेचने से रोक लगा दिया है एचईसी की बैंक गारंटी को भी रोक दिया गया है कर्मचारियों का वेतन पिछले 18 महीना से रोक दिया गया है जिससे कर्मचारी आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं मजदूर संगठन एवं इंडिया गठबंधन के लोग इस आंदोलन को एचईसी क्षेत्र से निकल कर राज भवन ले जाने का काम किया है अब दिनांक 21 सितंबर 2023 को दिल्ली के जंतर मंतर पर संसद की विशेष सत्र के दौरान इंडिया गठबंधन एवं मजदूर संगठन द्वारा धरना दिया जाएगा इस तरह से इस आंदोलन को देशव्यापी बनाया जाएगा और किसी भी स्थिति में एचईसी को बंद नहीं होने दिया जाएगा

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा-

# कांग्रेस का आईटी सेल चीन से ऑपरेट हो रहा है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी को निशाने पर लिया है। उन्होंने शनिवार को ट्विटर के जरिये खासकर राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कांग्रेस पार्टी का आईटी सेल चीन से ऑपरेट हो रहा है। ये चौंकाने वाला खुलासा है। इसकी जांच होनी चाहिये। इसका लोकेशन सियाचुआन, चीन और डोमेन नाम कांग्रेस दिखा रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते बाबूलाल ने राहुल से कई सवाल भी पूछे हैं। इस वीडियो में दिख रहा है कि राहुल भारतीय जवानों के साथ बैठे हैं और कुछ बातें कह रहे हैं। बाबूलाल के मुताबिक कांग्रेस पार्टी के युवराज राहुल गांधी हर भारतीयों के लिए गर्व के प्रतीक हमारी सेना में फूट डालना चाहते हैं? आखिर वे किसके इशारे पर जवानों को ऑफिसर्स के खिलाफ भड़काने की कोशिश कर रहे हैं? खासकर भाजपा इसे एक बड़ा मुद्दा बना सकती है। वैसे भी पार्टी चीन के साथ कांग्रेस और राहुल गांधी के रवैये को लेकर सवाल उठाती आयी है। चीन के स्तर से हाल के दिनों में जारी एक नक्शे में भारत के कुछ हिस्सों को भी शामिल दिखाया गया है, जिसे लेकर देश-दुनिया में गहमा-गहमी है।

### बाबूलाल मरांडी ने विस्तारकों को बाइक देकर किया विदा

प्रदेश कार्यालय में शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विस्तारकों को बाइक देकर विदा किया। मौके पर बाबूलाल ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से प्रदेश भाजपा ने सांगठनिक कार्यों के लिए विधानसभा क्षेत्रों में समर्पित विस्तारक कार्यकर्ता लगाए हैं।इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, कार्यालय मंत्री हेमंत दास भी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय चैंपियन बनकर लौटी झारखंड फुटबॉल टीम का जोरदार स्वागत

**रांची।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के तत्वावधान में अमृतसर में खेले गए सब जूनियर राष्ट्रीय बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप में पश्चिम बंगाल को 7-1 से पराजित कर झारखंड टीम चैंपियन बनने के बाद शनिवार को रांची लौटी। रांची रेलवे स्टेशन में खेल विभाग द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद खेल निदेशालय में खेल निदेशक सुशांत गौरव ने सभी विजेता खिलाड़ियों को एक-एक फुटबॉल देकर एवं फूल का माला पहनकर एवं प्रशिक्षक एवं मैनेजर को बुके देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। निदेशक ने कहा कि राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को और भी अच्छे से अच्छे प्रदर्शन करने के लिए जो भी सुविधा की आवश्यकता होगी, उसे खेल विभाग पूरा करेगा। इस मौके पर खेल उपनिदेशक राज किशोर खाखा, जिला खेल पदाधिकारी रांची शुवेंद्र सिंह समेत खेल विभाग के विकास पाठक, विशेष शाखा पदाधिकारी, झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन सेक्रेटरी रब्बानी समेत जिला खेल कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# प्रदेश भाजपा पीएम मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाएगी सेवा पखवाड़ा : प्रदीप



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ. प्रदीप वर्मा ने बताया कि प्रदेश भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2अक्टूबर को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को 11 बजे पूर्वाह्न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश के करोड़ों कामगारों केलिए विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ करने जा रहे। इस अवसर पर रांची के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित एक चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन 10बजे पूर्वाह्न प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एवम संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह करेंगे। सभी जिलों में भी चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 11 बजे पूर्वाह्न प्रदेश कार्यालय के सभागार में पार्टी के कार्यकर्ता ,पदाधिकारी विश्वकर्मा योजना शुभारंभ समारोह में ऑनलाइन जुड़कर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनेंगे। सभी जिलों के कार्यकर्ता भी अपने जिलों में इस कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़ेंगे। वर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा योजना आत्मनिर्भर भारत को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक योजना होगी जिसमे लोहार,कुंभकार,स्वर्णकार, बुनकर ,हस्तशिल्प, जैसे पारंपरिक पेशे से जुड़े कामगारों के हुनर को बढ़ावा देते हुए उन्हें विश्व बाजार से भारत सरकार जोड़ेगी। उन्हे आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा युवा मोर्चा के द्वारा विभिन्न जिलों में 17,18,19एवम 20सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। बताया कि अस्पतालों में मरीजों के बीच फलों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान, निःशुल्क चिकित्सा शिविर, अंगदान का संकल्प, डिजिटल रूप से छूटे हुए लोगों केलिए आयुष्मान कार्ड का निर्माण जैसे कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

## लिव इन में रह रही युवती ने किया सुसाइड

# पुलिस प्रेमी को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी के पुंदाग ओपी क्षेत्र में युवती ने अपने ही कमरे में विगत शुक्रवार को आत्महत्या कर ली। युवती रांची के ही कडरू स्थित एक फाइनेंस कंपनी में काम करती थी। वह पुंदाग में एक युवक के साथ लिव इन में रहती थी। पुलिस ने युवती के लिव इन पार्टनर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। क्या है पूरा मामलाः पुंदाग ओपी क्षेत्र के एकलव्य टावर में रहने वाली सना नाम की एक युवती ने अपने ही फ्लैट के कमरे में सुसाइड कर लिया। सना एकलव्य टावर के ए ब्लॉक के फ्लैट नम्बर 302 में राजीव नाम के एक युवक के साथ लिव इन में रह रही थी। सना को राजीव के द्वारा आनन फानन में अस्पताल भी ले जाया गया लेकिन डाक्टरों ने लड़की को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एहतियातन राजीव गुप्ता को हिरासत में ले लिया है। सना के परिजनों को मामले की जानकारी दी गई है। उनके आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। विवाद में बाद समाप्त कर ली इहलीलाः पुंदाग ओपी को दिए अपने बयान में सना के लिव-इन पार्टनर राजीव गुप्ता ने यह बताया है कि रात के समय सना और उसका कुछ मामले को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद ही सना ने अपने कमरे में जाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। इसके बाद उसने बड़ी मुश्किल से सना को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सना और राजीव दोनों ही झारखंड के जमशेदपुर के रहने वाले हैं। दोनों रांची के कडरू स्थित एलएनटी फाइनेंस कंपनी में काम करते थे और एकलव्य टावर में एक फ्लैट लेकर लिव इन में रह रहे थे। पुंदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टिया मामला आत्महत्या का ही लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के बाद इसमें आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सुतियाम्बेगढ़ ईंद मेला का आयोजन 26 को

**कांके।** पिठोरिया के सुतियाम्बेगढ़ ईंद मेला 26 सितंबर को लगेगा। इसके लिए मेला समिति के संरक्षक बाबूलाल महली की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें 12 पड़हा, 22 पड़हा और झीका पड़हा के लोग शामिल हुए। मेला के आयोजन समिति का कार्यकाल पूरा होने पर इसका पुनर्गठन किया गया। इसके तहत लगातार तीसरी बार रंजीत टोप्पो को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष सोहराई टोप्पो, उपाध्यक्ष फ्रांसिस लिंडा, योगेन्द्र उरांव, तीर्थनाथ पाहन, मतियस उरांव, संदीप मुंडा, रमेश मुंडा, बलराम मुंडा, रजनीचंद्र पाहन, ग्रामप्रधान छोटन मुंडा, महासचिव प्रो भादी प्रकाश उरांव, सचिव सूरज मुंडा, बलेश्वर उरांव, सुरेश उरांव, अभिषेक मुंडा, रंजन पाहन, आनंद मुंडा, कोषाध्यक्ष रामू उरांव, उपकोषाध्यक्ष सोमा उरांव, संरक्षक पेपला पाहन, साधुलाल मुंडा, जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, लाखो उरांव, बाबूलाल महली, शिव शंकर मुंडा, रतन पाहन चुने गए।

# लायंस क्लब ने संत माइकल ब्लाइंड स्कूल में किया अन्नदान




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने शनिवार को बहुबाजार स्थित संत माइकल ब्लाइंड स्कूल में अन्नदान किया। इसके तहत 24 किलो चावल, 20 किलो आटा, 20 किलो आलू, चार किलो चीनी, चार किलो दाल के अलावा सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को फल भी वितरित किया गया। यह जानकारी लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के पीआरओ आशुतोष द्विवेदी ने दी। लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के अध्यक्ष नरेश कुमार ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। हम सबको मानव सेवा के लिए बढ़-चढ़ कर आगे आना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के सचिव विजया केडिया, कोषाध्यक्ष नीरज कांत शाहा, गुलशन वाधवा, गिन्नी वाधवा, सुनील केडिया, रतन अग्रवाल और दिवाकर रजगढ़िया सहित कई लायंस सदस्य उपस्थित थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

### बाइक से गिरकर युवक की मौत, साथी गंभीर

**चाईबासा।** चाईबासा-चक्रधरपुर के चौड़ीकरण का कार्य तेजी स्तर पर चल रहा है. लेकिन इसमें भारी लापरवाही देखी जा रही है. सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाली गिट्टी को सड़क के बीचोबीच गिरा दिया गया है. जिसके कारण राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है. शुक्रवार को ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है. सोनुआ के मारंगसाई का रहने वाला अमन गोप अपने एक साथी के साथ बाइक से चाईबासा आ रहा था. सुबह 11 बजे के करीब अमन गोप की बाइक खुंटपानी के जोड़ा पेड़ के पास सड़क पर गिरे गिट्टी के कारण स्किट कर गई. इस दुर्घटना में सिर पर चोट लगने की वजह से अमन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया. स्थानीय लोग व राहगीरों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल चाईबासा लाया गया. जहां जांच उपरांत डॉक्टर ने अमन गोप को मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और कागजी कार्रवाई पूरी करने व शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया.

### बोकारो रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

**बोकारो।** बोकारो रेलवे स्टेशन पर 16 सितंबर को स्वच्छता पखवाड़ा शुरू हुआ. रेलवे कर्मचारियों ने सुबह में प्रभातफेरी निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया. प्रभातफेरी में आरपीएफ जवान, स्काउट एंड गाइड, रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारी शरीक हुए. एआरएम आयुष कुमार ने कर्मियों व रेल यात्रियों से अभियान में सहयोग करने की अपील की, ताकि स्टेशन सुंदर और स्वच्छ दिखे. पखवाड़ा के दौरान रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा बनाने के लिए 15 दिनों तक अभियान चलाया जाएगा. मौके पर डीएमई मुकेश कुमार, एके सिंह, एएससी एसआर मंडी, स्टेशन प्रबंधक एके हलधर, आरपीएफ के ओसी आरके साव सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मी मौजूद थे.

### बोकारो में योग क्रीड़ा प्रतियोगिता 30 को

**बोकारो।** योग को बोकारो जिले में सर्वसुलभ बनाने के उद्देश्य से बोकारो डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन जिलास्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन करने जा रहा है. यह जिलास्तरीय चैंपियनशिप आगामी 30 सितंबर को सेक्टर- 4 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में होगी. इसको लेकर डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार की अध्यक्षता में बैठक हुई. बताया गया कि इस प्रतियोगिता में बालक-बालिका व महिला-पुरुष वर्ग के लिए छह समूहों में चैम्पियनशिप आयोजित की जाएगी. बैठक का संचालन एसोसिएशन के सचिव ब्रजेश कुमार सिंह ने किया, जबकि मौके पर अंजनी भूषण, हरिहर पांडेय, राजन सिंह, निभा कुमारी, नितिशा, अनुनेहा, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे.

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया जलापूर्ति योजना के नए फिल्टर प्लांट का शिलान्यास

# 'कॉलोनी को जल्द मिलेगा शुद्ध जल'



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना के नए फिल्टर प्लांट का शिलान्यास शनिवार को बिष्टुपुर स्थित पुराने फिल्टर प्लांट परिसर में हुआ. स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद विद्युत वरण महतो और विधायक संजीव सरदार ने संयुक्त रूप से इसका शिलान्यास किया. उल्लेखनीय है कि कोर्ट के आदेश पर फिल्टर प्लांट का काम पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के निर्देश पर एक सप्ताह पूर्व ठेकेदार द्वारा शुरू कर दिया गया है. लगभग 1.88 करोड़ की लागत से इस नए फिल्टर प्लांट का निर्माण किया जाएगा. जिससे बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के 1140 घरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा. वर्तमान में कॉलोनी में जो पानी सप्लाई हो रही है वह पीने योग्य नहीं है. वहीं बार-बार मोटर जलने के कारण नियमित रूप से पानी की सप्लाई नहीं भी हो रही है. इसको लेकर कई बार आंदोलन किया गया. इस संबंध में रांची हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका भी दायर की गई थी. तब विभाग द्वारा नए फिल्टर प्लांट के निर्माण के लिए 1.88 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया. मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि बागबेड़ा कॉलोनी के लोगों को पीने का स्वच्छ पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. कई बार इसकी शिकायत की गई थी. इसी को लेकर आज इस प्लांट का शिलान्यास किया गया. नए फिल्टर प्लांट से कॉलोनी के लोगों को जल्द ही शुद्ध पेयजल मिलेगा. मौके पर मौजूद सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि इस फिल्टर प्लांट की आवश्यकता काफी लंबे समय से लोगों को थी. इसके निर्माण पूरा होते ही कॉलोनी वासियों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगा.

## चोरी की गाड़ियों से करते थे छिनतई पुलिस ने किया चार लोगों को गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर में इन दिनों छिनतई की घटना बढ़ती ही जा रही थी. हालांकि जिला पुलिस ऐसे मामलों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है. इसी क्रम में छिनतई करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में बिरसानगर जोन नंबर 6 निवासी ऋषि दलाई और गौरव मुखी शामिल है. आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने एक चोरी की स्कूटी और एक मोबाइल बरामद किया है. जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि शनिवार को जुबली पार्क के पास से गिरफ्तार दोनों बदमाशों ने एक स्कूटी की चोरी कर ली थी. स्कूटी चोरी करने के बाद दोनों ने सिदगोड़ा में एक महिला से मोबाइल की चोरी की थी. घटना के पांच घंटे बाद ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया. इधर, बागबेड़ा पुलिस ने बागबेड़ा में महिलाओं से चेन छिनतई करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में दुबराज किस्कू और सुखलाल मुंडा शामिल है. पुलिस ने दोनों के पास से छीना हुआ दो चेन और दो जिंदा कारतूस बरामद किया है. ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि बीते दिनों बागबेड़ा में महिलाओं से चेन छिनतई की घटना हुई थी. इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, जिसे पुलिस ने शुक्रवार को ही जेल भेज दिया. पूछताछ में उसने बताया कि घटना में दुबराज भी शामिल था. छिनतई करने के बाद उसने सुखलाल को चेन बेच दिया था. एसपी ने बताया कि आरोपियों को रिमांड पर लेकर अन्य जानकारी हासिल की जाएगी.

## सिकरी में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू, चला बुलडोजर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत मौजा सिकरी में एनटीपीसी की ओर से टाउनशिप एवं एमडीओ कॉलोनी निर्माण करने के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. इसके लिए अधिसूचना जारी की गई थी. जमीन अधिग्रहण के लिए जैसे ही बुलडोजर चलाया गया, सिकरी के भू-रैयतों ने विरोध करना शुरू कर दिया. रैयतों का कहना है कि भूमि पर फसल उत्पादन होता है. आज तक किसानों को भूमि का मुआवजा नहीं मिला है. इससे पहले भी लगभग 193 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई है, जिसमें 129.33 एकड़ में एनटीपीसी का टाउनशिप गया है. शेष जमीन लगभग 63.67 एकड़ में एनटीपीसी के अधीनस्थ त्रिवेणी सैनिक कोल माइंस लिमिटेड को एमडीओ कॉलोनी निर्माण के लिए मुहैया कराया गया था. रैयतों द्वारा निर्माण कार्य का विरोध किए जाने पर कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस बल तैनात कर स्थल पर काम शुरू कर दिया. इससे क्षुब्ध सिकरी के ग्रामीणों ने कंपनी के विरोध में उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है.

## हर गुरुवार अपूर्ण आवास वालों के साथ मनाएं लाभुक दिवस : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** प्रखंड स्तर पर चलो करें आवास पूरा अभियान की शुरूआत 16 सितंबर को बीडीओ महेंद्र रविदास ने प्रखंड सभागार से की. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ललिता देवी ने की. 10 अक्तूबर तक यह अभियान चलाकर सभी पंचायतों में अधूरे आवासों को पूर्ण करवाया जाएगा. मौके पर बीडीओ ने सभी मुखिया व पंचायत सचिव को निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर अपूर्ण आवास के लाभुकों के साथ प्रत्येक बृहस्पतिवार को लाभुक दिवस मनाएं. कहा कि प्रतिदिन प्रगति प्रतिवेदन जिला को अवश्य भेजें. मौके पर बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी. कहा कि अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने के लिए जनप्रतिनिधि आगे आएं, तभी आवास तय समय में बन सकेगा. मौके पर उपप्रमुख नेहा कुमारी, मनरेगा बीपीओ भिखदेव पासवान, बिनोद राय, सतीश चौधरी, पप्पू कुमार राय, कंहाय राम, अमित कुमार, गुरुसहाय रविदास, ऐसा प्रवीण, रूपाश्री सिंह, मुन्नी कुमारी, रजिया खातून, दिनेश्वर यादव, मकसूद आलम आदि उपस्थित थे.

### करीम सिटी कॉलेज में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## 'स्वास्थ्य मानव जीवन का सबसे अनमोल रत्न : डॉ. तमाल देब



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज द्वारा अपने शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए शनिवार को स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. रोटरैक्ट क्लब के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ तमाल देब (फिजिशियन मर्सी हॉस्पिटल, जमशेदपुर) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ एस राजी (वाइस चांसलर अल्का जैन विश्वविद्यालय) डॉ अनूप गुप्ता (ऑर्थोपेडिक सर्जन) मदन बिहार उपस्थित थे. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने कहा कि स्वास्थ्य मानव जीवन का सबसे अनमोल रत्न है. यदि शरीर स्वस्थ है तो जीवन सुखी है और यदि शरीर स्वस्थ नहीं है तो ऐसा लगता है कि जीवन सफल नहीं हुआ. बड़ा एहसान वैज्ञानिकों और चिकित्सकों का है जो हमारे स्वास्थ्य के लिए रात दिन सोचते और मेहनत करते हैं. वहीं मुख्य वक्ता डॉ तमाल देब ने टीबी जैसी खतरनाक बीमारी के कारणों, लक्षणों तथा उसे सुरक्षित रहने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने कहा कि टीबी लाइलाज नहीं है फिर भी दुनिया में एचआईवी से भी अधिक मृत्यु इसी के कारण होती है. यह बीमारी एक आदमी से दूसरे आदमी में सांसों के संपर्क से फैलती है. इसके जीवाणु रोशनी और ताजा हवा में जीवित नहीं रहते. दुर्भाग्य वश अगर कोई आदमी इस बीमारी का शिकार हो भी जाता है तो चिंता की कोई बात नहीं. इसका मुकम्मल इलाज मौजूद है. कार्यक्रम का संचालन रोटरैक्ट क्लब के मॉडरेटर डॉ उधम सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ बसूधरा राय ने किया.

### चाकुलिया में पुलिस ने की छापामारी

**जमशेदपुर।** चाकुलिया नगर पंचायत कार्यालय से सटी सबर बस्ती में शनिवार की सुबह पुलिस ने छापामारी की. पुलिस को सूचना मिली थी कि सबर बस्ती में कुछ लोग चोरी का लैपटॉप और मोबाइल लेकर आए हैं. उसे बाजार में बेचने का प्रयास कर रहे हैं. इसी सूचना के आधार पर एसआई हीरालाल कुमार और एएसआई पीतांबर मंडल पुलिस बल के साथ पहुंचे. उन्होंने बस्ती के कई लोगों से पूछताछ की, परंतु कोई भी सामान बरामद नहीं हो सका. जिस व्यक्ति की तलाश में पुलिस आई थी, वह भी नहीं मिला. पुलिस ने कड़ी हिदायत दी कि चोरी का सामान बस्ती में नहीं आने दें. पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

### नोवामुंडी में बच्चे को लगाया गया टीका

**चाईबासा।** गुवा बाजार स्थित एसबीआई बैंक के समीप बड़ाजामदा स्वास्थ केंद्र एवं एचसीएस गुवा द्वारा शनिवार को 0 से 5 साल के बच्चों को टीका लगाया गया. इस दौरान 0 से 5 साल तक के बच्चों को ओपीभी 0, एचईपी बी, बीसीजी, डीपीटी बूस्टर 1, विटामिन ए 2, एमआर 2,जेई 2,ओपीभी बूस्टर का टीका लगाया गया. साथ ही शिविर में लोगों को जागरूक किया गया. लोगों को बताया गया कि बच्चों को लगने वाली टीका एवं गर्भवती महिलाओं को लगने वाली टीका के बारे में विशेष जानकारी आंगनबाड़ी केंद्रों से भी प्राप्त की जा सकती है. अपने-अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर बच्चों को टीका लगवाया जा सकता है. इस मौके पर एएनएम मरीना अन्ना लकड़ा, एएनएम रंजीता नायक, साहिया साथी अनीता पूर्ति सहित अन्य मौजूद थे.

### चाईबासा सदर अस्पताल में बच्चे की मौत

**चाईबासा।** मंझारी प्रखंड अतंर्गत लमझारी के राहुल बिरूवा (5) की मौत शुक्रवार रात को सदर अस्पताल चाईबासा में डॉक्टरों की लापरवाही की वजह से हो गई. परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है. परिजनों का कहना है कि राहुल की मौत चिकित्सक की लापरवाही के कारण हुआ है. परिजनों (मृतक की मां बासमंती बिरूवा) ने सिविल सर्जन को पत्र लिखकर पुत्र के मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है. वहीं मंझारी जिला परिषद सदस्य माधव चंद्र कुंकल ने उपायुक्त को पत्र लिखकर ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले चिकित्सक पर कार्रवाई तथा परिजनों को मुआवजा राशि देने की मांग की है. मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को राहुल (मृतक) का अचानक तबीयत बिगड़ने लगी. तबीयत बिगड़ने से परिजनों ने राहुल को मंझारी के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया. जहां उनकी तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई. परिजनों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सदर अस्पताल लाया. जहां समय पर चिकित्सा नहीं मिलने से राहुल स्ट्रेचर पर ही दम तोड़ दिया.

### धनबाद रेलवे में स्वच्छता पखवाड़ा पर प्रभात फेरी

**धनबाद।** शनिवार 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा दिवस के पहले दिन हिल कालोनी स्थित रेलवे स्काउट गाइड से युवक-युवतियों के साथ रेलवे अधिकारियों ने प्रभात फेरी निकाली. प्रभात फेरी हिल कॉलोनी, रेलवे अस्पताल, रनिंग रूम, एसआरपी कार्यालय के रास्ते धनबाद रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर पहुंची. वहां धनबाद रेल मंडल के डीआरएम केके सिन्हा ने रेल अधिकारियों व कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई. उसके बाद धनबाद स्टेशन के प्रवेश द्वार के सामने जागरुकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक किया गया. रेलवे सूत्रों के अनुसार रविवार 17 सितंबर को स्वच्छ संवाद दिवस के दिन स्टेशनों पर सफाई होगी. फिर सेमिनार का आयोजन होगा व यात्रियों से फीडबैक लिया जाएगा. 18 व 19 सितंबर को स्वच्छ स्टेशन दिवस पर यात्रियों को सफाई को लेकर जागरूक किया जाएगा.

### गिरिडीह में घर व दुकान में की लाखों की चोरी

**गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के खरसान पंचायत में 15 सितंबर की देररात एक घर व दुकान से अनोखी चोरी हुई है. दरअसल अपराधियों ने चोरी के पहले ग्यारह हजार वोल्ट वाले तार में साड़ी बांधकर शार्ट सर्किट करा दिया था. इससे जब कर बिजली गुल हो गई तो अपराधियों ने नारायण रविदास की दुकान से गैस सिलेंडर, तावा, कढ़ाई समेत हजारों रुपये के सामानों चोरी कर लिया. इसके साथ ही अपराधियों ने यमुना रविदास के घर से 13 हजार नकद, जेवर, कपड़े समेत लाखों रुपये के सामानों की भी चोरी कर ली. भुक्तभोगी ने बताया कि घर में परिवार के सभी लोग बगल वाले रूम में सोए थे, सुबह नींद खुली तो देखा कि घर में रखे सभी सामान चोरी हो गए हैं. इसके बाद भुक्तभोगी ने गावां थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. इधर, गांव की कुछ दूरी पर यमुना रविदास के घर से चोरी गए कुछ सामान व कागजात फेका हुआ मिला है. आशंका है कि अपराधियों ने इसी सुनसान स्थान में चोरी के सामानों का बंटवारा किया होगा. घटना की सूचना पर थाना प्रभारी सनी सुप्रभात घटना स्थल पर पहुँचकर जांच पड़ताल में जुट गए हैं.

### बोकारो सेक्टर-4 में मनेगा गणेश पूजनोत्सव

**बोकारो।** सेक्टर-4 मजदूर मैदान में धूमधाम से गणेश महोत्सव की तैयारी चल रही है. इस बार दिल्ली के अक्षत धाम मंदिर के प्रारूप में पूजा पंडाल बनाया जा रहा है. यहां 16 फीट ऊंची प्रतिमा भी आकर्षण का केंद्र रहेगी. इसकी जानकारी देते हुए हनुमान दल पूजा समिति के अध्यक्ष किशन कुमार ने बताया कि भव्य 16 फीट प्रतिमा बनाने में कोलकत्ता के कलाकार जुटे हैं. यहां मेले में मीना बाजार, झूला व बच्चों के लिए थ्री डी शो का भी आयोजित होगा. पहले दिन सुबह 9 बजे पूजन, संध्या 6 बजे महाआरती होगी साथ में हर दिन 551 किलो महाभोग का वितरण होगा.

### चाकुलिया प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**जमशेदपुर।** चाकुलिया प्रखंड के केदारनाथ झुनझुनवाला उच्च विद्यालय मैदान में 17 सितंबर से एएस स्पोर्ट्स के तत्वावधान में चाकुलिया प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. प्रतियोगिता की तैयारियां जोरों पर है. टूर्नामेंट में कुल सात टीमें पैंथर्स, टाइगर, लोधा लायंस, द ब्लड, बुल्स, मोबीजोन बहरागोड़ा और गजराज भाग लेंगी. पैंथर टीम के मालिक बिमलेंदु प्रसाद और कप्तान आनंद सिंह, बुल्स टीम के मालिक रामजीत बास्के और कप्तान साइमन कुमार, टाइगर टीम के मालिक आलोक लोधा और कप्तान अंगद सिंह, मोबी जोन टीम के मालिक और कप्तान उत्पल सीट, गजराज टीम के मालिक राजेश सिंह और कप्तान रोहित महतो, लोधा लायंस टीम के मालिक संजय लोधा और कप्तान सौरभ गांगुली और द ब्लड टीम के मालिक राज मिश्रा और कप्तान बंटी दास हैं.

**प्रशिक्षण**

## डीपीएस में दो दिवसीय प्राचार्य एवं शिक्षक प्रशिक्षण सत्र का समापन

# सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक होना चाहिए : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य के 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों के प्राचार्यों व प्रति विद्यालय एक शिक्षक के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन एवं ट्रेनिंग कार्यशाला का दूसरा दिन एवं इस प्रशिक्षण सत्र का समापन समारोह आज दिनांक 16 सितम्बर 2023 को किया गया। इस प्रशिक्षण का आयोजन डॉ एस राधाकृष्णन सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स, राँची और झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् (जे.ई.पी.सी) के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। समापन समारोह में वन्दना दादेल (आईएएस), प्रिंसिपल सेक्रेटरी टू चीफ मिनिस्टर, झारखंड सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। इस समारोह में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् की राज्य परियोजना निदेशक, किरण कुमारी पासी मुख्य अतिथि रही एवं प्रशासी पदाधिकारी जयंत कुमार मिश्रा की गरिमामय उपस्थिति भी रही। कार्यशाला की दूसरे दिन की शुरूआत, डॉ राम सिंह, प्राचार्य, डीपीएस राँची एवं अध्यक्ष, डॉ एस राधाकृष्णन सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स, राँची के संबोधन से प्रारंभ हुआ। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ₹ हर शिक्षक का अधिकार आने वाली पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उन्हें बौद्धिक तथा सामाजिक रूप से मजबूत बनाना होता है। एक विकसित राज्य की परिकल्पना शिक्षित राज्य से ही पूरी होती है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से लोकतांत्रिक नागरिकता की भावना का विकास, नेतृत्व करने की गुणों का विकास, समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना का बढ़ना आदि संभव है क्यों कि शिक्षा तब तक अधूरी तथा गुणवत्ता से परे मानी जाती है जब तक नागरिकों में किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक व सामाजिक ज्ञान न हो। इसके बाद प्रशिक्षण सत्र में शामिल सभी प्रतिभागियों को डीपीएस विद्यालय की विभिन्न कार्यनीतियों एवं गतिविधियों से भी अवगत कराया गया एवं उन्हें विद्यालय के परिवेश से रूबरू कराया गया, जिसमे सभी प्रतिभागियों को विद्यालय के कक्षाओं, विभिन्न विषयों से संबंधित लैब, लाइब्रेरी आदि शामिल थे। कार्यशाला के दूसरे दिन पहला सत्र, रवि प्रकाश तिवारी, प्राचार्य, डीएवी नंदराज स्कूल के द्वारा लिया गया एवं उन्होंने 'डेवलपिंग कम्पेटेन्सीज' विषय पर अपने विचारो को प्रकट किया। उन्होंने कहा हर प्राचार्य से अपेक्षा की जाती है कि वे छात्रों को सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करने की दिशा में संस्थान का नेतृत्व करेंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप सभी कार्यों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर सकें, इसके लिए आपके पास कुछ कौशल होने की आवश्यकता है। एक शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख के रूप में, प्राचार्यो में नेतृत्व के गुण होने चाहिए। कर्मचारियों, संकाय सदस्यों और छात्रों को आपका सम्मान करना चाहिए और आपको आगे बढ़कर नेतृत्व करने में सक्षम होना चाहिए। आपको सॉफ्टवेयर और तकनीकी उपकरणों को संभालने में निपुण होना चाहिए। अपने शैक्षणिक संस्थान में नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए, आपको नवीनतम तकनीक का उपयोग करने और विकास के साथ अद्यतन रहने के लिए तैयार रहना चाहिए। इसके बाद नीता पांडे, प्राचार्य, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल ने पेडागोजिकल प्लानिंग विषय पर प्रतिभगियों को संबोधित किया, जिसमे उन्होंने विद्यालय के वार्षिक योजन के बारे में महत्त्वपूर्ण सूचनाओं को साझा किया। उन्होंने कहा विद्यालय समाज का वह केंद्र बिंदु है जहा भावी पीढ़ी में कौशल विकास सुनिश्चित किया जाता है एवम योजना निर्माण का उदेश्य है कि लक्ष्य निर्धारित समय में प्राप्त किये जा सके। विद्यालय योजना उपलब्ध क्षमता, संसाधन, व आवश्यकता के आधार पर जरुरी होता है एवं इसमें योजना निर्माण हेतु अध्यापको, अभिभावको, विद्यार्थियों व समुदाय का सहयोग भी आवश्यक है।



### महिला मंडल का वार्षिक आम सभा का आयोजन

# देश के विकास में महिलाओं की अहम भूमिका: विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** आजीविका महिला मंडल की ओर से खोड़ाहर पंचायत भवन में आम सभा आयोजित कर वित्तीय वर्ष 2022-23 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया. कार्यक्र का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला सहित विशिष्ट सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, प्रमुख मनोज कुमार रजक, जिप सदस्या मंजू देवी, कांग्रेस बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, स्थानीय मुखिया अनिता देवी, उपमुखिया रोहित यादव आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. जिसकी अध्यक्षता सखी मंडल से प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार ने किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से खोड़ाहर, करसो, गोरियाकरमा, केदारूत व बरही पश्चिमी पंचायत की सखी मंडल की सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी. विधायक ने सखी मंडल की दीदी को प्रेरित करते हुए कहा कि समाज, प्रखंड, जिला, राज्य और देश के विकास में महिलाओ की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. उन्होंने महिलाओं से उनके और अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही. उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले जैसी नारी से सखी मंडल दीदी को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है. कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि मो वारिस, पंसस मो तैयब, विशेश्वर यादव, परमेश्वर यादव, छोटेलाल यादव सहित आईपीआर पुष्पा, संजू कुमारी, सीसी नगीना देवी, चंदन कुमार, एफसी राजू पांडेय, बैंक सखी रिंकू देवी, माया देवी, जेंडर सीआरपी पायल देवी, विनीता देवी, राधा देवी, रिंकी देवी, सीलएफ अकाउंटेंट जीनत प्रवीण, पूर्व अध्यक्ष सीमा कुमारी, संकुल संगठन की अध्यक्ष रेणु देवी, सचिन रेखा देवी, कोषाध्यक्ष पूजा देवी, सुनीता देवी, गायत्री देवी, नंदा देवी, सीता देवी, संगीता देवी, श्वेता वर्मा, सविता देवी, सखी मंडल की अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष आदि सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी.

## रामगढ़ में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन के नेतृत्व में शनिवार को रामगढ़ शहरी क्षेत्र में बृहद रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुख्यालय, छावनी परिषद रामगढ़ के अधिकारियों, अन्य प्रशासनिक/ पुलिस अधिकारियों पुलिस बल के जवानों के द्वारा अभियान चलाते हुए अवैध रूप से सड़क के अगल-बगल संचालित दुकानों आदि को हटाया गया। अभियान के दौरान छावनी परिषद रामगढ़ द्वारा सरकारी जमीन का इस्तेमाल निजी फायदे के लिए करने वालों तथा अवैध रूप से प्रचार प्रसार सामग्री सार्वजनिक स्थलों पर लगाने वालों के विरुद्ध कुल 7700 रुपए का चालान किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने कहा कि जिले में ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने, स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत साफ-सफाई बनाए रखने एवं आगामी पर्व त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था सुचारू रूप से संधारित करने के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है जो की आने वाले समय में भी इसी तरह चलाया जाएगा।

### सरकारी अस्पतालों में घूम रहे एजेंटों को करें चिह्नित : डीसी

**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की गई. सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध आकस्मिक सेवाओं की समीक्षा करते हुए डीसी ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों एवं चिकित्सकों को पूरी संवेदनशीलता के साथ मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये. मातृ स्वास्थ्य संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने ग्रामीण क्षेत्रों में एएनएम, सहिया आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया. डीसी ने कहा कि वहीं शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं के सभी प्रसव पूर्व होने वाली सभी जांच करें.

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले बिजली, पानी ,शिक्षा, चिकित्सा , सड़क आदि विषयों को लेकर सी.सीएल रेस्ट हाऊस ,घुटुवा बरकाकाना में जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य गिरिशंकर महतो की अध्यक्षता तथा विक्की बेदिया के संचालन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य रमेश कुमार महतो ने कहा कि 0.5 किलोमीटर के दायरे में रहनेवाले लोगों के लिए सीसीएल को सभी प्रकार की मूलभूत सुबिधाएं उपलब्ध करवानी होगी। कहा कि यदि सीसीएल ने 0. 5 किलोमीटर के दायरे में रहनेवाले टोला, कस्बा, गांवों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नही करवायी तो जेबीकेएसएस आंदोलन को विवश होगा। इसलिए 0.5 किलोमीटर के दायरे में रहनेवाले लोगों को सीसीएल मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाए। बैठक में बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

## दारू : अनुदान पर पंप सेट व सिंचाई पाइप का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के दारू प्रखंड सभागार में आज शनिवार को अनुदान पर पंप सेट व सिंचाई पाइप का वितरण किया गया. भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी को वितीय वर्ष 2021-022 में अनुदान पर पंप सेट एवं सिंचाई पाइप वितरण के लिए जेएसएलपीएस दारू से महिला स्वयं सहायता समूहों की अनुमोदित सूची मिली थी. उसी के आधार पर कबूतरी देवी, कौशल्या देवी, सुमित्रा देवी, सरिता सहित कुल सात लाभुकों के बीच वितरण किया गया. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार राय, दारू बीस सूत्री अध्यक्ष शशि सिंह, दारू प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस सुनील कुमार राणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे.

## सदर अस्पताल रामगढ़ के व्यवस्था की खुली पोल

### अस्पताल परिसर के बाहर दर्द से कराहती महिला ने बच्चे को दिया जन्म

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के सदर अस्पताल में एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है जिसमें दर्द से कराहती एक महिला ने अस्पताल के कमरे के बाहर शिशु को जन्म दिया है। इस संबंध में पूछे जाने पर सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है। यह पूरा मामला शुक्रवार का है। पतरातू प्रखंड के बरकाकाना क्षेत्र की चांदनी देवी अपनी सास और सहिया के साथ रामगढ़ सदर अस्पताल पहुंची। प्रसव पीड़ा से परेशान वह काफी देर तक ओपीडी में बैठी और अपनी बारी का इंतजार करती रही। ओपीडी में महिला



चिकित्सक टेशू श्रीवास्तव से जब वह मिलीं तो उसने बताया कि वह अपना कार्ड लेकर नहीं आई है। जिसके बाद चिकित्सक ने पहले अल्ट्रासाउंड कराने को कहा। महिला दर्द में चलकर अस्पताल के पुराने भवन में अल्ट्रासाउंड वाले कमरे तक गई। वहां भी उससे कॉर्ड मांगा गया। कार्ड नहीं रहने पर अल्ट्रासाउंड कर रहीं चिकित्सक ने महिला से पैसे जमा करने को कहा और उसे वापस भेज दिया और दूसरे दिन आने की बात कही। इस दौरान दर्द से तड़प रही चांदनी देवी की पीड़ा का ख्याल किसी ने नहीं आया।

#### मामले की होगी जांच

वहां से चांदनी जैसे ही बाहर निकली वैसे ही वो बेसुध होकर बाहर ही लेट गयी। तब भी न ही किसी चिकित्सक ने सुध ली और न ही किसी नर्स ने महिला को देखना जरूरी समझा। वहीं, सहिया नीलम देवी ने मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया औ? और डॉक्टर के चेंबर में लगे पर्दे से महिला को घेर दिया। जिसके बाद जमीन पर ही महिला का प्रसव कराया गया। जिसमें महिला ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। फर्श पर प्रसव होने पर वहां मौजूद महिलाओं ने हंगामा शुरू कर दिया।

## दशहरा महासमिति रामगढ़ कैंट की बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** साहू धर्मशाला के सभागार में कैंट दशहरा महासमिति के पदाधिकारियों की बैठक 16 सितम्बर को कमेटी के अध्यक्ष सह छावनी परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से पुनः उनको विस्तार देते आगामी कमेटी के अध्यक्ष के रूप में चुना गया और पिछली कमेटी के सभी पदाधिकारियों को पुनः कार्यकाल का विस्तार देते हुए अगली कमेटी में जगह दी गई है। यह जानकारी देते हुए महासमिति के मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में सरदार अनमोल सिंह की पिछली कमेटी पर भरोसा जताते हुए कमेटी के विस्तार पर सहमति जताई। बैठक में संरक्षक के रूप में उपस्थित महेंद्र मुंडा,रविंद्र शर्मा,प्रदीप शर्मा,रवि गुप्ता,बद्री विश्वकर्मा आदि ने भी अपने सुझाव दिए। साथ हीं अगली बैठक साहू धर्मशाला में 19 सितंबर मंगलवार को संध्या 3 बजे बुलाई जाने की बात कही गई ।जिसपर उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सहमति जताई। बैठक में मुख्य रूप से दीपक सोनकर उर्फ मुन्ना खटीक,राजेश ठाकुर,ब्रजेश पाठक,अजीत गुप्ता, प्रेमजीत सिंह,मोहन पांडे,मणिशंकर ठाकुर,राजेश कुमार,धीरज साहू, सुशील कुमार आदि उपस्थित हुए।

### सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा, कोर्डिनेशन कमेटी गठित

**रामगढ़।** मांडू प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों की एक आवश्यक बैठक शनिवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर के परिसर में शिक्षक प्रतिनिधि सत्यदेव सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई. जिसमें वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में आ रही विभिन्न समस्याओं के साथ-साथ गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति के साथ-साथ विभिन्न समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा की गई. जिन बिंदुओं पर चर्चा हुई उनमें 1. मध्यान भोजन की राशि लगातार तीन महीने से अप्राप्त रहने के कारण अगले माह अक्टूबर से बंद करने का निर्णय लिया गया, 2. नेटवर्क तथा उपलब्ध कराए गए उपकरण में खराबी के कारण उपस्थति नहीं बनने पर वेतन स्थगित करने का विरोध किया गया, 3. विद्यालय अवधि में अगर शिक्षक विभागीय आदेश के तहत कार्यालय आते हैं तो उसे पूर्ण उपस्थित समझा जाए,4. जाति प्रमाण पत्र,जन्म प्रमाण पत्र, आधार बैंक खाता खुलवाने आदि से शिक्षकों को मुक्त रखा जाए।

### विभावि का स्थापना दिवस आज, राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

**हजारीबाग।** विनोबा विश्वविद्यालय हजारीबाग का 32वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को मनाया जाएगा. झारखंड के राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन विनोबा विश्वविद्यालय के 32वें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे. इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है. पूर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित विज्ञान भवन के आर्यभट्ट सभागार में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में 2020-22 के 20 और 2021-23 के 19 पीजी और वर्ष 2022 के सात वोकेशनल कोर्स के टॉपरों को सम्मानित किया जाएगा.

## पीएम आवास 10 अक्तूबर तक पूरा नहीं हुए तो लाभुकों पर होगा केस : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड की बीडीओ अन्वेषा ओना ने 16 सितंबर को चलो करें आवास पूरा अभियान के तहत बैठक की. उन्होंने लाभुकों से कहा कि अधूरे पड़े प्रधानमंत्री आवास को 10 अक्टूबर तक हर हाल में पूरा करें. यदि तय तिथि तक आवास पूरा नहीं हुआ, तो लाभुकों के खिलाफ केस दर्ज कर उनसे राशि वसूल की जाएगी. ग्रामीण विकास विभाग की ओर पूरे राज्य में 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चलो करें आवास पूरा अभियान चलाया जा रहा है. वैसे लाभुक जो अभी तक अपने प्रधानमंत्री आवास का निर्माण नहीं किए हैं, उन्हें अंतिम तिथि तक निर्माण कार्य हर हाल में पूरा करना है. इस अभियान के तहत स्थानीय प्रशासन लाभुकों को आवास पूरा करने के लिए जागरूक भी कर रहा है. प्रखंड समन्वयक राजकुमार ने कहा कि अभियान में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व जनसेवक लाभुकों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उन्हें प्रेरित करेंगे. बैठक में डुमरी प्रखंड प्रमुख उषा देवी, उप प्रमुख उपेंद्र कुमार महतो सहित सभी मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जनसेवक आदि मौजूद थे.

### गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह, 10 शिक्षक सम्मानित

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शनिवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इसमें उत्कृष्ट कार्यशैली से शिक्षा के उन्नयन में विशिष्ट योगदान देने वाले जिले के चुनिंदे 10 शिक्षकों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बतौर मुख्य अतिथि डीवीसी हजारीबाग भूमि संरक्षण विभाग के निदेशक सह परियोजना प्रधान संजय कुमार ने कहा कि कामयाब विद्यार्थी बनानेवाले ही उत्कृष्ट शिक्षक कहलाते हैं. शिक्षकों में जुनून और समर्पण होना चाहिए. बच्चों में सकारात्मक बदलाव लाकर उन्हें मंजिल तक पहुंचाना ही शिक्षकों का मूल कर्तव्य है. सरकारी विद्यालयों के जो शिक्षक ऐसी कठिन चुनौतियों को स्वीकार रहे हैं, वे प्रेरणास्त्रोत होते हैं. यहां सम्मानित 10 शिक्षक वैसे ही शिक्षकों में शुमार हैं.

**मनमानी** — नियमों को ताक पर रख कार्य करते है बीआरसी कर्मी, सहायक अध्यापकों ने लगाया आरोप

# बीईईओ लाचार, कार्यालय खुलने का करते हैं इंतजार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** बीआरसी कर्मियो की लापरवाही से प्रखंड के सहायक अध्यापक सहित बीईईओ भी परेशान है. ऐसा ही मंजर शनिवार को देखने को मिला. जब बीईईओ रामशरण दांगी को अपने ही कार्यालय में साढ़े दस बजे तक ताला बंद मिला. जहां तीसरे शनिवार के छुट्टी के कारण अपनी समस्याओं को लेकर सहायक अध्यापक कार्यालय खुलने का इंतजार कर रहे थे. बीईईओ को कार्यालय कर्मियों को उन्हे फोन करके बुलाना पड़ा. तब आदेशपाल, कंप्यूटर ऑपरेटर और बीआरपी कार्यालय पहुंचे और कार्यालय संचालित हुआ. हालांकि बीपीएम अरुण कुमार और लेखापाल संजय राणा बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थे. उनलोगों ने दूरभाष पर बताया कि जिला की बैठक में वे दोनो हजारीबाग में है. उपस्थित सहायक अध्यापकों ने बीईईओ अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया. ज्ञापन में लेखापाल पर मनमानी का आरोप लगाते हुए बताया गया कि 18 सहायक अध्यापकों के वेतन विसंगति और एरियर का भुगतान करना था. जिसमे लेखापाल मनमानी तरीको से कुछ सहायक अध्यपको का भुगतान हेतु प्रक्रिया किया है जबकि कई अध्यापकों को आज कल कह कर परेशान किया जा रहा है. इस पर उचित कारवाई की मांग किया. मौके पर मौजूद अध्यपक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे ने बताया कि शिक्षा सचिव ने अध्यापकों की समस्याओं के समाधान हेतु तीसरे शनिवार को विद्यालय बंद रखा गया है. बीआरसी कर्मियों की मनमानी के आगे हम सभी विवश है. हम अध्यापक दस मिनट भी देर होते है तो एक दिन का वेतन कटौती की जाती है. यहां के कर्मी दिन भर गायब रहते है इस पर कोई कारवाई नही की जाती है. शिक्षा सचिव के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है. उन्होंने बीईईओ से लेखापाल और बीपीएम के एक दिन के वेतन कटौती की मांग किया है. प्रखंड अध्यक्ष मनोज घोष ने बताया कि लेखापाल की मनमानी चरम पर है. यदि सुधार नहीं लाया गया तो अध्यापक संघ मजबूर होकर आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे. ज्ञापन देने वालों में इन लोगों के साथ रणजीत सिंह, संजय कुमार, आशीष कुमार, विनोद कुमार पांडे, रामेश्वर रविदास, दीपक कुमार यादव आदि सहित कई सहायक अध्यपाक मौजूद थे.





### मवेशी लदा ट्रक जब्त तीन गिरफ्तार, जेल

**बरही ।** बीते रात्रि 38 गोवंशीय मवेशी से लदा एक ट्रक संख्या इफ25ऋ3855 जब्त किया गया. मामले के संबंध में प्रेस बयान जारी कर इंस्पेक्टर सह रोहित सिंह ने जानकारी दिया कि वरीय पदाधिकारियों के सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई. जानकारी दी गई कि पटना से तिरपाल लदे 14 चक्का और 12 चक्का वाली 7 ट्रक से गोवंशीय को आसनसोल की ओर ले जाया जा रहा है. प्राप्त सूचना के आधार पर जवाहर घाटी में वाहन चेकिंग लगाया गया. वाहन चेकिंग स्थल पर पुलिस के इशारा मिलते ही वाहन चालक गाड़ी रफ्तार से भगा दिया. जिसका पीछा करते हुए पुलिस ने वाहन को पोडैया मोड के पास पकड़ा. तलाशी के क्रम में क्षमता से अधिक अवैध रूप से 38 काडा और तीन व्यक्तियों को परिवहन कर ले जाने के आरोप में गिरफतार किया गया.

# कोडरमा : आंगनबाड़ी सेविका और ढिबरा मजदूरों ने दिया धरना



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ, झारखंड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन, कोडरमा ढिबरा मजदूर यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में अपनी मांगों को लेकर धरना दिया गया. उर्मिला चौधरी क्लीनिक से सैकड़ों की संख्या में जुलूस निकाला गया. जुलूस समाहरणालय पहुंच कर धरना प्रदर्शन में तब्दील होगा गया. धरना की अध्यक्षता एटक जिला अध्यक्ष विनोद पासवान ने किया. उन्होंने कहा कि रसोइयों के साथ केंद्र व राज्य सरकार नाइंसाफी कर रही है. वहीं जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि जिस देश में नारी सशक्तिकरण बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा दिया जाता है. उस देश में लाखों रसोइयों को एक दिन की मजदूरी 66 रुपए दिया जा रहा है. राज्य सरकार अपना हिस्सा देती है लेकिन केंद्र सरकार नहीं देती. इसकी वजह से पिछले कई महीनों से रसोइयों सेविका सहायिका को मानदेय नहीं मिल रहा है. मजदूर को मानदेय नहीं मिल रहा है. वहीं जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोडरमा जिला जाकर घोषणा की थी कि ढिबरा चुनना लीगल है. उसी रात ढिबरा लदा ट्रक डोमचांच थाना प्रभारी ने पकड़ा और ड्राइवर को जेल भेज दिया. इतना ही नहीं सैकड़ों ढिबरा मजदूरों पर झूठा मुकदमा किया गया. राज्य सरकार व जिला प्रशासन अगर ढिबरा चुनन गलत है तो ढिबरा मजदूरों को लीगल काम दिया जाए. मौके पर प्रमिला देवी, संतोषी देवी, सरस्वती देवी, धनेश्वरी देवी, तुलावती देवी, गुड़िया देवी, आशा देवी, ममता देवी, सविता देवी, ललिता देवी, गिरिजा देवी, कुर्मी देवी, बसमतिया देवी, बसवा देवी, सलमा खातून, सुमित देवी, अनीता देवी, गीत देवी, रेणु देवी, मंगरी देवी, रूबी देवी, शीला देवी, पिंकी देवी, नाजिया देवी, आरती देवी, आदिया देवी, शांति देवी व अन्य मौजूद थे. धन्यवाद ज्ञापन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव ने किया.

### केशलपुर आजीविका महिला संकुल संगठन की वार्षिक आमसभा

**पाकरटांड़।** प्रखंड के केशलपुर आजीविका महिला संकुल संगठन स्वलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का वार्षिक आमसभा किया गया। आम सभा का विधिवत रूप से संचालन प्रारम्भ करते हुए सहकारी समिति के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सक्षम सेंटर का भी उद्घाटन फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत सी सी मड़की के द्वारा समिति के सभी सदस्यों का नाम पढ़ते हुए बायलॉज भी पढ़ा गया। पिछले वित्तीय वर्ष का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया साथ ही अंकेक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के बाद वार्षिक कार्य योजना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

# अधूरे आवास को जल्द पूरा करने वाले पंचायतों को किया जायेगा पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को प्रमुख विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई. प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लंबित योजनाओं को पूरा कराने को लेकर बैठक हुई. बैठक के दौरान प्रमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे आवासों को जल्द पूर्ण कराने के लिए 15 सितंबर से आगामी 10 अक्टूबर तक विशेष अभियान ह्चलो करो आवास पूराह्व चलाया जा रहा है. प्रखंड के सभी पंचायतो को मिला कर 37 आवास अधूरे हैं. इस सभी अधूरे आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कराना है. जो भी पंचायत सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण आवासों को पूर्ण कर लेंगे उस पंचायत को पुरस्कृत किया जाएगा. बैठक के बाद प्रमुख ने सुदूरवर्ती पंचायत डगरनवा के विभिन्न गांवों का दौरा भी किया तथा वहां अपूर्ण आवास के लाभुकों से मिल आवास को जल्द से जल्द पूरा करने को लेकर प्रेरित किया. बैठक में बीपीओ राकेश रंजन, पीएम आवास के कॉर्डिनेटर मो. इस्तियाक के अलावे विभिन्न पंचायतो के मुखिया व पंचायत सेवक मौजूद थे.



# कोडरमा : रक्त सेवा संघ ने लगाया रक्तदान शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** नवलशाही स्थित उत्तम मेडिकल में रक्त सेवा संघ कोडरमा के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया. शिविर का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता और समाजसेवी महावीर यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया. संस्था के संस्थापक राहुल वर्णवाल ने बताया कि संस्था का लक्ष्य लोगों में रक्तदान के प्रति व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना और जागरूकता फैलाना है. उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले महीनों में ग्रामीण क्षेत्रों में इससे अधिक रक्तदान शिविर लगाने पर जोर दिया जाएगा. वहीं संस्था के सचिव पिंटू गुप्ता ने बताया कि यह रक्तदान शिविर व्यवसायियों, शिक्षकों और ग्रामीणों के सहयोग से ही संभव हो पाया है. इस रक्तदान का सीधा लाभ थैलेसिमिया और एनीमिया के मरीजों को मिलेगा. इस शिविर को लगाने में ब्लड डोनर एसोसिएशन संस्था का भी सहयोग मिला .इसके अध्यक्ष रितेश माधव, सचिव विशाल सिंह और कोषाध्यक्ष हैदर अली बंटी उपस्थित रहे. रक्तदान करने वाले ग्रामीणों में मो. कलीमुद्दीन, राहुल साव, सुरेंद्र कुमार यादव, रामकिशुन बेसरा, रोहित साव, महेश साव, सुधीर कुमार, पप्पू खान, बीरेंद्र साव, पिंटू साव, कुमार शिवम (सब-इंस्पेक्टर), समाजसेवी व्यवसायी किशोर गुप्ता, उत्तम अग्रवाल, शंकर साव, शिक्षकों में कृष्णदेव रविदास, किशोर यादव, मुन्ना मिस्त्री, महेश कुमार यादव शामिल थे. शिविर में ग्रामीणों सहित उत्तम मेडिकल के संचालक सुधीर कुमार आदि का सहयोग रहा.




# केलाघाघ डैम में स्कैंपी बीज भंडारण का कार्य मत्स्य विभाग ने किया शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड के जलाशयों में स्कैंपी मत्स्य पालन वृद्धि के माध्यम से आदिवासी समुदायों की आजीविका में सुधार पर एक प्रमुख परियोजना से आज केलाघाघ जलाशय में 4.0 लाख स्कैंपी बीजों के भंडारण के साथ शुरू की गई है। इस 162 हेक्टेयर जलाशय में चार मत्स्य पालन सहकारी समितियां (एफसीएस) कार्यरत हैं, जिनके सदस्य और सचिव स्कैंपी संचयन के समय उपस्थित होकर स्कॉलर अजय कुमार के द्वारा निर्देश के अनुसार संचयन किया। स्टॉकिंग कार्यक्रम का उद्घाटन कुसुमलता, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा, के द्वारा जलाशय में स्कम्पी बीज छोड़ा गया, जिसमें आईसीएआर-सीआईएफआरआई के प्रधान वैज्ञानिक और परियोजना प्रधान अन्वेषक डॉ. ए.के. दास की उपस्थिति थी। संस्थान के निदेशक डॉ. बी.के. दास के कुशल नेतृत्व में कार्यान्वयन संगठन हुआ। मछली पैकेटों की संख्या से मछली के बीजों का बेतरतीब ढंग से नमूना लिया गया है और एफसीएस सदस्यों द्वारा गिना गया है ताकि इस जलाशय में लाए गए जीवित स्कैंपी बीजों की सटीक संख्या पता चल सके। चार मत्स्य जीवी सहयोग समिति को झींगा का चारा और खनिज पोषक तत्व भी वितरित किए गए हैं, जिससे वे बीजों की अच्छी वृद्धि और उत्तरजीविता सुनिश्चित करने के लिए स्टॉक किए गए बीजों को ठीक से खिला सकें। श्रीमती कुसुमलता, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा ने इस जलाशय में स्कम्पी को स्टॉक करने की पूरी प्रक्रियाओं पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की है, जिससे आने वाले दिनों में इस पारिस्थितिकी तंत्र के मछुआरों को आर्थिक और पोषण दोनों रूप से लाभ होगा। यह परियोजना भारत में अपनी तरह की पहली परियोजना है जो क्रमशः गुमला, सिमडेगा और हजारीबाग जिले के तीन जलाशयों में कार्यरत है।



### मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में न्यूट्रीशन प्रदर्शनी का आयोजन

**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग ,बानो में जीएनएम प्रथम वर्ष एवं ए.एन.एम.प्रथम बर्ष की नर्सिंग छात्राओं द्वारा न्यूट्रीशन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । जिसमें मरीजों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर उसके लिए उचित डाइट की उपयोगिता के साथ हाई प्रोटीन डाइट, डायबीटिक डाइट, सॉफ्ट डाइट, बीपी डाइट, विनिंग डाइट का स्टॉल लगाया गया था। जिसमें हर व्यक्ति कितना कैलोरी भोजन के माध्यम से ले इसके बारे में जानकारी दी। इसका निरीक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. प्रहलाद मिश्रा डॉ सीमा टोप्पो , निभा मिश्रा, प्राचार्या संगीता कुमारी, एरेन बेक एवं सभी ट्यूटर्स ने किया साथ ही हेल्दी न्यूट्रीशन के साथ आदर्श जीवन शैली को अपनाकर खुद को स्वस्थ रखने की सलाह संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा ने दी। वहीं संस्थान के प्राचार्य संगीता कुमारी ने मरीजों का विशेष रूप से ध्यान रखने के लिए उनके खानपान पर भी विशेष ध्यान देना आवश्यक है जैसी बातें कहीं।वहीं आज के इस न्यूट्रीशन प्रदर्शनी में मनोरंजन मिश्र, बिल्लू अग्रवाल, ट्यूटर अल्बिना टोपनो आदि उपस्थित थे।

# ग्राम वन अधिकार समिति का गठन करें : उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत वन पट्टा निर्गत से संबंधित बैठक की गई।उपायुक्त ने वन अधिकार अधिनियम के तहत वर्षों से वन में निवास करने वाले समुदायों को उनके आजीविका, सुरक्षा व संरक्षण एवं वन संसाधनों के उपयोग व संग्रह का अधिकार के तहत व्यक्तिगत एवं समुदायिक वन पट्टा निर्गत करने से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों को सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वन पट्टा निर्गत करने एवं प्राप्त आवेदनों में त्रुटि पाए जाने के कारण रिजेक्ट किया गया है उन सभी आवेदनों का पुनः समीक्षा कर त्रुटियों का निष्पादन करते हुए वन पट्टा निर्गत करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारियों को समन्वय स्थापित कर स्पेशल ग्राम सभा का आयोजन 30 सितम्बर तक सुनिश्चित कराते हुए ग्राम वन अधिकार समिति का गठन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अनुमण्डल पदाधिकारी एवं कल्याण पदाधिकारी को व्यक्तिगत एवं समुदायिक वन पट्टा निर्गत करने से संबंधित सरकार की जो गाइडलाइन उसकी स्पष्ट जानकारी देने हेतु अंचलाधिकारी से बैठक करने का निर्देश दिया।

# जेएसएलपीएस के अंतर्गत मधुमक्खी पालन को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**ठेठईटांगर।** प्रखंड में जेएसएलपीएस अंतर्गत मधुमक्खी पालन , मधु मूल्य श्रृंखला पर तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यलय किया गया। प्रशिक्षण में मधुमक्खी पालन के लिए चिन्हित 46 महिला किसानों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में स्टेट रिसोर्स पर्सन लावेश कुमार के द्वारा किसानों को वैज्ञानिक तरीके से मधुमक्खी पालन, मधु मक्खियों के प्रकार, उपयुक्त वनस्पतियों, मौसमी प्रबंधन, कीट और रोग और उनके प्रबंधन, मधुमक्खी पालन के उपकरण और उनके उपयोग, शहद की स्टार्ट-अप और मूल्यवर्धन की भूमिका, मधुमक्खी के उत्पादों और इसके उपयोग, शहद निष्कर्षण इकाई, शहद प्रसंस्करण इकाई, पैकेजिंग इकाई, विपणन लिंक आदि को किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया गया। इस प्रशिक्षण में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक संदीप कुमार, सुष्मिता चक्रवर्ती, क्षेत्रीय तकनीकी समन्वयक प्रमोद सिन्हा, सीता भगत, कलस्टर कोऑर्डिनेटर मोहित कुमार, रोशनी एक्का आदि उपस्थित थे ।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पहाड़ा प्रतियोगिता

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में शिशु मंदिर स्तर का पहाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कक्षा दूसरी से पांच तक के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में अनेक छात्रों ने पहाड़ा कंठस्थ कर धारा प्रवाह सुनाया। प्रतियोगिता में सर्वप्रथम कक्षा स्तर पर छात्र छात्राओं से पहाड़ा सुना गया। छात्र छात्राओं की ओर से कंठस्थ कर सही-सही सुनाने वालों में से उत्कृष्ट आठ छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में प्रियाँजलि कुमारी कक्षा तृतीय बी, उत्तम प्रसाद कक्षा चतुर्थ ए, दयानंद देहरी चतुर्थ ए, सुगंती कुमारी चतुर्थ ए, भूपेंद्र सिंह चतुर्थ बी, पवन गोप चतुर्थ बी, सपना कुमारी पंचम ए शशि भूषण नाग पंचम बी शामिल थे प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने भैया बहनों को सम्मानित करते हुए उन्हें 40 तक का पहाड़ा याद कर सुनाने का संकल्प कराया है ।

### जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक हुई।इस दौरान उपायुक्त ने अवैध पत्थर/क्रशर, बालू उठाव एवं अवैध खनन से संबंधित मामले की समीक्षा किया।उन्होंने जिले में चयनित ₹ए₹ श्रेणी एवं ₹बी₹ श्रेणी के संचालित बालू घाटों की स्थिति के बारे में जानकारी लिया। उपायुक्त ने अवैध बालू उठाव एवं अवैध खनन के तहत प्रखंडवार किए गए कार्रवाई की समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी से कार्रवाई की जानकारी लिया। उन्होंने ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी अंचलाधिकारी को अपने क्षेत्र में अवैध बालू उठाव की लगातार छापामारी करने एवं पकड़े जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### मत्स्य कार्यालय सिमडेगा में चार समिति के सदस्यों को महाझींगा संवर्धन पर दी गयी ट्रेनिंग

**सिमडेगा।** जिला मत्स्य कार्यालय में केलाघाघ जलाशय के चार समिति से 35 दादा और दीदी को झारखंड के जलाशय में महाझींगा संवर्धन के माध्यम से जनजातीय समुदाय की आजीविका में सुधार से संबंधित एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला में कलकत्ता के सिफरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर ए के दास दास द्वारा झींगा पलकों को महाझींगा से संबंधित प्रबंधन और रखरखाव के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया, साथ में जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता के द्वारा समूह के सदस्यों को अपने शब्दों से उत्साहित की। आईसीएआर सिफ्री के अजय कुमार ने मंच पर महाझींगा के लिए उपर्युक्त विभिन पड़ाव के विषय में जानकारी दिया।सिमडेगा एवं गुमला जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता ने सिमडेगा के केलाघाग जलाशय और गुमला मिला के मसरिया जलाशय को झींगा पालन से वहां के जनजातीय समुदायों को आजीविका में सुधार करने के लक्ष्य से इस योजना के कार्य को प्रगति दे रही है उन्होंने कहा कि सरकार भी मछली पलक का सहयोग कर रही है और महाझींगा पालन में भी सरकार अपना सहयोग करेगी।

# कांग्रेस पार्टी का बूथ स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कुरडेग प्रखंड के खालिजोर में कांग्रेस पार्टी का बूथ स्तरीय कार्यशाला का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष तुलसी प्रांगत खलखो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रुप से सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप बलमुचू उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने संगठन के बारे में जानकारी ली। साथ ही सभी कार्यकताओं को अंतिम गांव तक जाकर अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए जिन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसे बखूबी निभाएं। इसमें लापरवाही कतई न करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नीति सिद्धांतों की जानाकारी दें। विधायक ने कहा कि कार्यकताओं के मेहनत से आगामी चुनाव में महागठबंधन प्रत्यासी की जीत होगी। कार्यकर्ता संगठन के लिए मनुष्य के रीढ़ की हड्डी के समान है। अगर रीढ़ की हड्डी कमजोर होगा, तो इंसान कुबड़ा हो जाएगा। उसी तरह अगर संगठन में कार्यकर्ता ही कमजोर हो जाए तो संगठन भी कमजोर हो जाएगा। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत लगा दें। क्षेत्र भ्रमण तेज करें। गांव के अंतिम ब्यक्ति तक पहुंचे और पार्टी के एवं राहुल गांधी के नीति सिद्धान्तों की जानकारी दें। जनता की सेवा में समय निकालें।



सुनहरा अवसर

## केरसई में स्वास्थ्य मेला का आयोजन, चिकित्सा पदाधिकारी-जनप्रतिनिधियों ने स्टॉलों का लिया जायजा

# स्वास्थ्य संबंधित स्टॉलों में जाकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** केरसई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य मेला में चिकित्सा पदाधिकारी दिलीप कुमार बेहरा सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता बीस सूत्री अध्यक्ष वाल्टर सोरेंग बिद्यायक प्रतिनिधि सह मुखिया मुंश खेस प्रशांत कु बारीक प सं सदस्य नुवेल मिंज ब्लासियूस खेस संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की । इसके बाद चिकित्सा पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों एवं तमाम डॉक्टरों की टीम ने बारी-बारी से स्वास्थ्य परिसर में लगाए गए तमाम स्टॉलों में जाकर निरीक्षण करते हुए तमाम स्टोलों में बारी-बारी से जाकर रजिस्टेश टेबल, आयुस चिकित्सा का टेबल, टीवी, कुष्ठ रोग, मलेरिया का टेबल, आयुष्मान कार्ड बनाने का टेबल, आईसी काउंटर,फैमिली प्लैनिंग काउण्टर, बीपी सुगर काउंटर, योगासन काउण्टर, मातृत्व स्वास्थ्य काउण्टर, इन तमाम स्टोलों में जाकर तमाम कर्मियों को बारी बारी जाकर जानकारी दी ।साथ ही लोगों को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने कहा कि अब कुछ दिन में आयुष्मान भारत कार्ड बनने जा रहा हैं वैसे लोग जो आयुष्मान कार्ड नहीं बनवा पाए हैं योग व्यक्ति के लिए यह योजना शुरू की जाएगी। कहा की यह स्वास्थ्य मेला का लगाने का उद्देश्य यह है कि लोग तमाम स्वास्थ्य संबंधित स्टॉलों में जाकर अपने-अपने स्वास्थ्य की जांच करवाए वही कहा कि यह एक प्रकार का स्वास्थ्य से संबंधित प्रदर्शनी भी है। संबोधित करते हुए कहा कि इस इलाके में सर्प दंश की घटनाएं काफी मिलती है लोग इधर-उधर के चक्कर में ना पढ़ते हुए तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में आकर इलाज कारवाए झाड़-फूक के चक्कर में रहने से लोगों की जान चली जाती हैं।



## झामुमो बाला, सत्येंद्र नाथ तिवारी के कार्यकाल में गढ़वा का सिर्फ सत्यानाश हुआ

# 'अलकतरा चोरी करने वालों को ईमानदारी की बातें शोभा नहीं देतीं'

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर जमकर हमला बोला है। केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के कार्यकाल में गढ़वा कोमा में था और उन्होंने क्षेत्र का सिर्फ.सत्यानास किया है। जो खुद विधायक रहते अलकतरा चोरी मामले में जेल गया हो उसके मुंह से ईमानदारी की बातें शोभा नहीं देती। झूठ, फरेब, षड्यंत्र और अफवाह के दम पर पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने 10 सालों तक गढ़वा को लूटने का काम किया था। वह एक जनप्रतिनिधि के रूप में नहीं बल्कि एक पेशेवर ठेकेदार के रूप में अपना पूरा कार्यकाल बिताया है। उन्हें जनता की समस्याओं और उनके सुख-दुःख से कोई लेना देना नहीं रहा है। जब वह विधायक थे तब लोगों की पहुंच से दूर रहने के लिए हमेशा क्षेत्र से बाहर ही रहते थे। न उनके अंदर इच्छाशक्ति थी और न ही काम करने का जज्बा, वह गढ़वा विधानसभा क्षेत्र को सिर्फ चारागाह समझते थे।



पूर्व विधायक तिवारी को गढ़वा का विकास पच नहीं रहा है। चुनाव हारने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि हमारे 10 साल के कार्यकाल में 200 किलोमीटर रोड बना है। वर्तमान विधायक मिथिलेश ठाकुर उतना रोड भी बनवा दें तो बहु बड़ी बात होगी। आज मात्र साढ़े तीन साल के कार्यकाल में विधायक मिथिलेश ठाकुर ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 700 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया है। कई मूलभूत संरचनाएं विकसित की गई। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन एवं खेल के क्षेत्र में गढ़वा ने पूर्व की तुलना से सैकड़ों गुना अधिक विकास किया है। तिवारी स्तरहीन एवं घटिया राजनीति पर उतारू हो गए हैं। वह घर बताने के लिए छह लाख का इनाम की घोषणा कर रहे हैं। आम जनता ने ही जवाब दे दिया कि मिथिलेश ठाकुर का घर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र की हर जनता का घर है। अब जनता उनसे पूछना चाहती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से क्यों चुनाव लड़ रहे हैं? पलामू लोकसभा के सांसद विष्णु दयाल राम का घर कहा है? विधायक कोटा की राशि को लूटने वाले पूर्व विधायक क्या इनाम की राशि भी इसी लूट की कमाई से देंगे? दुबे ने कहा की हैसियत से हम बहुत छोटे आदमी है फिर भी पूर्व विधायक को चुनौती देते हैं कि वह पूरे विधानसभा में 10 काम विधायक कोटा का गिना देंगे तो हम उन्हें 10 हजार रुपये पुरस्कार के रूप में देंगे।

महिला मोर्चा के ज़िलाध्यक्ष रेखा चौबे ने कहा कि सभी माताओं, बहनों का घर मिथिलेश ठाकुर का घर है। विकास के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए पूर्व विधायक अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। केंद्रीय सदस्य शंभु राम ने कहा कि पूर्व विधायक महाठग है। 10 वर्ष गढ़वा की जनता को ठगा, उससे पहले ओडिशा में ठगा। जब मुंसी थे तब अपने ठेकेदार को ठगा और मनरेगा में जब काम करते थे तो मजदूरों को ठगने का काम किया करते थे। गढ़वा की जनता से अपील है की मदारी आएगा, जाल बिछाएगा पर उसमें फंसना नहीं हैं। उन्होंने तिवारी को यह चैलेंज दिया कि अगर दो दिन के अंदर पूर्व विधायक गढ़वा विधानसभा में हुए विकास कार्यों को गिना दिए तो वह चिनिया स्थित अपने अवास को पूर्व विधायक के नाम कर देंगे।

## राशन वितरण में भारी अनियमितता का लगाया आरोप

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचंद्र केशरी ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर जनवितरण प्रणाली द्वारा राशन वितरण में भारी अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत कार्रवाई करने तथा गरीबो को पूरा राशन दिलाने की मांग की है। उपायुक्त को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि राशन वितरण में भारी गड़बड़ी की शिकायत चारों तरफ से मिल रही है। सुनने में आ रहा है कि दो दो महीने का राशन नहीं मिला है और डीलर द्वारा अंगूठा लगवा लिया गया। उन्होंने कहा है कि यह भी शिकायत मिल रही है कि डीलर को सरकारी गोदाम से एक माह का राशन देकर दो माह का प्राप्ति पर हस्ताक्षर करा लिया जाता है तथा दो माह का राशन सरकार द्वारा नही दिया गया है। यह शिकायत भी मिल रही है नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 10 पुरैनी के कुछ लोगो से हमे आवेदन प्राप्त हुआ है कि डीलर द्वारा दो माह का अंगूठा लगवाकर डेढ़ माह का राशन दिया जा रहा है। कुछ लोगों ने कम राशन लिया जबकि कुछ लोगों ने कम राशन लेने से इंकार कर दिया।

## संक्षिप्त

### विश्वकर्मा पूजा आज धूमधाम से मनाई जाएगी

**मेराल।** शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा पूजा रविवार को धूमधाम से मनाई जाएगी। इसकी तैयारी को लेकर विभिन्न पूजा पंडाल में लोग लगे हुए हैं। इस संबंध में विश्वकर्मा समाज के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा को लेकर लगभग 10 लाख रुपये की प्रतिमा की बिक्री हुई है। हालांकि पूर्व की अपेक्षा प्रतिमा की बिक्री में कमी आई है। जिले में सुखाड़ की स्थिति होने के कारण इस वर्ष विश्वकर्मा पूजा को लेकर कोई विशेष उत्साह नहीं देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा पूजा पर 50 साल बाद विश्वकर्मा पूजा के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग, द्वीप पुष्कर योग और ब्रह्म योग का निर्माण हो रहा है। जो बेहद दुर्लभ संयोग है।जिससे लोगों को करियर में लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि रविवार को दुकान, कार्यालय, कारखाने, उद्योग और मशीनरी से जुड़े प्रतिष्ठानों में पूजा की जाएगी। विश्वकर्मा पूजा को लेकर बाजारों में फूल माला, पटाखा, झंडी की दुकानों में खरीदारी जोरो पर है।

### मेराल में वार्ड सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण




**मेराल।** प्रखंड के सभागार में चौथे चरण के चल रहे वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण शनिवार को समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्य तीन दिवसीय पंचायत वार वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने बताया कि चौथे चरण के प्रशिक्षण में मेराल पश्चिमी पंचायत, गेरुआ, गोंदा और बना पंचायत के वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण समाप्त हुआ। इसमें सभी जनप्रतिनिधि, मुखिया, बीडीसी, वार्ड सदस्य, प्रखंड कर्मी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक शामिल थे। मौके पर पंचायती राज प्रखंड कोऑर्डिनेटर रश्मि लकड़ा, रिजवान अख्तर नाजीर, सुनील कुमार, अभिषेक कुमार, प्रशिक्षक अरुण कुमार पांडे, दीपक कुमार, सुरेंद्र कुमार दुबे, कर्म थापा, दुर्गेश कुमार, प्रेम प्रकाश आदि उपस्थित थे।

### चुनाव को रद्द कर नए सिरे से चुनाव की मांग

**भवनाथपुर।** अरसली उतरी पंचायत निवासी लालसा देवी व अन्य ग्रामीणों ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर बीते 13 सितंबर को अरसली उतरी में हुए स्वास्थ्य सहिया की चुनाव को रद्द करते हुए पुनः नये सिरे से चुनाव कराने की मांग की है। आवेदन में लालसा देवी पति स्व. सुनील शर्मा ने जिक्र किया है कि बीते 13 सितंबर को अरसली उतरी के डोमटोली आंगनबाड़ी केंद्र के प्रांगण में स्वास्थ्य सहिया का चयन हेतु आमसभा किया गया था, जिसमें चुनाव प्रवेक्षक के रूप में उपस्थित बृज मोहन पासवान ने सरकार के पत्र तथा चयन प्रक्रिया नियमावली के विरुद्ध एक अयोग्य महिला का गुपचुप तरीके से चयन कर लिया गया। जबकि आमसभा के दौरान गांव के ही एक विधवा और असहाय महिला लालसा देवी के पक्ष में अन्य छह अभ्यर्थियों ने अपना समर्थन दिया था। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से उक्त सहिया पद के लिए चुनाव को रद्द करते हुए पुनः नये सिरे से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है। सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रंजन दास ने बताया कि स्वास्थ्य सहिया के लिए हुए चुनाव में प्रवेक्षक द्वारा चुनाव नियमावली प्रक्रिया की अनदेखी की जाने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा मिली है। उक्त चुनाव को रद्द कर पुनः चुनाव की तारीख निकाली जायेगी।

### सेविका चयन में अनियमितता का आरोप

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड क्षेत्र के कुंबा फूटाबांध ग्राम निवासी ललिता देवी जिले के उपायुक्त आवेदन देकर फुटाबांध में सेविका चयन में अनियमितता का आरोप लगाया है। डीसी के दिए गए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि 29 अगस्त को ग्राम कुंबा खुर्द के टोला फूटा बांध में बाल विकास पदाधिकारी के द्वारा सेविका चयन किया गया जिसमें इंटर पास का चयन किया गया। उन्होंने कहा कि मैं बीए पास हूं। मेरा चयन न कर निरंती कुमारी पति रविशंकर उरांव का चयन किया गया है, जो नियम के विरुद्ध है। उन्होंने सेविका के पद पर निरंती का चयन निरस्त कर पुनः चयन करने की मांग की है।

### भाजपा की सेवा पखवाड़ा की शुरुआत आज से

**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की जाएगी। मंगलवार को सदर अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में महारक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिले भर के सभी मंडलों में ब्लड ग्रुप के साथ डायरेक्टरी भी बनाया जाएगा। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 25 सितंबर को जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर अनेक कार्यक्रम किए जाएंगे। साथ ही 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर भाजयुमो द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर स्कूल कॉलेज मंदिर शहीद स्मारक आदि अनेकों जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, मिडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय, अनित तिवारी, सुधीर कुशवाहा, रवि कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजय तिवारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### स्वास्थ्य मेले में 419 मरीजों की जांच हुई

**भंडरिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शनिवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान भंडरिया प्रखंड के विभिन्न गांवों से पहुंचे 419 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करायी। वहीं निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई। इस स्वास्थ्य मेले में परिवार नियोजन, आयुष, मातृत्व, शिशु, पोषण, कोविड, नियमित टीकाकरण, कुष्ठ जागरूकता, मलेरिया, आयुष्मान भारत, एनसीडी कार्यक्रम, एचआईवी नियंत्रण सहित अन्य स्टॉल लगाया गया था। इसके पूर्व इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रुकमणी कुमारी, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंहा, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, उप मुखिया रविंद्र सिंह व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय किशोर रजक ने संयुक्त रूप से किया। मेले में प्रखंड लेखा प्रबंधक सुनील कुमार, राजन किस्पोट्टा सिकंदर कुमार, एएनएम रुपलता मिंज जयमाला कुजूर, बिभारानी तिग्गा रूबी रानी लकड़ा, सुजाता संगीता कुमारी, कंचन बाला कुमारी, एमपीडब्ल्यू शीतल पवन तिर्की, संदीप कुमार, वेद प्रकाश राजू, केरकेट्टा अभिराम कच्छप, बीटीटी धर्मेंद्र कुमार, कामता किस्पोट्टा संतोष कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य मेले में 750 लोगों की जांच की गई

**विशुनपुरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशुनपुरा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिकित्सा और परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रमुख दीपा कुमारी, विधायक प्रतिनिधी कृष्णा विश्वकर्मा, जितेंद्र दीक्षित, उपाधीक्षक गोखुल कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवम द्वीप प्रज्वलित कर किया। मेला में कुल 750 लोगों की जांच की गई। मौके पर आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉक्टर पंकज कुमार, डॉ राम किश्वर विश्वकर्मा, डॉ दयाशंकर ठाकुर, डॉ सौम्य कुमारी, तारा गुप्ता, इंदु देवी, रेहाना प्रवीण, संतोष ठाकुर, अमरेंद्र प्रताप सेलर सहित कयी लोग शामिल थे।

## शिकायत पर बीडीओ ने की राशन दुकान की जांच



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड क्षेत्र के बांसडीह कलां गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने शनिवार को बीडीओ मुकेश मछुआ को लिखित आवेदन देकर पीडीएस डीलर रवि राम पर राशन नहीं देने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बीडीओ से शिकायत की है कि डीलर द्वारा कुछ लोगों को जुलाई और अगस्त माह का राशन और धोती साड़ी वितरण किया गया है, जबकि हमलोगों को राशन खत्म होने का हवाला देकर राशन नहीं दिया। डीलर द्वारा प्रत्येक माह लाभुकों को घर बुलाकर अंगुठा लाकर पर्ची निकाल लिया जाता है और राशन की मांग करने पर राशन बाद में देने और राशन खत्म होने का हवाला दिया जाता है। इस संबंध में डीलर रवि राम ने बताया कि उन्हें जनवरी माह से लेकर अगस्त माह तक 190 क्विंटल 14 किलो राशन कम मिला है, जबकि जुलाई माह में 14.56 किवंटल कम राशन मिलने से कुछ लाभुकों को राशन वितरण नहीं हो सका है। बीडीओ ने तत्काल एक्शन लेते हुए बांसडीह गांव जाकर राशन दुकान की जांच की। बीडीओ मुकेश मछुआ ने डीलर को एक सप्ताह के भीतर राशन मिलने से वंचित लाभुकों को राशन देने का निर्देश दिया है। राशन वितरण नहीं होने पर जांच कर डीलर के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही।

# पीडीएस दुकान में सामूहिक तालाबंदी

## बड़गड़ प्रखंड के ग्रामीणों ने डीलर की मनमानी के विरोध में उठाया कदम

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**

बड़गड़ प्रखंड अंतर्गत परसवार पंचायत के टेंगारी एवं मुटकी गांव के ग्रामीणों ने डीलर द्वारा कम राशन दिए जाने के विरोध में मुखिया जंगलपती लकड़ा के उपस्थित में जनवितरण प्रणाली के दूकान में सामूहिक रूप से तालाबंदी की है। दोनों गांव के ग्रामीणों ने जन वितरण प्रणाली के दुकानदार पुरन कच्छप द्वारा कार्डधारियों से बायोमेट्रिक सिस्टम पर अंगुठा लगवाकर कम राशन देने से संबंधित शिकायत सैकड़ो हस्ताक्षर युक्त आवेदन के माध्यम से मुखिया एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से किया है।



दिए गए आवेदन में राशन लाभुकों ने कहा है कि डिलर द्वारा राशन लेने जानें पर कार्डधारियों के साथ उचित व्यवहार भी नहीं किया जाता है। ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अनुसंसा कराकर उपरोक्त पदाधिकारी से डीलर पर उचित कार्रवाई करते हुए कटौती किए गए राशन दिलानें की मांग कि है। इधर राशन दुकान में लाभुकों द्वारा ताला बंद किए तीन दिन बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं किए जाने से लाभुकों में नाराजगी है। वही राशन दूकान में तालाबंद किए जाने से जो लाभुक राशन अभी तक नहीं ले पाए हैं वे अपना राशन लेने के लिए दुकान का चक्कर लगाने को विवश हैं। जन वितरण प्रणाली के दूकान में तालाबंदी करने वाले आक्रोशित राशन लाभुकों में सोपान कच्छप, जुलेस कच्छप, अरविंद कुजूर, विदयस टोप्पो, रमेश तिर्की, जुनैद अंसारी, हरिहर सिंह, प्रमोद कुमार सोनी, बेनेदिक मिंज, किनु किस्पोट्टा, यशपाल टोप्पो, रिमा लकड़ा, शुशीला केरकेट्टा आदि सहित सैकड़ों महिला - पुरूष के नाम शामिल हैं। कार्ड धारियों को कम राशन दिए जाने के संबंध में पूछे जाने पर डीलर पुरन कच्छप ने कहा कि पिछले कई महीने से आवंटन के हिसाब से गोदाम से राशन नहीं मिल रहा है। गोदाम से कार्डधारियों के संख्या के अनुपात में काफी मात्रा में राशन की कटौती हुई है जिस कारण लाभूकों को उचित मात्रा में राशन नहीं दिया जा सका है। बचा हुआ राशन सभी लोगों को गोदाम से राशन मिलने के बाद दे दिया जाएगा।

जन वितरण प्रणाली की दुकान में डीलर द्वारा कम राशन दिए जाने एवं लाभुकों द्वारा दुकान में ताला बंद किया जाने के संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी गोदाम प्रबंधक मोजेस किस्पोट्टा ने कहा कि राशन दुकान में ताला बंद किए जाने की लिखित सूचना किसी के द्वारा नहीं दी गई है। जिन लोगों को डीलर द्वारा कम राशन दिया गया है उन्हें पूरा राशन मिलेगा।

## साहू डिग्री कॉलेज परिसर में एप्रेन्टिस मेला कल लगेगा

**लातेहार।** जिला नियोजन कार्यालय के तत्वाधान में 18 सितंबर को पूर्वाह्न 10:00 बजे से बनवारी साहू डिग्री कॉलेज परिसर में एप्रेन्टिस मेला का आयोजन किया गया है। इसमें कई कम्पनियां / प्रतिष्ठान/ संस्थान शामिल होंगी। इसमें 5वीं/ 10वीं/ इंटर/ स्नातक/ आईटीआई/ टेक्निकल डिग्री इत्यादि शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार शामिल हो सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने जिले के युवाओं से अपील की है कि एप्रेन्टिस मेला में भाग लेकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें। इस मेले में भाग लेने हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। झारखंड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नियोजन कार्ड। शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कागजातों की छाया प्रति। 2 कॉपी फोटो। आधार कार्ड की छाया प्रति।

## रामगढ़ को हरा अंतिम चार में पहुंची गिरिडीह की टीम



**नवीन मेनल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा जिला फुटबाल संघ के द्वारा स्थानीय राम साहू के मैदान में आयोजित अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में गिरिडीह की टीम ने पेनल्टी शूटआउट में रामगढ़ को 4-3 से हरा दिया। गिरिडीह के राजकुमार मरांडी को मैन ऑफ द मैच दिया गया। रविवार को इसी मैदान में जमशेदपुर एवं गिरिडीह के बीच सेमीफाइनल दोपहर बाद 2:00 बजे से खेला जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल मैच गोड्डा एवं बोकारो के बीच 18 सिंतबर को अटौला के मैदान में खेला जाएगा। इससे पहले मैच का उद्घाटन पलामू जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष अशफाक अहमद ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। मैच को देखने के लिए आयोजन समिति के संरक्षक उपायुक्त शेखर जमुआर, आयोजन समिति के अध्यक्ष राज महेश्वरम, सचिव आलोक कुमार मिश्रा, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी आदि उपस्थित थे। फानल 20 सितंबर को रंका में किया जाएगा।

## वैश्य समाज ने श्री गणिनाथ गोविंद का पूजा महोत्सव मनाया

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब में अखिल भारतीय मधेशिया वैश्य हलवाई समाज द्वारा शनिवारको श्री श्री गणिनाथ गोविंद का पूजा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर व मधेशिया हलवाई समाज के बाहर से आए हुए अतिथियों द्वारा किया गया।



वहीं समाज के द्वारा जिला कमेटी के अध्यक्ष नंदू प्रसाद के नेतृत्व में झंडात्तोलन करने का काम का आयोजन किया गया। गणिनाथ महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि समाज की एकता और संस्कृति की रक्षा को लेकर यह कार्यक्रम प्रेरणा स्त्रोत है और अपनी एकता और संस्कृति की रक्षा के लिए इस समाज से जुड़े सभी को लोगों को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मैट्रिक और इंटर की परीक्षा केसाथ-साथ समाज के लिए बेहतर योगदान देने वाले लोगों को विधायक द्वारा सम्मानित किया गया।मौके पर संतोष कुमार, प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, कांग्रेस कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, अजय चंद्रवंशी, समाज के प्रदेश महामंत्री नंदकिशोर प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार गुप्ता बिनु, भीम प्रसाद, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता, बबन प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, उत्तम कुमार आदि मौजूद थे।

## पहल | महिला से छेड़छाड़ करने वालों पर नजर रखेगा शक्ति दस्ता


# शहर में मनचलों की अब खैर नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

महिलाओं को सुरक्षा देने की उद्देश्य से गढ़वा पुलिस की ओर से शक्ति दस्ता की शुरुआत की गई। एसपी दीपक कुमार पांडे ने समरनालय से शक्ति दस्ता को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर एसपी दीपक कुमार पांडे ने कहा कि गढ़वा में छेड़छाड़ की सूचना कुछ लोगों ने दिया था सूचना के आधार पर पुलिस की ओर से छेड़छाड़ के मामले को कम करने के लिए शक्ति दस्ता की शुरूआत की गई है। हर स्कूल कॉलेज एवं कोचिंग संस्थान के सामने पेट्रोलिंग करते रहेगी जैसे ही मनचले वहां पहुंचकर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करेंगे शक्ति दस्ता उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि शक्ति दस्ता का संचालन महिला थाना से किया जाएगा। उसके लिए 4 जोन में बांटा गया है जो अलग-अलग इलाके में जहां छेड़छाड़ की संभावनाएं ज्यादा रहती है उसे इलाके में पेट्रोलिंग करेगी। जिस महिला या लड़की को किसी तरह की असुविधा या छेड़छाड़ होने की संभावना लगे वह सीधे उनसे अपनी शिकायत कर सकती हैं पुलिस छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि अब गढ़वा शहर में मनचलों का आप खैर नहीं है जिस किसी को भी किसी कोचिंग संस्थान या स्कूल के सामने बिना काम के घूमते देखा जाएगा या लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करते हुए पकड़ा गया उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी मौके पर सार्जेंट मेजर ओमप्रकाश आदि दास मौजूद थे।



## इद्रिसी समाज के अध्यक्ष शोएब, सरपरस्त महमूद



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में शुक्रवार की शाम इद्रिसी समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से इद्रिसी कमिटी गठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से इद्रिसी कमिटी का अध्यक्ष शोएब आलम को, उपाध्यक्ष शाहिद नवाज को, सचिव इजमामूल हक, संगठन सचिव अरशद खलीफा को, खजांची मोजाहिद खलीफा को तथा कमिटी का सरपरस्त मो महमूद आलम सीनियर को बनाया गया। बैठक में अध्यक्ष शोएब आलम ने कहा कि समाज के लोगों ने जिस उम्मीद व विश्वास के साथ हमें जिम्मेवारी दी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। बैठक में नईम खलीफा, मुमताज खलीफा, फिरोज खलीफा, नसीम खलीफा, तौकीर आलम, मंजूर खलीफा, इरफान खलीफा, अयाज खलीफा, मुस्तकीम खलीफा, नसरुलाह खलीफा, अबुताज शहंशाह, सुहैल आलम, गोलू आलम, सद्दाम हुसैन, एजाज आलम, इमरान, नाजिर आदि उपस्थित थे।

एक नजर इधर भी

## युवाओं को अध्यात्म से जोड़ना हमारा कर्तव्य

**वर्तमान** समय में युवाओं को अध्यात्म से जोड़ना आवश्यक है। शिक्षा, रोजगार, सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक क्षेत्र में वे अध्यात्म से जुड़कर प्रगति कर सकते हैं। अध्यात्म का अर्थ है आत्मा का विकास। आत्मा से जुड़कर आत्मा को जानना। ध्यान और योग के माध्यम से हम अध्यात्म से जुड़ सकते हैं। इसका निरंतर अभ्यास कर सकते हैं। इस साधना को करते हुए एक साधक का लक्ष्य रहता है-आत्म साक्षात्कार। साधनारत साधकों के लिए यही पूर्णता है। प्राचीनकाल से भारतवर्ष में गुरुकुलों में जो शिक्षा दी जाती थी, उसमें अन्य विषयों के साथ-साथ विभिन्न कलाओं से जुड़ना, सेवा संस्कार, योग और ध्यान जैसे महत्वपूर्ण विषय भी शामिल रहते थे। बाद में यह गुरुकुल बंद होते गए। विकास को भौतिकता से जोड़ दिया गया। शिक्षण संस्थानों में भारतीय संस्कृति से जुड़े विषयों को धीरे-धीरे अलग कर दिया गया। शैक्षणिक पाठयक्रमों में अनेक विसंगतियों के कारण युवाओं के समक्ष दिशाहीनता की स्थिति पैदा हुई। हम देख रहे हैं कि शिक्षित होने के बाद जब युवाओं को रोजगार या नौकरी नहीं मिलती तो उनमें निराशा होती है। कई बार प्रयास करने के बाद जब उन्हें सफलता नहीं मिलती तो वे अपराध के मार्ग पर चलने लगते हैं या आत्महत्या जैसे गंभीर कदम उठा लेते हैं। ऐसी कठिन परिस्थिति में उन्हें उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। हमारे युवा अध्यात्म से जुड़ेंगे तो उनकी समस्याओं का उन्हें समाधान मिल सकता है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में जनचेतना आई है। नई शिक्षा नीति आने के बाद शिक्षण संस्थानों का स्वरूप बदल रहा है। युवाओं ने अध्यात्म के क्षेत्र में भी रुचि दिखाई है। अच्छी बात है कि उनका मन अब इस क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। योग भारत की देन है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को मान्यता मिली है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 11 दिसंबर 2014 को हर वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस मनाए जाने की घोषणा की। इसके बाद दुनिया में योग का महत्व अधिक व्यापक हुआ। भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भागवत गीता में अर्जुन को उपदेश देते हुए योग का महत्व प्रतिपादित किया। श्रीकृष्ण योगेश्वर कहे जाते हैं। भगवान शिव आदियोगी हैं। उन्होंने ऋषियों को योग की शिक्षा दी। महर्षि पतंजलि ने योग शास्त्र की रचनाकर जनसाधारण के लिए इसे सुगम और सुलभ बनाया। वैदिक शिक्षा में आरोग्य, दीघार्यु होने की भावना, अध्यात्म मार्ग से जुड़ना, ईश्वर आराधना, अनासक्ति भावना तथा विश्व कल्याण की भावना रखने पर बल दिया गया है। इसमें मानव कल्याण के साथ-साथ प्रकृति मित्र होने की भावना का भी वर्णन है।

**मनु कहते हैं :**

**शब्दः स्पर्शश्च रूपञ्च रसो गंधश्च पंचमः।**
**वेदादेव प्रसूयंते प्रसूति-गुण-कर्मतः।।**

**मनु स्मृति 12.18**

मनु कहते हैं-वेद से ही शब्द, स्पर्श, रूप, रस तथा गंध उत्पन्न होते हैं। यह पांच तत्व आकाश, वायु, अग्नि, जल तथा पृथ्वी के ही रूप हैं। इन पांच तत्वों से ही सृष्टि बनी है, इसलिए वेद को ब्रह्म कहना उचित है। एतरेय सूत्र के अनुसार चित चेतन है। प्राण ऊर्जा है। वाक पदार्थ है। पदार्थ से ऊर्जा सूक्ष्म है। ऊर्जा से चेतन सूक्ष्म है। सूक्ष्म का नियंत्रण स्थूल में रहता है। मंत्र से आह्वान किया जाए तो देवता प्रकट हो जाते हैं। इसके लिए कामना, इच्छा, संकल्प और श्रद्धा जरूरी है। वेद, पुराण और उपनिषद राष्ट्र की अनमोल धरोहर हैं। युवाओं को इनका स्वाध्याय करना चाहिए। शिक्षण संस्थाओं में ये ग्रन्थ उपलब्ध कराना चाहिए। इन ग्रंथों के सार अंशों का छोटे-छोटे भागों में प्रकाशन होना चाहिए। गीताप्रेस गोरखपुर और गायत्री परिवार की तरह अन्य संस्थाओं को इस पुनीत कार्य के लिए आगे आने की जरूरत है। युवा अध्यात्म से जुड़ते हैं तो उनका शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास संभव हो सकेगा। यह सत्य है कि यम और नियम का पालन करने वाला मनुष्य संस्कारवान और अनुशासित रहता है।

**■ श्रीराम माहेश्वरी**

# विश्वकर्मा जयंती पर केंद्र सरकार की बड़ी पहल

**भगवान** विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं। विश्वकर्मा ने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होंने ही देवताओं के विमानों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा का ऋग्वेद में ब्रह्मांड (पृथ्वी और स्वर्ग) के निमार्ता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिव लिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं। इस साल विश्वकर्मा जयंती पर केंद्र की मोदी सरकार कामगारों को बड़ा तोहफा देने जा रही है। हर वर्ष 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। यह कन्या संक्रांति पर पड़ता है। यह वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। इस दिन का औद्योगिक जगत और भारतीय कलाकारों, मजदूरों, इंजीनियर्स आदि के लिए खास महत्व है। विश्वकर्मा जयन्ती भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरयाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड में मनायी जाती है। नेपाल में भी विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। विश्वकर्मा के पूजन और उनके बताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तु दोष नहीं माना जाता।

विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योहार मनाते हैं। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निमार्ता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है। दुनिया का निमार्ता यानि की दुनिया का निर्माण करने वाला। औद्योगिक श्रमिकों द्वारा इस दिन बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती हैं। विश्वकर्मा जयन्ती के दिन देश के कई हिस्सों में काम बंद रखा जाता है और खूब पंतगबाजी की जाती है। विभिन्न प्रदेशों की सरकार विश्वकर्मा जयन्ती पर अपने कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश प्रदान करती है। यह त्योहार मुख्य रूप से दुकानों, कारखानों और उद्योगों द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर, कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिक अपने औजारों की पूजा करते हैं और भगवान विश्वकर्मा से उनकी आजीविका सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थना करते हैं। वे मशीनों के सुचारू संचालन के लिए प्रार्थना करते हैं और विश्वकर्मा पूजा के दिन अपने उपकरणों का उपयोग करने से परहेज करते हैं। विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तु तंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें

**वश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योहार मनाते हैं। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निमार्ता) से मिलकर बना है।**

अनुपम वास्तु विद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाएं भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं। धर्मग्रंथों में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है।

इन दिनों



रमेश सर्राफ धमोरा

पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्गलोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुरराज रावण की स्वर्ण नगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं। उड़ीसा का विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर तो विश्वकर्मा के शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण माना जाता है। विष्णु पुराण में उल्लेख है कि जगन्नाथ मंदिर की अनुपम शिल्प रचना से खुश होकर भगवान विष्णु ने उन्हें शिल्पावतार के रूप में सम्मानित किया था। विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निमार्ता और प्रवर्तक भी कहा गया है। अपने विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान के कारण देव शिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर, असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। भगवान विश्वकर्मा के पूजन-अर्चन किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यो में प्रयुक्त होने वाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है। महाभारत में पांडव जहां रहते थे उस स्थान को इंद्रप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। इसका निर्माण भी विश्वकर्मा ने किया था। कौरव वंश के हस्तिनापुर और भगवान कृष्ण के द्वारका का निर्माण भी विश्वकर्मा ने ही किया था। सतयुग का स्वर्ग लोक, त्रेता युग की लंका, द्वापर की द्वारिका और कलयुग के हस्तिनापुर आदि के रचयिता विश्वकर्मा जी की पूजा अत्यन्त शुभकारी है। सृष्टि के प्रथम सूत्रधार, शिल्पकार और विश्व के पहले तकनीकी ग्रन्थ के रचयिता भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं की रक्षा के लिये अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था।

**■ रमेश सर्राफ धमोरा**

# ब्रह्मांड के वास्तुकार की महिमा अपरंपार

**प्रतिवर्ष** 17 सितंबर को की जाने वाली 'विश्वकर्मा पूजा' एकमात्र ऐसी पूजा है, जो काम में बरकत के लिए की जाती है। इस दिन सभी प्रकार की मशीनों, जैसे औजार, गाड़ी, कम्प्यूटर अथवा प्रत्येक ऐसी वस्तु, जो आपके कार्य को पूरा करने में इस्तेमाल होती है, उसकी पूजी की जाती है। भगवान विश्वकर्मा को औजारों का देवता और धातुओं का रचयिता भी कहा जाता है। वास्तु शास्त्र में महारत हासिल होने के कारण ही विश्वकर्मा को वास्तुशास्त्र का जनक कहा गया। यही कारण है कि वास्तुकार कई युगों से भगवान विश्वकर्मा को अपना गुरु मानते हुए उनकी पूजा करते आ रहे हैं। ब्रह्मांड के दिव्य वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा के जन्म को लेकर पुराणों में एक कथा का उल्लेख मिलता है, जिसके अनुसार, सृष्टि की रचना की शुरूआत में भगवान विष्णु क्षीरसागर में प्रकट हुए और उनके नाभि-कमल से ब्रह्मा जी की उत्पत्ति हुई। ब्रह्मा जी के पुत्र का नाम धर्म रखा गया। धर्म का विवाह संस्कार वस्तु नामक स्त्री से हुआ। धर्म और वस्तु के सात पुत्र हुए और सातवें पुत्र का नाम वास्तु रखा गया। वास्तुशिल्प शास्त्र में अत्यंत निपुण थे। वास्तु के ही पुत्र का नाम विश्वकर्मा था, जो अपने माता-पिता की ही भांति महान शिल्पकार हुए और इस सृष्टि में अनेकों प्रकार के अद्भुत निर्माण विश्वकर्मा द्वारा ही किए गए। शास्त्रों के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा का जन्म माघ शुक्ल त्रयोदशी को हुआ था, इसलिए इन्हें भगवान शिव का अवतार भी माना जाता है। कुछ धर्मग्रंथों में यह उल्लेख भी मिलता है कि महर्षि अंगिरा के ज्येष्ठ पुत्र बृहस्पति की बहन भुवना ब्रह्मविद्या जानने वाली थी, जिनका विवाह अष्टम् वसु महर्षि प्रभास के साथ हुआ था, उन्हीं से सम्पूर्ण शिल्प विद्या के ज्ञाता प्रजापति विश्वकर्मा का जन्म हुआ।

कुछ कथाओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा का जन्म देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से हुआ। धर्म शास्त्रों के अनुसार महर्षि दधीचि द्वारा दी गई उनकी हड्डियों से ही विश्वकर्मा ने वज्र का निर्माण किया है, जो देवताओं के राजा इन्द्र का प्रमुख हथियार है। ऐसी मान्यता है कि एक बार असुरों से परेशान देवताओं की गुहार पर विश्वकर्मा ने महर्षि दधीचि की हड्डियों से देवताओं के राजा

**वास्तुशिल्प शास्त्र में अत्यंत निपुण थे। वास्तु के ही पुत्र का नाम विश्वकर्मा था, जो अपने माता-पिता की ही भांति महान शिल्पकार हुए और इस सृष्टि में अनेकों प्रकार के अद्भुत निर्माण विश्वकर्मा द्वारा ही किए गए। शास्त्रों के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा का जन्म माघ शुक्ल त्रयोदशी को हुआ था, इसलिए इन्हें भगवान शिव का अवतार भी माना जाता है।**

इन्द्र के लिए वज्र बनाया था, जो इतना प्रभावशाली था कि उससे असुरों का सर्वनाश हो गया।

देवताओं का स्वर्ग हो या रावण की सोने की लंका अथवा भगवान श्रीकृष्ण की द्वारका या पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर, इन सभी का निर्माण भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही किया गया था, जो वास्तुकला की अद्भुत मिसाल हैं। देवताओं के लिए उन्होंने अनेक भव्य महलों, आलीशान भवनों, हथियारों तथा सिंहासनों का निर्माण किया। इसीलिए उन्हें ह्यदेवताओं के शिल्पीह्न के रूप में भी विशिष्ट स्थान प्राप्त है। चार युगों में उन्होंने कई नगरों और भवनों का निर्माण किया। रावण के अंत के बाद जिस पुष्पक विमान में बैठकर राम, लक्ष्मण, सीता और अन्य साथी अयोध्या लौटे थे, वह भी विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित किया गया था। सबसे पहले सतयुग में उन्होंने स्वर्गलोक का निर्माण किया, त्रेता युग में लंका का, द्वापर युग में द्वारिका का और कलियुग के आरंभ के 50 वर्ष पूर्व हस्तिनापुर तथा इंद्रप्रस्थ का निर्माण किया। उन्होंने ही जगन्नाथ पुरी के जगन्नाथ मन्दिर में स्थित कृष्ण, सुभद्रा और बलराम की विशाल मूर्तियों का निर्माण किया।

विश्वकर्मा जयंती और विश्वकर्मा पूजा की महत्ता को सिद्ध करने के लिए एक कथा भी प्रचलित है। कथानुसार, धार्मिक प्रवृत्ति का एक रथकार अपनी पत्नी सहित काशी में रहता है, जो अपने कार्य में बेहद निपुण था लेकिन स्थान-स्थान पर घूमने और कड़ा प्रयत्न करने के बाद भी उसे इतना ही धन प्राप्त हो जाता था कि बामुश्किल उसके परिवार के लिए भोजन का प्रबंध हो पाता था। उनकी कोई संतान नहीं थी, इसको लेकर भी पति-पत्नी चिंतित रहते थे और साधु-संतों की शरण में जाते रहते थे। एक दिन एक पड़ोसी ने उन्हें सलाह दी कि तुम भगवान विश्वकर्मा की शरण में जाओ, वही तुम्हारा बेड़ा पार करेंगे। उसके बाद पति-पत्नी ने भगवान विश्वकर्मा की सच्चे मन से पूजा-आराधना की, जिससे और उन्हें पुत्र-रत्न और धन-धान्य की प्राप्ति हुई और वे सुख से जीवन व्यतीत करने लगे। कहा जाता है कि उसी के बाद से विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से की जाने लगी।

**■ योगेश कुमार गोयल**
**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

है न विचित्र बात !

## बिल्लोरी आंखों वाले चंद्रमोहन

**व्ही. शांताराम** ने 1934 में एक बहुत चर्चित फिल्म अमृत मंथन बनाई थी। इसमें खलनायक यानी राजगुरु की भूमिका जिस अभिनेता ने निभाई थी उसकी बिल्लोरी आंखों की चर्चा बहुत लंबे समय तक हुई। डर पैदा करने के लिए शांताराम ने उनकी आंखों के क्लोजअप का इस्तेमाल बार-बार किया, जो परदे पर बहुत प्रभावी बन पड़ा था। बिल्लोरी आंखों वाले यह अभिनेता थे चंद्रमोहन और यह उनकी पहली ही फिल्म थी। उन्होंने आगे भी शांताराम की कई फिल्मों में काम किया। अमृत मंथन प्रभात फिल्म कंपनी ने बनाई थी जो कि उस समय कोल्हापुर में स्थित थी और बाद में पुणे शिफ्ट हो गई। अपनी पहली फिल्म से ही चंद्रमोहन लोकप्रिय स्टार बन गए थे। शांताराम की अगली दो फिल्मों धर्मात्मा और अमर ज्योति में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चंद्रमोहन का जन्म नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश में 24 जुलाई 1906 में हुआ था। वह कश्मीरी ब्राह्मण थे और उनके पिता ग्वालियर रियासत की सेवा में थे। पिता बहुत कम उम्र में ही चल बसे थे, इसलिए जीवनयापन की सारी जिम्मेदारी उन पर ही आ पड़ी। इसके लिए उन्होंने बहुत सारे काम किए । एक फिल्म वितरण कंपनी में काम करने के दौरान उनकी मुलाकात व्ही. शांताराम से हुई। शांताराम को उनका व्यक्तित्व कुछ अलग और बेहद आकर्षक लगा। इसलिए उन्होंने तुरंत ही उनके सामने अभिनेता बनने का प्रस्ताव रख दिया। अचानक मिले इस प्रस्ताव को चंद्रमोहन ने उस समय मना कर दिया। कुछ समय बाद चंद्रमोहन नैनीताल के एक थियेटर में मैनेजर बनकर चले गए। वहां शांताराम से उनकी फिर मुलाकात हुई, तब वे उनको मना नहीं कर पाए। शांताराम ने उनके साथ तीन फिल्मों का अनुबंध किया । लगातार प्रदर्शित हुई यह फिल्में थीं अमृत मंथन, धर्मात्मा (1934) और अमर ज्योति (1935)। अमृत मंथन में उनकी आंखों के इस्तेमाल से उनकी छवि एक खलनायक की हो गई थी। ऐसे में सोहराब मोदी ने उन्हें अपनी ऐतिहासिक फिल्म पुकार में बादशाह जहांगीर की भूमिका देकर एक बहुत बड़ा जोखिम उठाया। यह फिल्म बहुत लोकप्रिय हुई और उनकी भूमिका भी। इस फिल्म में उनकी नायिका सायरा बानो की मां नसीम थी। इस तरह एक खलनायक से नायक बनने का यह पहला बड़ा उदाहरण था। व्ही . शांताराम, चंद्रमोहन को लेकर चौथी फिल्म भी बनाना चाहते थे लेकिन स्वाभिमानी और अपनी बात के पक्के चंद्रमोहन से उनकी बात मेहनताने को लेकर बिगड़ गई। शांताराम पुराने मानदेय पर ही उनसे काम कराना चाहते थे लेकिन चंद्रमोहन चाहते थे कि अब उनकी हैसियत बढ़ गई है तो उनको ज्यादा पैसे दिए जाएं। उस समय तो बात नहीं बनी लेकिन बाद में उन्होंने उनकी फिल्म शकुंतला में जय श्री के साथ दुष्यंत की यादगार भूमिका निभाई। अपने 15 साल के छोटे करियर में चंद्रमोहन ने लगभग 30 फिल्मों में काम किया। उनकी उल्लेखनीय फिल्मों में अमृत मंथन, रोटी, शकुंतला, मुमताज महल, श्रवण कुमार और रामबाण प्रमुख हैं जिसमें उन्होंने राजगुरु, अमीर आदमी, दुष्यंत, शाहजहां, राजा दशरथ और रावण के अलग-अलग महत्वपूर्ण पात्रों को अभिनीत किया। महबूब खान की फिल्म रोटी में उन्होंने एक बहुत महत्वपूर्ण रोल किया, जिसमें एक अमीर आदमी पैसे के लालच में दूसरों का पैसा हड़प कर अंत में कैसे, पैसे से एक गिलास पानी भी नहीं पा पाता है को बहुत शिद्दत से प्रस्तुत किया था। इसमें उनकी नायिका बेगम अख्तर थीं। 1944 में उनकी लोकप्रियता चरम पर थी और इस वर्ष उनकी छह फिल्में रिलीज हुईं जिसमे ऐतिहासिक फिल्म मुमताज महल भी शामिल है। 1945 में उनकी चार फिल्में प्रदर्शित हुई जिनमें हुमायूं और पन्नाधाय शामिल थीं। 1948 में रिलीज हुई शहीद उनकी अंतिम फिल्म थी, इसमें उन्होंने दिलीप कुमार के पिता राय बहादुर द्वारका दास का रोल किया था।

**■ अजय कुमार शर्मा**

# भाषा सांस्कृतिक प्रवाह का महत्वपूर्ण उपकरण

**भारत** में अनेक भाषाएं हैं। कोई भी भाषा किसी दूसरी भाषा से छोटी या बड़ी नहीं होती। भारतीय भाषाओं में परस्पर प्रतिद्वंद्विता भी नहीं है। हमारे संविधान निमार्ताओं ने सम्यक विचारोपरांत हिन्दी को राजभाषा स्वीकार किया था। संविधान सभा में राजभाषा का प्रस्ताव एमजी आयंगर ने रखा था। उन्होंने कहा था, 'यद्यपि संघ के सरकारी प्रयोजनों के लिए हमने हिन्दी को अभिज्ञात किया है। लेकिन वह समुन्नत भाषा नहीं है।' उन्होंने 15 वर्ष तक अंग्रेजी जारी रखने और आवश्यकतानुसार आगे भी अंग्रेजी का उपयोग जारी रखने का प्रस्ताव रखा। नजीरुद्दीन अहमद ने अंग्रेजी का पक्ष लिया। लेकिन आरवी धुलेकर ने हिन्दी को राष्ट्रभाषा बताया। इस पर कई सदस्यों ने आपत्ति की। धुलेकर ने कहा, 'मैं कहता हूं कि वह राजभाषा है। हिन्दी के राजभाषा हो जाने के बाद संस्कृत विश्व भाषा बनेगी। अंग्रेजी के नाम 15 वर्ष का पट्टा लिखने से राष्ट्र का हित साधन नहीं होगा।' बहस में सेठ गोविन्द दास ने हिन्दी की पैरोकारी की और कहा, 'इस देश में हजारों वर्ष से एक संस्कृति है। यहां एक भाषा और एक लिपि होनी चाहिए।' अलगू राय शास्त्री ने कहा, 'हिन्दी की होड़ अंग्रेजी से है। बांग्ला, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ से नहीं। अब यहां भारतीय भाषा ही होनी चाहिए। हिन्दी को भी यह महत्व प्राप्त हो सकता है। अंग्रेजी हमारे किसी भी प्रान्त की भाषा नहीं है।' बहस तीन दिन तक चली। पं. नेहरू ने कहा, 'अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो, हम इसे सहन नहीं कर सकते।' नेहरू के लिए अंग्रेजी बर्दाश्त के बाहर थी तो भी नेहरू जी ने अंग्रेजी को बनाए रखने की पैरोकारी की और 14 सितम्बर 1949 के दिन हिन्दी राजभाषा बन गई। 15 साल के लिए अंग्रेजी का प्रभुत्व स्वीकार कर लिया गया।

संविधान (अनुच्छेद 351) में हिन्दी के विकास के लिए विशेष निर्देश दर्ज हुए। इस अनुच्छेद में कहा गया है कि संघ का कर्तव्य होगा कि वह हिन्दी भाषा का प्रसार बढ़ाए, उसका विकास करे। उसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना हिन्दुस्तानी या आठवीं अनुसूची में निर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं में प्रयुक्त, रूप, शैली और पदों को आत्मसात करते हुए और जहां आवश्यक हो वहां उसके शब्द भण्डार के लिए मुख्यतः संस्कृत से और गौणतः अन्य भाषाओं से ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करें।' संविधान निमार्ताओं ने राजभाषा की समृद्धि के लिए केन्द्र को यह कर्तव्य सौंपा है। लेकिन राजभाषा के प्रचार और प्रसार के लिए पूर्ववर्ती सरकारों ने इस संवैधानिक कर्तव्य का पालन नहीं किया। प्रसन्नता की बात है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान निमार्ताओं के निर्देश का पालन किया है। राजभाषा के संवर्द्धन के लिए उनकी सजगता से पूरा देश परिचित है। शाह ने 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के अवसर पर कहा कि हिन्दी विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में भाषाओं की विविधता को एकजुट करती है।'

उन्होंने बिलकुल ठीक कहा है, हिन्दी ने कभी भी किसी अन्य भारतीय भाषा के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं की। हिन्दी की प्रतिस्पर्धा अन्य किसी भारतीय भाषा के साथ नहीं थी। भाषा महत्वपूर्ण उपकरण है। यह संस्कृति, सभ्यता, ज्ञान-विज्ञान और दर्शन जैसे सभी अनुशासनों की अभिव्यक्ति का माध्यम है। हिन्दी के पास भारतीय दर्शन, विज्ञान सहित ज्ञान परम्परा के सभी अनुशासनों का संस्कृत का उत्तराधिकार है। संविधान निमार्ताओं ने उचित ही हिन्दी को राजभाषा बनाया। पीछे साल हिन्दी दिवस के मौके पर सूरत में भी शाह ने विज्ञान, कानून जैसे विषयों पर हिन्दी में उच्च स्तरीय लेखन की आवश्यकता बताई थी। हिन्दी और सभी भारतीय भाषाओं के विकास के सम्बंध में उनका दृष्टिकोण सुस्पष्ट है। लेकिन भाषा को वोट राजनीति का हथियार बनाने के लिए तमिलनाडु के एक मंत्री ने गृहमंत्री शाह पर हिन्दी थोपने का बेजा आरोप लगाया है।

**संविधान (अनुच्छेद 351) में हिन्दी के विकास के लिए विशेष निर्देश दर्ज हुए। इस अनुच्छेद में कहा गया है कि संघ का कर्तव्य होगा कि वह हिन्दी भाषा का प्रसार बढ़ाए, उसका विकास करे। उसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना हिन्दुस्तानी या आठवीं अनुसूची में निर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं में प्रयुक्त, रूप, शैली और पदों को आत्मसात करते हुए और जहां आवश्यक हो वहां उसके शब्द भण्डार के लिए मुख्यतः संस्कृत से और गौणतः अन्य भाषाओं से ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करें।' संविधान निमार्ताओं ने राजभाषा की समृद्धि के लिए केन्द्र को यह कर्तव्य सौंपा है।**

आरोप निराधार है। पूरी तौर पर राजनीतिक है।

यह अच्छी बात है कि तमिलनाडु के मंत्री की बात को किसी ने भी महत्व नहीं दिया है। शाह ने स्पष्ट किया है कि अपनी सभी भाषाओं को मजबूत करने से ही राष्ट्र सशक्त होगा। हिन्दी सभी भाषाओं को सशक्त करने का माध्यम बनेगी। भारतीय राष्ट्र का गठन संस्कृति से हुआ है। भाषा सांस्कृतिक प्रवाह का महत्वपूर्ण उपकरण होती हैं। शाह ने पिछले वर्ष कहा था, 'अंग्रेजी के आकर्षण के कारण हम अपनी प्रतिभा का 5 प्रतिशत ही उपयोग कर पा रहे हैं। अंग्रेजी और अंग्रेजियत के मोहपाश से मुक्त होना समय का आह्वान है।' स्वाधीनता संग्राम की भाषा हिन्दी व अन्य क्षेत्रीय भाषाएं ही थीं। लेकिन अंग्रेजी का आकर्षण आधुनिक होने का साधन था। गांधी जी ने दुख व्यक्त किया था कि अंग्रेजी ने हिन्दुस्तानी राजनीतिज्ञों के मन में घर कर लिया है।

गांधी जी ने 1919 में कहा था, 'मैं टूटी-फूटी हिन्दी बोलता हूं। अंग्रेजी बोलने में मुझे पाप लगता है। 1917 में राष्ट्र भाषा को लेकर बहस थी। गांधी जी ने राष्ट्र भाषा के लक्षण बताए थे। यह भाषा सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आसान होनी चाहिए। उस भाषा के द्वारा भारत का आपसी धार्मिक, आर्थिक व राजनीतिक कामकाज सरल होना चाहिए। ऐसी भाषा को भारत के ज्यादातर लोग बोलते हों। भाषा पर विचार करते समय क्षणिक या अस्थाई परिस्थिति पर जोर न दिया जाए। अंग्रेजी में यह लक्षण नहीं हैं। हिन्दी में यह सारे लक्षण हैं। गांधी हिन्दी के पक्षधर थे। देश के राष्ट्रवादी नेता भी हिन्दी के पैरोकार थे। दरअसल भाषा ही सामाजिक संगठन का मुख्य उपकरण होती है। भाषा का उद्देश्य दैनिक जीवन की कार्रवाई पूरा करना ही नहीं होता। आदर्श मनुष्य गढ़ने के लिए भी भाषा ही सशक्त उपकरण होती है। राष्ट्रजीवन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए भाषा में आदर्श संस्कार भी होने चाहिए। डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने 'सहज भाषा का प्रश्न' शीर्षक से लिखा है, 'निस्संदेह मैं सहज भाषा का पक्षपाती हूं। परन्तु सहज भाषा मैं उसे समझता हूं जो सहज ही मनुष्य को आहार-निद्रा आदि पशु-सामान्य धरातल से ऊंचा उठा सके। सहज भाषा का अर्थ है-सहज ही महान बना देने वाली भाषा। वह भाषा, जो मनुष्य को उसकी सामाजिक दुर्गति, दरिद्रता, अंध-संस्कार और परमुखापेक्षिता से न बचा सके, किसी काम की नहीं है, भले ही उसमें प्रयुक्त शब्द बाजार में विचरने वाले अत्यंत निम्न स्तर के लोगों के मुख से संग्रह किए गए हों। अनयासलब्ध भाषा को मैं सहज भाषा नहीं कहता। तपस्या, त्याग और आत्म-बलिदान के द्वारा सीखी हुई भाषा सहज भाषा है। बाजार की भाषा को, मोटे प्रयोजनों की भाषा को मैं छोटी नहीं कहता, परन्तु मनुष्य को उन्नत बनाने के लिए जो भाषा प्रयोग की जाएगी वह उससे भिन्न होगी।' अब तक की सरकारों ने राजभाषा की समृद्धि के लिए अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन नहीं किया। केन्द्र अब वही संवैधानिक दायित्व निर्वाहन करने में संलग्न है। ऐसे प्रयासों का समर्थन किया जाना चाहिए।

**■ हृदयनारायण दीक्षित**
**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

### बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों के साथ एसटीएफ के हत्थे चढ़े दो तस्कर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों के साथ दो तस्करों को धर दबोचा है। इनकी पहचान नदिया जिले के कलीगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हबीबपुर शेख और तोता उर्फ बदरुद्दीन शेख (23) के तौर पर हुई है। इनके पास से 567 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है। एसटीएफ के एसपी आईपीएस इंद्रजीत बसु ने बताया है कि पुख्ता सूचना के आधार पर शुक्रवार देर रात पश्चिम बर्दवान जिले के कोक ओवन थाना अंतर्गत दुगार्पुर स्टेशन रोड में घेराबंदी की गई थी। जैसे ही ये दोनों संदिग्ध पहुंचे, इन्हें घेर कर गिरफ्तार कर लिया गया। सघन पूछताछ के बाद तस्करों ने बताया है कि ब्राउन शुगर को झारखंड के बोकारो से खरीदे थे और यहां बंगाल में अपने लोकल एजेंट को सप्लाई करने वाले थे। इनके पास से बरामद ब्राउन शुगर की कीमत करीब 15 लाख रुपये आंकी गई है। दोनों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। शनिवार को इन्हें कोर्ट में पेश कर 14 दोनों की हिरासत में लिया गया है।

### रायबरेली सड़क हादसे में तीन की मौत

**रायबरेली।** उन्नाव- रायबरेली मुख्य मार्ग पर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। लच्छीपुर गांव के पास एक खड़े ट्रक में पीछे से एक कार घुस गई। इस भीषण हादसे में कार सवार सलोन क्षेत्र के गांव फतेहाबाद निवासी एक ही परिवार के मां और दो बेटों सहित तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दो घायल बच्चों को सीएचसी लालगंज से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बच्चे को गम्भीर हालत में ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसा शुक्रवार को आधी रात के बाद की बतायी जा रही है। पुलिस के अनुसार कल्पना सिंह (42) सलोन क्षेत्र के गांव फतेहाबाद में अपने मायके में अपने छोटे बेटे विनय प्रताप सिंह (22) और पोती गरिमा सिंह (7) के साथ रहती हैं। उनका बड़ा बेटा अभय प्रताप सिंह (26) बहू पिंकी सिंह और पोता गौरव सिंह (5) अपने मूल गांव उन्नाव जिले के थाना क्षेत्र माखी के गांव जिन्दाखेड़ा में रहते हैं। लगभग दस दिन पहले कल्पना सिंह अपने छोटे बेटे विनय प्रताप सिंह और पोती गरिमा सिंह के साथ बड़े बेटे अभय प्रताप सिंह के पास जिन्दाखेड़ा गईं थीं। शुक्रवार की रात को अभय प्रताप सिंह, विनय प्रताप सिंह पुत्रगण शिवमंगल सिंह, मां कल्पना सिंह, गरिमा सिंह, गौरव सिंह अल्टो कार संख्या यूपी 32 डीएच 4912 से वापस फतेहाबाद जा रहे थे। कार चालक विनय प्रताप सिंह जैसे ही कार लेकर उन्नाव रायबरेली मुख्य मार्ग पर लच्छीपुर गांव के निकट पहुंचे। उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े ट्रक संख्या यूपी 33 एटी 9332 में पीछे से घुस गई। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। कार पर सवार मां कल्पना सिंह, बेटे अभय प्रताप सिंह, विनय प्रताप सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पोती गरिमा सिंह और पोता गौरव सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए।

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, तीन माह पहले हुई थी शादी

**नवादा।** नवादा जिले के नारदीगंज थाना इलाके के गोतराइन गांव में दहेज के लिए एक नव विवाहिता की हत्या का मामला शनिवार को प्रकाश में आया। तीन माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। पुलिस के मुताबिक जिले खिजरसराय थानाक्षेत्र के महवतपुर निवासी महानंद पासवान ने 29 जून 2023 को अपनी पुत्री की शादी नवादा जिले के नारदीगंज थानाक्षेत्र के गोतराइन गांव निवासी हेमंत पासवान के पुत्र राहुल कुमार पासवान के साथ किया था। महानंद पासवान बताते हैं कि उन्होंने दहेज में शादी के वक्त पांच लाख रुपए नगद और बुलेट मोटरसाइकिल दिया था लेकिन शादी के बाद फिर से दहेज की मांग की जाने लगी।

# जल प्रदाय योजनाओं का समय-सीमा में हो क्रियान्वयन : शिवराज

### अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के संचालक मंडल की हुई बैठक

**एजेंसी। भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में शनिवार को अपने निवास स्थित समत्व भवन मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के संचालक मंडल की बैठक हुई। बैठक में खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के विभिन्न प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।

मुख्यमंत्री चौहान ने कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में विभिन्न नगरीय निकायों में संचालित जल प्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन की



जानकारी ली। स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश की अग्रणी स्थिति के लिए उन्होंने विभाग के अधिकारियों को बधाई दी। बैठक में बताया गया कि आगामी 27 सितंबर को इंदौर में पुरस्कार कार्यक्रम प्रस्तावित है। बैठक में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना, मऊगंज जलप्रदाय परियोजना, पेटलावद जलप्रदाय, परियोजना खरगोन जलप्रदाय परियोजना, मिनी स्मार्ट सिटी परियोजना, सीधी सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई।

बैठक में बताया गया कि धरमपुरी की मल-जल योजना को पुरस्कार मिला है। धरमपुरी में शत-प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन हो चुके हैं। धरमपुरी की संपूर्ण आबादी लाभान्वित हो रही है। बैठक में प्रमुख सचिव नगरीय विकास नीरज मंडलोई सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने प्रतिदिन पौधरोपण करने के संकल्प के क्रम में शनिवार को राजधानी भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट उद्यान में सामाजिक कार्यकताओं और पर्यावरण प्रेमियों के साथ गुलमोहर, नीम और गूलर के पौधे लगाए। मुख्यमंत्री चौहान के साथ सामाजिक कार्यकर्ता शिवराज डाबी ने जन्म दिवस के अवसर पर परिवार के सदस्यों अर्पणा डाबी और अथर्व डाबी के साथ पौधरोपण किया।

### चर्चित ज्योति हत्याकांड के आरोपी पति की बेल अर्जी खारिज की

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कानपुर नगर की चर्चित ज्योति हत्याकांड के आरोपित पति पीयूष श्यामदासानी, कांट्रेक्ट किलर रेनू उर्फ अखिलेश कनौजिया और सोनू कश्यप की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। हाई कोर्ट ने उम्रकैद सहित अन्य सजा के खिलाफ दाखिल अपील को सुनवाई के लिए मार्च 24 मे पेश करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने कहा कि दूसरी औरत से अवैध संबंधों के चलते षड्यंत्र कर भाड़े के अपराधी सह अभियुक्तों से अपहरण का नाटक कर व्यवसायी पीयूष ने अपनी पत्नी की हत्या कराई। यह आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी तथा न्यायमूर्ति एमएएच रिजवी की खंडपीठ ने पीयूष श्यामदासानी व दो अन्य की आपराधिक अपीलों में दाखिल जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए दिया है। याची पीयूष का कहना था कि वह अपनी पत्नी ज्योति के साथ हांडा कार से 27 जुलाई 14 को वंदना होटल खाना खाने गए थे।

बंगाल में नया विवाद

## शिक्षा मंत्री बसु ने अंतरिम कुलपतियों को कहा 'गुलाम'

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में राजभवन-राज्य सचिवालय के झगड़े को लेकर एक नया विवाद पैदा हो गया है, जब शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा नियुक्त अंतरिम कुलपतियों को गुलाम बताया। पश्चिम बंगाल कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के महासचिव केशब भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य के एक मंत्री की ऐसी टिप्पणियां उनकी खराब अभिव्यक्ति हैं।

उन्होंने कहा, यह और भी दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि राज्य के शिक्षा मंत्री खुद एक कॉलेज शिक्षक है। इस टिप्पणी की आलोचना करते हुए, जादवपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव पार्थ प्रतिम रॉय ने कहाः मंत्री ने न केवल कुलपतियों का, बल्कि राज्य के पूरे शैक्षणिक समुदाय का अपमान किया है।अर्थशास्त्र के अनुभवी शिक्षक पी.के. मुखोपाध्याय ने कहा कि बसु को उनकी टिप्पणी के आधार पर



अदालत में भी ले जाया जा सकता है। उन्होंने कहा, इस तरह की टिप्पणी से न केवल अंतरिम कुलपतियों, जिन्हें उन्होंने निशाना बनाया, बल्कि राज्य के पूरे अकादमिक जगत की सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान होता है।

व्यापक आलोचनाओं के बावजूद बसु अपने रुख पर अड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, "मैंने यह बात एक राजनेता के तौर पर कही है, न कि राज्य के शिक्षा मंत्री के तौर पर। मैंने जो कहा है वह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और हमारी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के बारे में इस्तेमाल की जा रही भाषा और विशेषणों की तुलना में कुछ भी नहीं है।

## राजद-जदयू महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दों के साथ करेगी भाजपा का मुकाबला

**एजेंसी। पटना**

भाजपा नेता संसद के विशेष सत्र के एजेंडे को गुप्त रख रहे हैं, वहीं बिहार में विपक्षी इंडिया गंठबंधन के नेताओं ने दावा किया कि ऐसे सत्रों से भाजपा को लोकसभा चुनाव जीतने में मदद नहीं मिलेगी। राजद के वरिष्ठ नेता चितरंजन गगन ने दावा किया कि नरेंद्र मोदी सरकार संविधान में विश्वास नहीं करती है। जनता ने उन्हें जनादेश दिया है और वे देश को तानाशाही की तरह चलाना चाहते हैं।

हम उम्मीद कर रहे हैं कि वे संसद के विशेष सत्र में 'वन नेशन, वन इलेक्शन', महिला आरक्षण पर विधेयक पारित कर सकते हैं। हालांकि, मैं यह बताना चाहता हूं कि ऐसे विधेयक शीतकालीन सत्र



में पारित किये जा सकते हैं। इसके लिए किसी विशेष सत्र की जरूरत नहीं है। मुझे दृढ़ विश्वास है कि वे विशेष सत्र के दौरान अपने कुछ छिपे हुए एजेंडे को पारित करेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हम किसी भी तरह की स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं और हमारी पार्टी के नेताओं ने प्रत्येक कार्यकर्ता से जमीन पर सतर्क रहने की अपील की है। जहां तक हमारी बात है तो हम देश के बुनियादी मुद्दे उठाएंगे जो आम लोगों से जुड़े हैं। महंगाई, बेरोजगारी, राष्ट्रीय सुरक्षा, जम्मू-कश्मीर में बढ़ता आतंकवाद, मणिपुर में हिंसा, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में चीनी घुसपैठ हमारे एजेंडे हैं, जिन्हें हम विशेष सत्र में उठाएंगे। नरेंद्र मोदी सरकार को आम लोगों से जुड़े मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है।

जदयू प्रवक्ता अभिषेक कुमार झा ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार जनता से जुड़े मुद्दों को उठाकर सत्ता में आई थी। साढ़े नौ साल के शासन के बाद, हमारा दृढ़ विश्वास है कि उन्हें मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी और राष्ट्रीय सुरक्षा को संबोधित करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। उनके लिए अब बुनियादी मुद्दे खत्म

## विपक्षी गठबंधन देश में हिन्दुओं के खिलाफ माहौल बना रहा है : हेमंत विस्वा सरमा

**एजेंसी। जबलपुर**

असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वकर्मा शनिवार को जबलपुर पहुंचे, यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में जन आशीर्वाद का मतलब है कि लोगों को जोड़कर उनसे आशीर्वाद लें। लोगों को मध्य प्रदेश के विकास के बारे में बताना चाहिए । सनातन के सामने चैलेंज आया है उसके बारे में लोगों को बताना चाहिए। देश में जो हिंदुओं खिलाफ माहौल दे रहे हैं उसके बारे में लोगों को बताना चाहिए। प्रदेश में एंटी इनकंबेंसी के माहौल को देखते हुए पत्रकारों के सवालों पर उन्होंने कहा कि लोगों को विकास से मतलब है। इस से मतलब नहीं कि मुख्यमंत्री कौन है



कौन नहीं। कमलनाथ पर कटाक्ष करते हुए कहा उनसे थका हुआ चेहरा और कौन सा दूसरा है। अभी कमलनाथ और शिवराज जी को एक मंच पर खड़ा कर दिया जाए जनता खुद देखकर समझ जाएगी किसका चेहरा थका हुआ है। हेमंत विश्व शर्मा ने कहा कि चुनाव के बाद मध्य प्रदेश का और विकास होगा। देश में इस समय जो माहौल बनाने का प्रयास हुआ है उसमें यदि गलती से भी कांग्रेस आ गई तो तमिलनाडु में जो हो रहा है जो पूरे देश में फैल जाएगा। जब से यह गठबंधन बना है तब से देश में हिंदू के खिलाफ एक माहौल बना दिया है । मध्य प्रदेश कर्ज के सवाल को लेकर उन्होंने कहा कि हमें जीडीपी पर फोकस करना है मध्य प्रदेश का जीडीपी तेरह लाख है जहां जीडीपी बड़ा होता है वहां पर कुछ प्रतिशत कर्ज कोई मायने नहीं रखता। शिवराज जी ने लाडली बहना योजना के माध्यम से करोड़ों मातृशक्ति का आशीर्वाद ले लिया है। इंडिया गठबंधन के कुछ मीडिया एंकर पर प्रतिबंध के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनका इतिहास पुराना है यह 1975 मैं यह कर चुके हैं। यदि भूल से कांग्रेस सरकार आ गई तो मीडिया को ऐसे ही सेंसर कर देगी। मध्य प्रदेश में चुनाव होता है तो वे महाकाल में जाकर दिखावा कर हिंदू वोट मांगते हैं पर वही लोग सावन माह में मटन बनाते और खाते हैं । जब से राहुल गांधी का इंस्पिरेशन मिला है खड़गे और स्टालिन हिंदुओं के खिलाफ बयान

## टीईटी शिक्षकों की भर्ती के लिए नहीं, राज्य का खजाना भरने के लिए : सुवेंदु अधिकारी

**एजेंसी। कोलकाता**

वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के जरिए बड़ी धनराशि गबन करती है। दरअसल राज्य की ओर से शिक्षक नियुक्ति के लिए एक नई अधिसूचना जारी की गई है। इसकी तस्वीर माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर डालकर शनिवार को शुभेंदु अधिकारी ने लिखा है, ऐसा लगता है कि राज्य सरकार ने टेट के नाम पर रुपये वसूलने का शानदार रास्ता खोज लिया है। टेट नियुक्ति की अधिसूचना जारी हुई है लेकिन किसी की नियुक्ति होगी नहीं। इसका हिसाब किताब प्रदर्शित



करते हुए उन्होंने कहा की परिक्षार्थियों से प्रति व्यक्ति 400 रुपये राज्य सरकार वसूलेगी। कम से कम सात लाख लोग परीक्षा का फॉर्म भरेंगे जिससे 28 करोड़ रुपये की आय होगी। परीक्षा संपन्न करवाने में तीन करोड़ रुपये का खर्च होगा और बाकी राज्य सरकार गबन कर जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के नाम पर यह रुपये वसूली का खेल बंगाल में लंबे समय से चल रहा है। इसके पहले पूर्व मेदिनीपुर की जनसभा से उन्होंने कहा था कि लोकसभा चुनाव आ रहा है और फिर राज्य सरकार टीईटी परीक्षा की अधिसूचना जारी कर लोगों को बेवकूफ बनाएगी। उल्लेखनीय है कि बुधवार को ही प्राथमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष गौतम पाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टेट परीक्षा जल्द करवाने की घोषणा की थी। अभी तक जितनी टेट परीक्षाएं हुई हैं, उनकी फीस 150 रुपये रहती थी लेकिन इस बार इसे बढ़ाकर 500 रुपये करने की बात चल रही है।

## राजनाथ सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**एजेंसी। लखनऊ**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में निमार्णाधीन इंफ्रा प्रोजेक्ट्स और अन्य विकास परियोजनाओं की प्रगति की मौके पर जाकर जानकारी ली। रक्षामंत्री ने इंफ्रा प्रोजेक्ट्स के कार्यों को पूरा करने में लगे श्रमिकों से भी बातचीत की। राजनाथ ने सभी विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। लखनऊ के तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन रक्षामंत्री सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र में आने वाले इंदिरा नगर सेक्टर-25 के खुर्रम नगर में निमार्णाधीन पुल और मुंशी पुलिया पर बन रहे ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। इसके



अलावा उन्होंने गोमती नगर में बन रहे उच्चस्तरीय रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों का जायजा लिया। रक्षामंत्री के साथ लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, लखनऊ महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और एमएलसी मुकेश शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

राजनाथ सिंह रविवार, 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के बाद वह दिल्ली रवाना होंगे।

राजनीति

### प्रधानमंत्री 25 सितंबर को भोपाल में चुनाव अभियान का करेंगे आगाज

# जन आशीर्वाद यात्राओं का होगा विधिवत समापन

**एजेंसी। कटनी**

मध्य प्रदेश में भाजपा द्वारा निकाली जा रही पांच जन आशीर्वाद यात्राएं 22-23 सितंबर तक समाप्त हो जाएंगी, लेकिन इनका विधिवत समापन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भोपाल में कार्यकर्ता महाकुंभ में करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री इस महाकुंभ से पार्टी के चुनाव अभियान का आगाज भी करेंगे। महाकुंभ में पार्टी के बूथ स्तर के लाखों कार्यकर्ता शामिल होंगे तथा प्रधानमंत्री से आगामी चुनावों के लिए मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को कटनी जिले के मुडवारा में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। शर्मा ने कहा कि हम अपनी केंद्र व राज्य सरकारों के गरीब कल्याण तथा विकास के कामों तथा मजबूत संगठन तंत्र के आधार पर चुनाव मैदान में उतरेंगे और सफलता हासिल करेंगे। शर्मा ने कहा कि 2003 के पहले प्रदेश की क्या स्थिति थी, हम सभी ने




देखा है। इसके बाद आई भाजपा सरकार ने प्रदेश का विकास शुरू किया और जनहित की अनेक योजनाएं चलाईं। इन्हीं कामों और योजनाओं को लेकर हम पूरे प्रदेश में पांच जन आशीर्वाद यात्राओं के जरिए जनता के बीच जा रहे हैं। इन यात्राओं को जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और आमजन पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि इन सभी यात्राओं को जनता का समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है, वह अविस्मरणीय और ऐतिहासिक है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बीते दिनों में इन यात्राओं के दौरान 1000 से अधिक छोटी-बड़ी सभाएं हुई हैं, जिनमें लाखों लोगों की उपस्थित रही है। सिर्फ विंध्य क्षेत्र की यात्रा से ही कल तक 5.5 लाख लोग जुड़ चुके थे। इन यात्राओं के दौरान हमने मन में मोदी अभियान चलाकर यात्राओं को सदस्यता अभियान से भी जोड़ा है। इस अभियान के दौरान करीब 51 हजार लोग मिस कॉल के जरिए पार्टी की सदस्यता ले चुके हैं। अब तक 11,43,000 से अधिक लोग पार्टी में शामिल हो चुके हैं। हमारा लक्ष्य 40 लाख से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना है और जन आशीर्वाद यात्राओं के दौरान ही इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। 40,000 लोगों को नये सदस्य बनाने का हमारा टारगेट है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम इस यात्रा के दौरान इस लक्ष्य को पूरा करेंगे।

शर्मा ने कहा कि यात्रा के दौरान हम अपने घोषणा पत्र के लिए लोगों के सुझाव भी ले रहे हैं। इसके लिए आकांक्षा पेटियां जगह-जगह रखी गई हैं तथा यात्रा के साथ भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा प्रत्येक जिले में प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित करके जनता की आकांक्षाएं, अपेक्षाएं जानने का प्रयास किया जा रहा है। जनता से जो सुझाव मिलेंगे, उन पर हमारी घोषणा पत्र समिति विचार करेगी और उन सुझावों को घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा।

### टैंकर की ठोकर से मोटरसाइकिल चालक की मौत, एक गंभीर

**कोरबा।** कोरबा जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर दूसरे-तीसरे दिन किसी न किसी मार्ग में सड़क हादसों से लोगों की मौत हो रही है। शनिवार सुबह एक नया मामला पाली थाना क्षेत्र के फोरलेन में सामने आया है, जहां एक टैंकर के चालक ने एक मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में मोटरसाइकिल चालक की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। दुर्घटना घटते ही लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और विभिन्न मांगों को लेकर लोगों ने कटघोरा-पाली फोरलेन मार्ग पर चक्का जाम कर दिया है। हादसे की सूचना मिलते ही पाली पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और चक्का जाम में मौजूद ग्रामीण को समझाने बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है और लोगों की मौत हो रही है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।

## NEWS इन ब्रीफ

### रांची में 30 सितंबर से चंपा देवी टेबल टेनिस प्रतियोगिता

**रांची।** स्व. चंपा देवी झारखंड (तीसरा) स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023 का आयोजन रांची में होगा। जेके इंटरनेशनल स्कूल, अगरु (रांची) में इसका आयोजन 30 सितंबर से दो अक्टूबर तक होगा। रांची जिले के टेबल टेनिस प्लेयर्स इसमें शामिल हो सकते हैं। इसके लिए 23 सितंबर की शाम पांच बजे तक इच्छुक प्लेयर्स रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रांची जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन (आरडीटीटीए ) के सचिव सुदिप्त मुखर्जी के पास इसके लिए संपर्क (फोन नं- 9431584636) किया जा सकता है। ई-मेल rdtta2000@gmail.com के जरिये भी इसका लाभ उठा सकते हैं। इस चैंपियनशिप में अलग-अलग आयु वर्ग के इवेंट्स होंगे। इनमें लड़के, लड़कियों (सिंगल) के अंडर-11, 13, 15, 17 और 19 के इवेंट्स शामिल हैं।विस्तृत जानकारी के लिए आरडीटीटीए से संपर्क करना होगा।

### टिम साउदी के दाहिने अंगूठे की हड्डी टूटी, विश्व कप में खेलने पर संदेह

**लंदन।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी की विश्व कप में भागीदारी संदेह के घेरे में है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय उनके दाहिने अंगूठे की हड्डी टूट गई है। एनजेडसी ने एक बयान में कहा, एक्स-रे से पुष्टि हुई है कि पहली पारी के 14वें ओवर में कैच लेने का प्रयास करते समय टिम साउदी के दाहिने अंगूठे की हड्डी खिसक गई है और फ्रैक्चर हो गई। उनके ठीक होने की समयसीमा उनके आगे के मूल्यांकन के बाद की जाएगी। एनजेडसी ने कहा कि बल्लेबाज फिन एलन, जिन्हें स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक के रूप में पिच पर चोट लगी थी, अब फिट हैं।

### ट्रैविस हेड के बाएं हाथ में फ्रैक्चर, विश्व कप में खेलने पर संशय

**सेंचुरियन।** ऑस्ट्रेलिया इस बात को लेकर चिंतित है कि बाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड अपने बाएं हाथ में फ्रैक्चर के बाद आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में खेलने के लिए समय पर फिट हो पाएंगे या नहीं। शुक्रवार को सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे एकदिवसीय मैच के दौरान तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी की गेंद को खींचने की कोशिश में हेड को चोटिल होकर रिटायर हर्ट होना पड़ा और मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने खेल खत्म होने के बाद फ्रैक्चर की पुष्टि की, यह मैच ऑस्ट्रेलिया 164 रनों से हार गया था। आईसीसी मैकडॉनल्ड्स के हवाले से कहा, यह एक निश्चित फ्रैक्चर है। इसके लिए किस प्रकार की समय-सीमा दी गई है, इसका आकलन कल किया जाएगा। मुझे लगता है कि इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए वह कल और अधिक स्कैन के लिए जाएंगे, फिर हम आगे इस पर कुछ कह सकेंगे।

### सांतोस ने मैनेजर डिएगो एगुइरे को बर्खास्त किया

**रियो डी जेनेरो।** ब्राजीलियाई सीरी ए क्लब सांतोस ने कहा है कि डिएगो एगुइरे को छह सप्ताह से भी कम समय के बाद मैनेजर पद से बर्खास्त कर दिया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह घोषणा सांतोस की गुरुवार को क्रूजेरो से घरेलू मैदान पर 3-0 से हार के बाद हुई, जिसके परिणामस्वरूप आठ बार के सीरी ए चैंपियन को 23 मैचों में से केवल पांच जीत के साथ रेलीगेशन क्षेत्र में छोड़ दिया गया। सांतोस ने एक बयान में कहा कि फिटनेस कोच फर्नांडो पिनाटारेस और इग्नासियो पिनाटारेस के साथ सहायक प्रबंधक जुआन वेरजेरी और जुआन एंड्रेस इरोला भी चले गए हैं। एगुइरे ने सांतोस डगआउट में अपने पांच मैचों में एक जीत और चार हार दिलाई। 58 वर्षीय उरुग्वेवासी ओडायर हेलमैन और पाउलो तुर्रा के साथ इस साल सांतोस द्वारा बर्खास्त किए जाने वाले तीसरे मैनेजर हैं।

# मिताली राज, हरलीन देओल, गुजरात के दिग्गजों ने अहमदाबाद में मचाया धमाल

**एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात जायंट्स की मेंटर मिताली राज इस समय अहमदाबाद में है और टीम, जो महिला प्रीमियर लीग का हिस्सा है, ने टीम के मालिकों अदानी स्पोर्ट्सलाइन और प्रणव अदानी से मुलाकात की।
उपस्थित खिलाड़ियों में हरलीन देयोल, सुषमा वर्मा, शबनम शकील, हर्ले गाला, स्नेह राणा, पारुनिका सिसौदिया, मानसी जोशी, मेघना सब्बिनेनी, तनुजा कंवर, अश्वनी कुमारी और मोनिका पटेल शामिल थीं। उनके साथ गुजरात जायंट्स की मेंटर और सलाहकार मिताली राज और सहायक कोच नूशिन अल खादीर भी मौजूद थीं।



मिताली राज ने ट्वीट किया, प्रणव अडानी सर के साथ प्रतिभाशाली गुजरात जायंट्स और टीम अडानी स्पोर्ट्सलाइन से मुलाकात एक यादगार दिन। महिला क्रिकेट के लिए उनका समर्थन और दृष्टिकोण वास्तव में प्रेरणादायक है। समर्पण और जीत से भरे सीजन का इंतजार कर रही हूँ। #गरजेगागुजरात।
प्रणव अदानी ने ट्वीट किया, आज हमारी विविध और प्रतिभाशाली @गुजरातजायंट्स टीम के साथ क्रिकेट की अविश्वसनीय शक्ति देखी! पूरे भारत के खिलाड़ियों को अगले सीजन के लिए तैयार होते हुए एकजुट होते देख गर्व महसूस हो रहा है। महिला क्रिकेट को बुलंदियां मिलना तय है!

अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है और टूर्नामेंट के आगामी सीजन में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।
वर्तमान में, डब्लूपीएल में पांच टीमें शामिल हैं जिनमें चैंपियन मुंबई इंडियंस, गुजरात जायंट्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, यूपी वारियर्स और दिल्ली कैपिटल्स शामिल हैं। महिला प्रीमियर लीग का उद्घाटन संस्करण पूरी तरह से मुंबई में खेला गया था, जिसमें क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में डीवाई पाटिल स्टेडियम और ब्रेबॉर्न स्टेडियम के बीच मैच वितरित किए गए थे। डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन की तारीखों और स्थानों को हालांकि बीसीसीआई द्वारा अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

पिछले सीजन में, टीम की मुख्य कोच ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज रैचेल हेन्स हैं, हरलीन देयोल टूर्नामेंट के शुरूआती सीजन में उनके सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शनकर्ताओं में से एक थीं, जिन्होंने 8 मैचों में 202 रन बनाए थे। इसके अलावा, दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट और एश्ले गार्डनर ने दो-दो अर्द्धशतक बनाए, जबकि इंग्लैंड की सोफिया डंकले ने टूर्नामेंट का सबसे तेज अर्धशतक बनाया, जो 18 गेंदों पर ऐतिहासिक उपलब्धि तक पहुंची।

# भारतीय टीम को मजबूती से गेंदबाजी करनी होगी : रैना

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के पूर्व क्रिकेटर और 2011 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे सुरेश रैना का मानना है कि मौजूदा टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी आगामी वनडे सीरीज में एक बहुत मजबूत गेंदबाजी लाइन-अप की जरूरत है ताकि उन्हें अगले महीने के शोपीस इवेंट विश्व कप में किसी भी टोटल का बचाव करने का आत्मविश्वास मिल सके।

एकदिवसीय विश्व कप से पहले, भारत और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः 22, 24 और 27 सितंबर को मोहाली, इंदौर और राजकोट में तीन मैचों की 50 ओवरों की श्रृंखला खेलेंगे। रैना ने जियोसिनेमा पर कहा, इंदौर का मैदान बहुत छोटा है और राजकोट का ट्रैक समतल है। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मोहाली में काफी खेला है और इसलिए मेरा मानना है कि उनका पलड़ा भारी रहेगा। इन छोटे मैदानों में, 340-350 के स्कोर का भी पीछा किया जा सकता है और भारतीय टीम को विश्व कप में किसी भी तरह के स्कोर का बचाव करने के लिए एक बहुत मजबूत गेंदबाजी लाइनअप की आवश्यकता होगी।

रैना को यह भी लगता है कि शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद शमी गेंद के साथ अहम भूमिका निभाते हैं, साथ ही रवींद्र जडेजा भी, खासकर तब जब ऑस्ट्रेलिया के पास कई बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। हां, उनके पास बल्लेबाजी क्रम में बहुत सारे बाएं-दाएं संयोजन हैं। मेरे लिए शार्दुल ठाकुर एक्स-फैक्टर होंगे। निश्चित रूप से, मोहम्मद शमी।

मैं शमी को चुनूंगा क्योंकि उसके पास अपनी गेंदों को स्विंग कराने और यॉर्कर फेंकने का कौशल है। ऑस्ट्रेलियाई टीम में बहुत सारे बाएं हाथ के खिलाड़ी हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या रवींद्र जड़ेजा विकेट लेने में कामयाब होते हैं।" सीरीज के लिए अपने प्रमुख खिलाड़ियों के बारे में पूछे जाने पर रैना ने कहा, 'रोहित शर्मा सीरीज के दौरान सबसे ज्यादा रन बनाएंगे। विकेटों के मामले में जोश हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज होंगे। भारत के लिए, यह या तो मोहम्मद शमी या कुलदीप यादव होंगे।

बायें हाथ के पूर्व बल्लेबाज रैना, जिन्होंने उपयोगी ऑफ-स्पिन से गेंदबाजी की है, को लगता है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण होगी ताकि श्रृंखला के दौरान टीम को कठिन परिस्थितियों से बाहर निकाला जा सके। परिणाम से अधिक, चाहे वह 3-0 से जीत हो या 3-0 से हार, मुझे लगता है कि टीम के लिए जितना संभव हो उतने परीक्षणों से गुजरना अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि एकमात्र चीज जो मायने रखती है वह विश्व कप है। इसके अलावा, यह भी मायने रखता है कि आप किन खिलाड़ियों पर विश्वास करते हैं क्योंकि विश्व कप के दौरान ऐसी परिस्थितियां आएंगी जहां आपको उसी के अनुसार योजना बनानी होगी।"

शार्दुल को अब उसी तरह गेंदबाजी करने की जरूरत है जैसे जहीर खान ने 2011 विश्व कप में अपनी नकलबॉल से की थी या युवराज सिंह ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जीता था और धोनी ने फाइनल में जाकर कैसे बल्लेबाजी की थी। हर खिलाड़ी का एक अलग चरित्र होता है। मैं चाहता हूं कि अगर कोई कठिन परिस्थिति आती है और कप्तान को चुनना होता है, तो मैं चाहता हूं कि सभी 11 खिलाड़ी अपना हाथ उठाएं और कहें, 'मुझे देश के लिए काम करने दीजिए।"

## रोहित शर्मा किसी दबाव में नहीं आते, बोले एबी डिविलियर्स

# मैं उनका काफी सम्मान करता हूं

**एजेंसी। चेन्नई**



दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज एबी डिविलियर्स ने रोहित शर्मा के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए कहा है कि भारतीय कप्तान एक ह्ययोद्धा' की तरह है और ह्यकभी किसी तरह से पीछे नहीं हटते'। रोहित श्रीलंका में एशिया कप में भारतीय टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। वह फिलहाल टूर्नामेंट के सर्वोच्च स्कोरर हैं। उन्होंने शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले चार पारियों में 64.66 के प्रभावशाली औसत और 108.98 के स्ट्राइक रेट से 194 रन बनाए हैं। इसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं।

डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर बताया कि कैसे रोहित ने वनडे में धीमी शुरूआत की लेकिन इस प्रारूप में सबसे तेज 10,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने कहा कि रोहित ने जब 2000 रन पूरे किए थे तब वह इस मुकाम पर पहुंचने वाले चौथे सबसे धीमे खिलाड़ी थे। उन्होंने हालांकि जब 10,000 रनों का आंकड़ा छुआ तब वह इस कारनामे को करने वाले दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इस प्रारूप में जबरदस्त वापसी की। मेरे मन में उनके लिए काफी सम्मान है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा कि जब मैंने उन्हें पहली बार खेलते देखा था तभी मुझे पता चल गया था कि उनमें कुछ खास है। कम उम्र से ही उसमें संघर्ष करने का जज्बा है और यह बात मुझे काफी अच्छी लगी।

### अगर मैं थोड़ी सामान्य बल्लेबाजी करता तो हम जीत जाते : शुभमन गिल



**कोलंबो।** सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने अपना पांचवां एकदिवसीय शतक व्यर्थ जाने के बाद स्वीकार किया कि उन्हें टीम को संभालना चाहिए था। अगर उन्होंने सामान्य रूप से बल्लेबाजी की होती तो 266 रनों का पीछा किया जा सकता था। शुक्रवार को एशिया कप के रोमांचक सुपर फोर मैच में बांग्लादेश ने भारत को छह रनों से हरा दिया। आर प्रेमदासा स्टेडियम की कठिन पिच पर, जहां उनकी टीम के बहुत कम साथी बल्ले से अच्छा प्रदर्शन कर पाए, गिल ने बांग्लादेश के चार सदस्यीय स्पिन आक्रमण के खिलाफ 133 गेंदों में 121 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपने पैरों और क्रीज का अच्छा इस्तेमाल किया और आठ चौके और पांच छक्के लगाते हुए स्ट्राइक-रोटेशन पर भी भरोसा किया। लेकिन गिल का, मेहदी हसन की धीमी और ऑफ स्टंप से बाहर की डिलीवरी पर लॉन्ग ऑफ पर कैच आउट होना, मैच में निर्णायक मोड़ बन गया और अक्षर पटेल की 42 रन की शानदार पारी के बावजूद, भारत 259 रन पर आउट हो गया।

# क्रोएशिया से वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप की मेजबानी छिनी

### नये स्थान की जल्द होगी घोषणा

**एजेंसी। लुसाने**

विश्व एथलेटिक्स ने तैयारियों की कमी के कारण क्रोएशिया से विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2024 के मेजबानी अधिकार को वापस लेने का फैसला किया है। अगले साल फरवरी में होने वाले प्रतियोगिता के लिए जल्द ही नए मेजबान की घोषणा की जाएगी। ट्रैक और फील्ड की विश्व शासी निकाय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया, विश्व एथलेटिक्स को यह घोषणा करते हुए खेद है कि विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2024 अब क्रोएशिया के मेडुलिन और पुला में आयोजित नहीं की जाएगी। विश्व एथलेटिक्स का मानना है कि अगले साल 10 फरवरी को कार्यक्रम की मेजबानी करने के लिए मेडुलिन और पुला के लिए तैयारी पर्याप्त रूप से आगे नहीं बढ़ी है, जैसा कि निर्धारित है। हालाँकि, विश्व एथलेटिक्स मार्च 2024 में इस आयोजन को आयोजित करने की दृष्टि से यूरोप में एक वैकल्पिक मेजबान के साथ बातचीत कर रहा है। नए मेजबान की घोषणा सितंबर के अंत से पहले की जाएगी। संगठन ने कहा, विश्व एथलेटिक्स भविष्य की घटनाओं पर क्रोएशिया के साथ काम करने के लिए उत्सुक है।

# मोटोजीपी 2023: ग्रां प्री ऑफ इंडिया के लिए सेफ्टी कार और बाइक पहुंचीं

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा (यूपी)**



देश की पहली मोटोजीपी रेस के लिए अब लगभग एक सप्ताह ही बचा है, ऐसे में सुरक्षा कार और बाइक, जिन्हें जरूरत पड़ने पर भारत के ग्रां प्री के दौरान तैनात किया जा सकता है, शनिवार को बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में पहुंचीं। देश में आयोजित होने वाली सबसे बड़ी मोटरसाइकिल रेस द ग्रां प्री ऑफ इंडिया 22 से 24 सितंबर तक आयोजित होने वाली है। आयोजकों ने शनिवार को बताया कि सुरक्षा कार और बाइक हवाई माल ढुलाई के माध्यम से नई दिल्ली में उतरे और दिन के शुरूआती घंटों में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचाए गए।

दौड़ के दौरान बीएमडब्ल्यू एम5सीएस सहित कुल तीन सुरक्षा कारें कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेंगी। ओपनिंग लैप पर किसी घटना की स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए इसकी उपस्थिति आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, जरूरत पड़ने पर ट्रैक की स्थिति का आकलन करने के लिए सुरक्षा कार भेजी जाती है।

बाकी सुरक्षा कारें - बीएमडब्ल्यू एम2 (जी87), और बीएमडब्ल्यू एम3 टूरिंग - रविवार को कार्यक्रम स्थल पर उतरेंगी।

सुरक्षा बाइक - बीएमडब्ल्यू एम 1000 आरआर - का उपयोग रेस सप्ताहांत के दौरान बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में भी किया जाएगा।

दौड़ की शुरूआत में सुरक्षा कार को ग्रिड के पीछे स्थित किया जाता है। दौड़ के पहले पड़ाव के दौरान, यह पिट लेन में पीछे हटने से पहले सवारों को पीछे छोड़ देता है।

डोर्ना स्पोर्ट्स के सहयोग से फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित, इंडियन ऑयल ग्रां प्री ऑफ इंडिया एक रोमांचक तमाशा होने का वादा करता है, जिसमें 41 टीमें और 82 राइडर्स मोटोजीपी, मोटो2 और मोटो3 श्रेणियों में भाग लेंगे, जिसमें फ्रांसेस्को बगनिया, मार्क मार्केज, मार्को, बेजेची, ब्रैड बाइंडर, जैक मिलर और जॉर्ज मार्टिन जैसे प्रसिद्ध नाम शामिल होंगे।

## मोइन अली के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 350 विकेट पूरे

# इंगलैंड ने 3-1 से जीता वनडे सीरीज

**एजेंसी। लंदन**



इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोइन अली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में 350 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने की उपलब्धि हासिल की। अली ने मैच में 4 विकेट लेकर अपना 350 विकेट का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया और इंग्लैंड को शुक्रवार को लॉर्ड्स में चौथे वनडे मैच में न्यूजीलैंड को 100 रनों से हराने और चार मैचों की श्रृंखला 3-1 से जीतने में मदद की।
अली ने अब तक 278 मैचों में हिस्सा लिया है और 39.27 की औसत और 4.33 की इकोनॉमी के साथ 353 विकेट लिए हैं। उनका एक पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा 6/53 और एक टेस्ट मैच में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी स्पैल 10/112 है। अली ने 68 टेस्ट मैचों में 37.31 की औसत और 3.62 की इकोनॉमी से 204 विकेट लिए हैं। 132 वनडे मैच खेलकर उन्होंने 47.76 और 5.29 की औसत से 106 विकेट लिए हैं। टी20क में उनके नाम 43 विकेट हैं।
मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी चुनी। जॉनी बेयरस्टो के जल्दी आउट होने के बाद मलान और जो रूट (29) के बीच 79 रनों की साझेदारी हुई। मलान ने अपना पांचवां शतक जमाया। कप्तान जोस बटलर (36) और लियाम लिविंगस्टोन (28) ने महत्वपूर्ण पारियां खेलीं।

## मीडिया कप फुटबॉल | शंख-दामोदर के बीच खिताबी मुकाबला आज

# शंख ने मयूराक्षी व दामोदर ने अजय को हराया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



लीग मैच में शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए टीम शंख ने सेमीफाइनल मुकाबले में टीम मयूराक्षी को 2-0 से हराकर मीडिया कप फुटबॉल 2023 के फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका मुकाबला टीम दामोदर से होगा। दामोदर ने दूसरे सेमीफाइनल में टीम अजय को 2-1 से हराकर खिताबी मुकाबले के लिए जगह सुरक्षित किया। मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में शनिवार को खेले गए पहले मुकाबले में रिजवान आरिफ के गोल की बदौलत मैच के 18वें मिनट में शंख ने बढ़त बनाई। मध्यांतर तक यही स्कोर बरकरार रहा। मध्यांतर के बाद जिलानी ने 34वें मिनट में गोल दाग कर शंख को 2-0 से आगे कर दिया। अंततः मैच इसी स्कोर पर खत्म हुआ। प्लेयर ऑफ मैच का पुरस्कार मैच में शानदार ओवरऑल प्रदर्शन करनेवाले नूतन तिर्की को दिया गया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में टीम दामोदर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम अजय को 2-1 से पराजित किया। मैच के 6ठे मिनट में मोनू ने शानदार मैदानी गोल दाग टीम दामोदर को बढ़त दिलाई। 32वें मिनट में संदीप ने मोनू के पास पर एक और गोल दाग टीम को 2-0 से आगे कर दिया।

मैच के आखिरी दस मिनटों ने टीम अजय ने काफी आक्रामक खेल दिखाया और 39वें मिनट में जीतेन्द्र के गोल की बदौलत मैच में वापसी की संभावना जगाई लेकिन प्लेयर ऑफ द मैच शानू के शानदार रक्षण की बदौलत ये संभव नहीं हो पाया। अंततः टीम दामोदर ने 2-1 से मैच जीत फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला रविवार को शाम 7.30 बजे से दुधिया रौशनी में खेला जाएगा।



NEWS इन ब्रीफ

## भारतीय तकनीकी बाजार में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली।** भारतीय तकनीकी उपभोक्ता सामान (टीसीजी) बाजार में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इस साल की पहली छमाही में मूल्य में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जर्मन मार्केट रिसर्च कंपनी जीएफके की रिपोर्ट में कहा गया है कि टेलीकॉम (स्मार्टफोन / मोबाइल) सेगमेंट में वॉल्यूम में मामूली 4 फीसदी की कमी आई है, लेकिन कुल मूल्य में 12 फीसदी की बढ़ोतरी से इसकी भरपाई हो गई। 2022 की समान अवधि की तुलना में 2023 की पहली छमाही के दौरान कई क्षेत्रों में मात्रा और मूल्य में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई। जीएफके, टीसीजी-इंडिया के बाजार विशेषज्ञ सौम्या चटर्जी ने कहा, ''यह पर्याप्त वृद्धि बदलती गतिशीलता के सामने भारतीय उपभोक्ता बाजार के लचीलेपन और अनुकूलन क्षमता को उजागर करती है।

## ब्रिटेन अक्टूबर से छात्र वीजा शुल्क में 127 पाउंड की करेगा बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश संसद में एक कानून पेश करने के बाद, कई भारतीय छात्रों पर प्रभाव डालने के लिए अगले महीने से ब्रिटेन के बाहर से स्टडी वीजा के लिए आवेदन करने की फीस 127 पाउंड बढ़ने वाली है। ब्रिटेन के गृह कार्यालय ने शुक्रवार को कहा कि देश के बाहर से छात्र वीजा के लिए आवेदन करने का शुल्क 127 पाउंड बढ़कर 490 पाउंड हो जाएगा, जो देश में आवेदन के लिए ली जाने वाली राशि के बराबर होगा। छह महीने से कम समय के लिए यात्रा वीजा की लागत में भी बदलाव किया गया है, जो 15 पाउंड से बढ़कर 115 पाउंड हो गया है। गृह कार्यालय ने घोषणा की कि संसदीय अनुमोदन के अधीन, आव्रजन और राष्ट्रीयता शुल्क 4 अक्टूबर से बढ़ जाएगा। उच्च शिक्षा सांख्यिकी एजेंसी के आंकड़ों के अनुसार, 2021-2022 में यूके में पढ़ने वाले 120,000 से अधिक भारतीय छात्र देश के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय छात्र समुदायों में से एक हैं।

### ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत कल

# भारत-कनाडा के बीच एफटीए रूका



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए 13वें दौर की बातचीत आगामी सोमवार से शुरू करने जा रहे हैं। सरकार के अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों ने प्रस्तावित द्विपक्षीय निवेश संधि के साथ उत्पत्ति के नियम जैसे अहम विषयों पर बातचीत में अच्छी प्रगति की है। पिछले महीने जयपुर में आयोजित जी20 के व्यापार और निवेश पर मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान दोनों देशों ने अलग से कई उच्च स्तरीय वाताएं की थी। उसके बाद पिछले सप्ताह जी20 के राष्ट्राध्यक्षों के सम्मेलन के दौरान भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अलग से भी बातचीत की थी। इस बातचीत से जुड़े लोगों ने कहा कि सुनक के एक बार फिर भारत आने और मोदी के साथ बैठक करने की उम्मीद है, जिसमें प्रस्तावित एफटीए पर भी चर्चा होगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के मुताबिक, दोनों देश महत्वाकांक्षी समझौते पर नजर बनाए हुए हैं, जो दोनों के लिए फायदेमंद हो। हम अपने को किसी समयसीमा में नहीं बांध रहे हैं। यह समझौता सभी हिस्सेदारों और दोनों देशों के नागरिकों के लिए फायदेमंद होना चाहिए। प्रगति अच्छी है। जो भी मसले हैं, उसे हम जल्द से जल्द निपटाना चाहते हैं। यह बातचीत पिछले साल जनवरी में शुरू हुई थी। प्रस्तावित एफटीए के कुल 26 अध्यायों में से 19 पर बातचीत पूरी हो चुकी है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि राजनीतिक मसलों पर दोनों देशों के बीच एक संकल्प के बाद ही भारत और कनाडा के बीच व्यापार समझौते परस बातचीत बहाल हो सकेगी। एक अधिकारी ने कहा, ह्यकनाडा में कुछ राजनीतिक घटनाक्रम हुए हैं, जिसे लेकर भारत ने आपत्ति उठाई है। भारत ने कनाडा की राजनीतिक घटनाओं के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताई है और इसलिए फिलहाल जबतक ये राजनीतिक मसले हल नहीं हो जाते हैं, हमने बातचीत रोक दी है। अधिकारी ने कहा कि राजनीतिक मसलों के हल होने के बाद बातचीत बहाल होगी, यह अभी सिर्फ रोकी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के समक्ष कनाडा में चल रही भारत विरोधी चरमपंथी गतिविधियों को लेकर गंभीर चिंता जताई थी, उसके बाद यह फैसला आया है। भारत के राजनयिकों के खिलाफ हिंसा भड़काने और भारतीय समुदाय के लोगों को धमकाने से संबंधित मामलों को लेकर मोदी ने चिंता जताई थी। भारत और कनाडा ने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के नए अवसर के लिए मार्च 2022 में समग्र व्यापार समझौते पर नए सिरे से बातचीत शुरू की थी।

## सेबी का बड़ा एक्शन : 2 कंपनी और 7 लोगों पर 2.46 करोड़ का लगाया जुर्माना



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कैपिटल मार्केट रेग्युलेटर सेबी ने 2 कंपनी और 7 इंडिविजुअल्स के खिलाफ 2.46 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। इंडिविजुअल्स में दोनों कंपनियों के प्रमोटर भी शामिल हैं। रेग्युलेटर ने गिरिश तलवाकर, प्रशांत तलवाकर, मधुकर तलवाकर, विनायक गांवडे, अनंत गांवडे, हर्षा भटकल और गिरिश नायक को अलग-अलग अवधि के लिए मार्केट से बैन भी किया है। सेबी ने जिन दो कंपनियों के खिलाफ यह एक्शन लिया है उनके नाम तलवाकर बेटर वैल्यू फिटनेस लि. और तलवाकर हेल्थ क्लब लि. है। गिरिश तलवाकर, प्रशांत तलवाकर, मधुकर तलवाकर, विनायक गांवडे, अनंत गांवडे, हर्षा भटकल इन दोनों कंपनियों के प्रमोटर्स हैं। मार्केट रेग्युलेटर का यह एक्शन फ्रॉड एंड अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस के कारण लगाया गया है। सेबी ने इस नियम की अवहेलना के कारण गिरिश तलवाकर, प्रशांत तलवाकर, अनंत गांवडे और हर्षा भटकल पर 36-36 लाख का जुर्माना लगाया है। विनायक गांवडे और मुधकर तलवाकर पर 24-24 लाख का जुर्माना लगाया गया है। 18 लाख का जुर्माना गिरिश नायक और 12 लाख का जुर्माना तलवाकर हेल्थ क्लब लि.पर लगाया गया है। सातों लोगों को बाजार से 18 महीने के लिए बैन कर दिया गया है। इसके अलावा किसी भी लिस्टेड कंपनी से एसोसिएट होने से भी रोक दिया गया है। दरअसल सेबी को अगस्त-अक्टूबर 2019 के बीच कई बार इनलोगों के खिलाफ शिकायत मिली थी।

# रूस से आयात अप्रैल-अगस्त में दोगुना होकर 25.69 अरब डॉलर पर



**एजेंसी। नई दिल्ली**


देश में रूस से आयात अप्रैल से अगस्त के बीच लगभग दोगुना होकर 25.69 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसका कारण कच्चे तेल और उर्वरक का आयात बढ़ना है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार इसके साथ, रूस इस वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों के दौरान भारत का दूसरा सबसे बड़ा आयात स्रोत बन गया है। रूस से आयात अप्रैल-अगस्त 2022 के दौरान 13.77 अरब डॉलर था। रूस की भारत में कच्चे तेल के आयात बाजार में हिस्सेदारी यूक्रेन युद्ध से पहले एक प्रतिशत से भी कम थी, जो अब बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत हो चुकी है। चीन और अमेरिका के बाद भारत कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिम के कुछ देशों ने दंडस्वरूप रूस से कच्चे तेल के आयात पर रोक लगाने के साथ अधिकतम मूल्य सीमा लगायी हुई है। इससे रूस भारत को किफायती दरों पर कच्चा तेल दे रहा है। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-अगस्त के दौरान चीन से आयात घटकर 42 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 43.96 अरब डॉलर था। इसी तरह, अमेरिका से आयात समीक्षाधीन अवधि में घटकर 18 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इस अवधि में 21.86 अरब डॉलर था। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आयात भी इस दौरान घटकर 17 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इस अवधि में 22.32 अरब डॉलर था। वहीं, भारत के निर्यात में अप्रैल-अगस्त के दौरान उसके शीर्ष 10 गंतव्यों में से छह में गिरावट आई।

## चुनाव में हस्तक्षेप मामले में ट्रंप पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**नई दिल्ली।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ संघीय चुनाव में हस्तक्षेप के मामले में विशेष वकील जैक स्मिथ ने जिला न्यायाधीश तान्या छुटकन से मांग की है कि कि ट्रंप पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार अभियोजकों ने कहा है कि यह उनकी मांग मान ली जाती है, तो यह ट्रंप को संभावित गवाहों की पहचान, गवाही या विश्वसनीयता के संबंध में बयान देने और किसी भी पार्टी, गवाह, वकील, अदालत कर्मियों, या संभावित जूरी सदस्यों के बारे में ऐसे बयान देने से प्रतिबंधित कर देगा, जो अपमानजनक, भड़काऊ या डराने वाले हों। अभियोजकों ने लिखा, ''प्रतिवादी इस आपराधिक मामले में भी वही काम करने का प्रयास कर रहा है। जिले के नागरिकों, न्यायालय, अभियोजकों और संभावित गवाहों पर अपमानजनक और भड़काऊ हमलों के माध्यम से जूरी पूल पर प्रतिकूल प्रभाव डाला जा सके।

### सेंसेक्स में 2007 के बाद आई सबसे लंबी तेजी

# सिर्फ 11 ट्रेडिंग सेशंस में निवेशकों ने कमाएं 14 लाख करोड़ रुपए



**एजेंसी। नई दिल्ली**

शेयर बाजार 11 कारोबारी सत्रों से लगातार तेजी के साथ बंद हो रहा है। यह 2007 के बाद तेजी का सबसे लंबा सिलसिला है। इस तेजी की बदौलत यह ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया है। सेंसेक्स पिछले 11 सत्रों में 4.63 फीसदी चढ़ा है। इसमें 1.86 फीसदी की तेजी सिर्फ बीते हफ्ते आई है। बीते 11 कारोबारी सत्रों में निवेशकों ने शेयर बाजार से करीब 14 लाख करोड़ रुपए कमाए हैं। देश और विदेश से आने वाली पॉजिटिव खबरों से बाजार को सपोर्ट मिला है। इनफ्लेशन में कमी आई है। मानसून की बारिश कम रहने के बावजूद एनालिस्ट चिंतित नहीं हैं। एनालिस्ट्स का कहना है कि दूसरी तिमाही के कंपनियों के नतीजे चौंका सकते हैं। पहली तिमाही में भी कंपनियों के नतीजें अच्छे आए थे। इसका स्टॉक मार्केट पर पॉजिटिव असर पड़ा था। बीते 11 कारोबारी सत्रों में निवेशकों ने शेयर बाजार से 13.81 लाख करोड़ रुपए कमाए हैं। बीएसई के मार्केट कैप में आए उछाल से इसका पता चलता है। बीएसई का मार्केट कैप बढ़कर 523.41 लाख करोड़ रुपए हो गया है। सिर्फ बीते हफ्ते में मार्केट कैप 2.46 लाख करोड़ रुपए बढ़ गया है। उधर, इस दौरान दुनिया के दूसरे बड़े बाजारों के प्रमुख सूचकांक सीमित दायरे में बने रहे हैं। बीते 11 सत्रों में अमेरिकी मार्केट के प्रमुख सूचकांक एस एंड पी और नस्दक 100 में खास बदलाव देखने को नहीं मिला है। जर्मनी के डीएएक्स का भी यही हाल है। सीएसी में करीब 2 फीसदी तेजी आई है। एफटीएसई 100 4 फीसदी चढ़ा है। घरेलू फंड्स अच्छा निवेश कर रहे हैं। खासकर म्यूचुअल फंड्स लगातार निवेश कर रहे हैं। इससे विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बावूजद मार्केट का सेंटिमेंट मजबूत बना हुआ है। अगस्त में म्यूचुअल फंड्स के रस्ते से होने वाला निवेश रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। उधर, विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाली कर रहे हैं। सितंबर में उनकी तरफ से मुनाफावसूली की गई है। उन्होंने शेयर बाजार से 4,768 करोड़ रुपए निकाले हैं।

## विदेश

### चीन ने 'कबाड़' देकर नेपाल को लगाया 30 अरब रुपये का 'चूना

# अब जिनपिंग से माफी की गुहार लगाएंगे प्रचंड




**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड भारत के बाद अब चीन की यात्रा पर जा रहे हैं। प्रचंड की चीन यात्रा 22 सितंबर से शुरू हो रही है और वह इस दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात करेंगे। बताया जा रहा है कि इस यात्रा के दौरान नेपाल और चीन के बीच 8 समझौतों पर हस्ताक्षर होने जा रहा है। नेपाली मीडिया के मुताबिक चीन और नेपाल के बीच सबसे अहम बीआरआई पर कोई समझौता नहीं होने जा रहा है। हालांकि दोनों पक्षों के बीच में इस पर चर्चा होगी। इस दौरान सफेद हाथी बने नेपाल के पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और कबाड़ बन चुके 5 चीनी पैसेंजर प्लेन के लोन को माफ करने के लिए भी प्रचंड चीनी राष्ट्रपति से गुहार लगाएंगे। चीन के प्रधानमंत्री के बुलावे पर बीजिंग जा रहे नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड व्यापार, ऊर्जा सहयोग, इन्फ्रास्ट्रक्चर, टूरिज्म और सीमा विवाद पर चीनी नेताओं से बातचीत करेंगे। हालांकि सबकी नजर बीआरआई और सीमा विवाद पर रहेगी। नेपाल चीन के साथ भारत की तरह से सीमापार ऊर्जा सहयोग समझौता करना चाह रहा था लेकिन इस पर अभी कोई डील नहीं होने जा रही है। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक प्रचंड चीन के राष्ट्रपति से मुलाकात में अनुरोध करेंगे कि बीआरआई के एक प्रॉजेक्ट को लोन नहीं बल्कि ग्रांट के जरिए पूरा किया जाए। दरअसल, बीआरआई के तहत दुनियाभर के देशों को बहुत महंगा लोन दे रहा है जिससे श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे देश अरबों डॉलर के चीनी कर्ज के दलदल में फंस गए हैं। यही वजह है कि अब नेपाल चाहता है कि बीआरआई के प्रॉजेक्ट को चीन ग्रांट के जरिए पूरा करे। नेपाली पीएम चीनी राष्ट्रपति से पोखरा एयरपोर्ट को दिए गए लोन और 5 कबाड़ साबित हुए मेड इन चाइना प्लेन के लोन को माफ कर दें। नेपाल की इस इच्छा के बाद भी चीन ने इन दोनों ही लोन को माफ करने से इंकार कर दिया है।

**नेपाल चीन के साथ भारत की तरह से सीमापार ऊर्जा सहयोग समझौता करना चाह रहा था लेकिन इस पर अभी कोई डील नहीं होने जा रही है**

## अफगानिस्तान में तालिबान ने एनजीओ के 18 कर्मी को किया गिरफ्तार

**काबुल।** तालिबान ने अफगानिस्तान में स्थित एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के एक विदेशी नागरिक समेत 18 कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया है। तालिबान ने दो साल पहले देश की सत्ता पर कब्जा करने के बाद से ही गैर सरकारी संगठनों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। उसने अफगान लड़कियों के छठी कक्षा से आगे पढ़ाई करने पर रोक लगाने के साथ ही उन्हें गैर सरकारी संगठनों के लिए काम करने से रोकने समेत कई कड़ी पाबंदियां लागू की। ह्यइंटरनेशनल असिस्टेंस मिशन' ने कहा कि तालिबान ने इस महीने मध्य घोर प्रांत में स्थित उसके कार्यालय से दो बार एनजीओ के 18 कर्मियों को हिरासत में ले लिया। उन्हें काबुल ले जाया गया है। इस घटनाक्रम पर अभी अफगान अधिकारियों की प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

### परेशानी: पाकिस्तान के गिलगित बाल्टिस्तान में 15 दिन से इंटरनेट सेवाएं बैन

# कारोबार व प्रतिष्ठान हुआ प्रभावित, लोग हुए बेकार



**एजेंसी। पेशावर**

पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित बाल्टिस्तान में शियाओं और सुन्नियों के बीच सांप्रदायिक तनाव के बीच, स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्र में सभी इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर रखा है, जिससे निवासियों को असुविधा हो रही है। एक पखवाड़े से अधिक समय हो गया है जब गिलगित बाल्टिस्तान में शिया बहुमत और सुन्नी समुदाय के बीच सांप्रदायिक तनाव इस्लामाबाद और उसके ईशनिंदा कानूनों में नए संशोधन के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन में बदल गया। बड़े पैमाने पर गरीब क्षेत्र गिलगित बाल्टिस्तान एक में केवल कुछ इलाकों में इंटरनेट सेवाएं थीं।

वहां के लोगों ने अभी ऑनलाइन व्यवसायों और शिक्षा के अवसरों की संभावनाएं तलाशनी शुरू ही की थीं कि पाकिस्तान समर्थित प्रशासन ने इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया, जिससे गिलगित शहर में कई छात्र अपनी नियमित ऑनलाइन कक्षाओं से वंचित हो गए। शहर के एक छात्र ने कहा पिछले 15 दिनों से इंटरनेट सेवाओं की अनुपलब्धता के कारण हमारी पढ़ाई बाधित हो गई है। हम प्रशासन से इंटरनेट सेवाएं बहाल करने का अनुरोध करते हैंह्व। निवासियों द्वारा स्थापित किए गए नए ऑनलाइन व्यवसाय बंद हो गए हैं, जिससे कई युवा बेरोजगार और निराश हो गए हैं। स्थानीय लोगों को वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाले एक छोटे व्यवसायी ने कहा, मैं ईजीपैसा (एक वित्तीय सेवा ऐप) के लिए काम करता हूं। इस क्षेत्र में लगभग 20-25 ईजीपैसा रिटेलर व्यवसाय कर रहे हैं। ये सभी इन दिनों बेरोजगार हैं। पिछले 20 दिनों से इंटरनेट बंद होने के कारण हम सभी के पास काम नहीं है। हम प्रशासन से इंटरनेट सेवाओं को बहाल करने का आग्रह करते हैं क्योंकि इससे हम अपना व्यवसाय फिर से शुरू कर सकेंगे। एक अन्य युवा, जिसने कुछ महीने पहले फ्रीलांसिंग शुरू की थी, ने कहा कि वह क्षेत्र में इंटरनेट सेवाओं के निलंबन से परेशान है। उसने कहा कि इस अवधि के दौरान उसने लगभग 8-10 कार्य परियोजनाएं खो दीं। उन्होंने कहा, 'हम फ्रीलांसर हैं और इंटरनेट हमारे लिए बुनियादी जरूरत है। हम स्थानीय प्रशासन से इंटरनेट सेवाएं बहाल करने का अनुरोध करते हैं क्योंकि हमारे काम में बाधा आ रही है। हमें बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. हमने इस अवधि के दौरान लगभग 8-10 कार्य ऑर्डर खो दिए हैं। क्षेत्र में इंटरनेट के निलंबन ने उन परेशानियों को और बढ़ा दिया है जो अवैध रूप से कब्जे वाले क्षेत्र में स्थानीय लोग दशकों से झेल रहे हैं।

## पेज एक के शेष

### रतलाम से गिरफ्तार ...

गांव से गिरफ्तार किया था। आरोप है कि इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया के लिए काम करने वाले फैजान से उमर लगातार संपर्क में था। फैजान की तरह उमर भी सोशल मीडिया के जरिए लगातार आतंकी गतिविधियों का संचालन कर रहा था।

**कहां कहां पड़े थे छापे:** एनआईए अधिकारियों के मुताबिक, बिहार के सिवान, उत्तर प्रदेश के जौनपुर, आजमगढ़, महाराजगंज, मध्यप्रदेश के रतलाम, पंजाब के लुधियाना, दक्षिणी गोवा, कर्नाटक के यदगीर और मुंबई में एनआईए ने छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान आईएसआईएस से जुड़े कई वीडियो भी एजेंसी को मिले हैं। झारखंड आईएसआईएस मॉड्यूल को लेकर एनआईए ने 19 जुलाई को एफआईआर दर्ज किया था। उसी दिन फैजान अंसारी की गिरफ्तारी हुई थी। एनआईए की जांच में यह बात सामने आयी है कि 19 वर्षीय फैजान अंसारी ने झारखंड मॉड्यूल के गठन में अहम भूमिका निभाई थी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए वह आईएसआईएस से लोगों को जोड़ रहा था साथ ही आतंकी संगठन की विचारधारा का प्रचार-प्रसार भी किया करता था। आईएसआईएस में युवाओं को जोड़कर उसकी योजना आतंकी वारदात को अंजाम देने की थी।

**कैसे आईएसआईएस के संपर्क में आया फैजान:** एनआईए ने जांच में पाया है कि फैजान बीए ऑनर्स इकोनॉमिक्स का छात्र था। वह एएमयू कैंपस के बाहर लॉज में रहा करता था। इसी दौरान वह आईएसआईएस ऑपरेटिव के संपर्क में आया। इसके बाद उसने आईएसआईएस से दूसरे युवाओं को जोड़ने की मंशा से एक क्लोज ग्रुप भी बनाया था। इस्लाम स्वीकारने वाले नव युवकों को भी वह आईएसआईएस कैडर बनाने में लगा था। संगठन के विदेशी हैंडलर के संपर्क में भी फैजान के होने की बात सामने आयी है। फैजान आईएसआईएस की विशेष की ट्रेनिंग के लिए विदेश जाने की भी तैयारी में था।

### कमल भूषण के हत्यारे का ...

अदनान और मुनव्वर अफिक को गिरफ्तार किया था।जबकि छोटू कुजूर को पिछले महीने ही सुखदेवनगर पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया था। कमल भूषण हत्याकांड का मुख्य आरोपी छोटू कुजूर एक साल से फरार चल रहा था। जेल से बाहर रहते हुए छोटू कुजूर के द्वारा कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय सिंह की हत्या भी 2 माह पूर्व करवा दी गई थी।

### नाबालिग सहित...

पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। हत्या का कारण अंधविश्वास बताया जा रहा है। बताया गया कि मुख्य आरोपित जिसिंह मुंडा की छोटी बेटी गंगा हस्सा की मृत्यु लगभग एक वर्ष पूर्व बीमारी से हुई थी। बेटी की असामयिक मृत्यु पर जिसिंग मुंडा को शक था कि दशकीर देवी ने उसकी बेटी को कटहल के साथ कुछ खिला दी थी, जिसके कारण उसकी बेटी की मौत हो गई।

इसी अंधविश्वास के कारण आरोपित जिसिंह मुंडा ने दशकीर देवी की हत्या की योजना बना डाली और 10 सितंबर की देर शाम जब दशकीर देवी बाजार से करील बेचकर अपने घर लौट रही थी, तभी निर्जन और जंगली क्षेत्र में जिसिंह मुंडा ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर दशकीर देवी की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून लगा पत्थर बरामद कर लिया है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना ...

वीआईकेएएस के नाम से भी जाना जाता है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के अंतर्गत देश के शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत लाभ पाने के लिए न्यूनतम आयु 18 साल होनी चाहिए। इसके लिए परिवार के एक ही सदस्य इस योजना का लाभ आवेदन करने वालों को स्वघोषणा पत्र भी देना होगा। इस योजना का जिक्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर किया था। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लाभार्थियों को रियायती ब्याज दर पर कोलेटरल फ्री कारोबार विकास लोन के अलावा, ईआरयूपीआई या ई-वाइचर के द्वारा टूसकिट, प्रोत्साहन के तौर पर 15 हजार रुपये दिए जाएंगे।इस योजना के दो चरण हैं। पहले चरण में एक लाख रुपये तक का लोन मिलेगा। इस पर ब्याज की दर अधिकतम पांच प्रतिशत होगी। दूसरे चरण में योग्य श्रमिकों को दो लाख रुपये का रियायती कर्ज दिया जाएगा।

### चौकीदार हत्याकांड में ...

हत्याकांड में संलिप्त था। वर्ष 2007-08 में माओवादी संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए चैनपुर डुमरी एवं कुरुमगढ़ इलाके में कई माओवादी वारदातों में शामिल था। सोमरा उरांव चैनपुर एवं डुमरी थाने में विस्फोटक पदार्थ रखने, आर्म्स एक्ट, सीएलए एक्ट जैसे सात मामलों में वांछित रहा है। इसके खिलाफ न्यायालय के द्वारा 7 स्थाई वारंट भी निर्गत है। पिछले 15-20 वर्षों से माओवादी संगठन को छोड़कर दिल्ली में रहता था। कुछ दिन पूर्व सोमरा उरांव अपना गांव रातू जामटोली आया हुआ था। इसकी गुप्त सूचना चैनपुर पुलिस को मिली थी। इसके बाद शनिवार को चैनपुर पुलिस ने एक टीम गठित कर छापामारी करते हुए तिगांवल मोड के पास से सोमरा उरांव को धर दबोचा। इधर चैनपुर पुलिस ने सोमरा उरांव को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।




## NEWS इन ब्रीफ

### तमिलनाडु और तेलंगाना में 30 स्थानों पर एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस भर्ती मामले में शनिवार को तमिलनाडु और तेलंगाना में 30 स्थानों पर छापा मारा। एनआईए के मुताबिक आईएसआईएस मॉड्यूल के खिलाफ कोयंबटूर में 21 जगहों, चेन्नई में तीन, हैदराबाद में पांच और तेनकासी में एक जगह पर छापेमारी चल रही है। आईएसआईएस को भारत में पांव फैलाने से रोकने के लिए एनआईए यह कदम लगातार उठा रही है। एनआईए की इस कार्रवाई के बारे में विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

### आईपी यूनिवर्सिटी में काउंसिलिंग 19 को

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के एमपीटी (कोड 107) प्रोग्राम में दाखिले के लिए काउंसिलिंग 19 सितंबर को आफलाइन मोड में द्वारका कैम्पस में आयोजित की जाएगी। यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता नलिनी रंजन ने शनिवार को बताया कि इस प्रोग्राम के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के सफल उम्मीदवार इस आफलाइन काउंसिलिंग में भाग ले सकते हैं। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के नाम निर्गत एकसठ हजार रुपये का डिमांड ड्राफ़्ट, चार पासपोर्ट आकार के फोटो, प्रवेश परीक्षा का दाखिला पत्र और परिणाम पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, अंतिम परीक्षा की मार्क्स शीट, शारीरिक दक्षता प्रमाण पत्र, एडमिशन वेरिफिकेशन फोर्म, इत्यादि साथ लेकर आना है। यह प्रोग्राम बनारसी दास चांदीवाल इन्स्टिट्यूट औफ फिजीयोथेरेपी, कालकाजी और आईएसआईसी इन्स्टिट्यूट औफ रिहैबिलिटेशन, वसंत कुंज में उपलब्ध है। कुल 43 सीटें हैं।

# देश में पीएम पद का फिक्स चेहरा नरेन्द्र मोदी ही : शाह

**एजेंसी। मधुबनी**

बिहार में मधुबनी जिला के झंझारपुर अनुमंडल स्थित ललित कपूरी स्टेडियम में गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसैलाब के बीच नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद की जयघोष पंडाल के बीच चहुंओर होती रही। गृहमंत्री अमित शाह ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। गृहमंत्री ने कहा कि नीतीश जी पीएम का पद खाली नही है। आपकी दाल वहां नही गलेगी, मोदी जी वहां फिक्स हैं। बिहार में भाजपा की सरकार बनेगी।आमजन 40 में से 40 लोकसभा सीट भाजपा को जिताएगी।

गृहमंत्री ने अमित शाह ने कहा कि बिहार सरकार ने जन्माष्टमी की छुट्टी रद्द की तो जनता के आक्रोश के बाद वापस लिया।सभास्थल पर अगल-बगल के इलाके के 31 विधान सभा से आए हुए लोगों का मैं स्वागत करता हूं। मोदी सरकार ने देश के लोगों को चंद्रयान



अभियान की सफलता से गौरवान्वित किया। सभी देशवासी का सर ऊंचा हुआ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 में अफ्रीकी गठबंधन को शामिल कर देश का नाम रोशन हुआ।जी-20 में मधुबनी पेंटिंग और नालंदा का विशेष स्थान रहा। वर्तमान गठबंधन फिर से जंगलराज लायेगा। लालू जी फिर से एक्टिव और नीतीश जी इनएक्टिव हो गए हैं। शाह ने आश्चर्य लहजा में कहा कि यूपीए का नाम बदलने की जरूरत क्यों पड़ी? नाम बदलने से बिहार को सालों तक पीछे ढकलने वाले नही बदलेंगे। रामचरितमानस की निन्दा करने वाले, जन्माष्टमी की छुट्टी रद्द करने वाले और सनातन धर्म को कई सारी गंभीर बीमारी का नाम बताने वाले सही हैं क्या ? अमित शाह ने कहा कि लालू जी के काल में गुंडाराज की वापसी हो चुकी है। बालू माफिया घुस चुके हैं, बम बरामद हो रहे हैं। जदयू के मेल तेल और पानी के मेल जैसा है, ये एक नही हो सकते। तेल पानी को मैला कर देता है।आपने प्रधानमंत्री बनने के लिए जो गठबंधन किया वो आपको भी डूबा देगा।अयोध्या में राममंदिर को सालों तक कांग्रेस, लालू जैसे लोगो ने रोक कर रखा। जनवरी से आप रामलाला का दर्शन भव्य मंदिर में करेंगे। इसका उनको पेट में दर्द है। मोदी जी द्वारा धारा 370 समाप्त करने पर लालू नीतीश की जोड़ी और कांग्रेस को दर्द होता है।

अमित शाह ने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट नरेन्द्र मोदी जी ने बनाया। यहां 16 लाख लोग पिछले एक साल में यात्रा कर चुके हैं। नीतीश जी एम्स का दिया हुआ 81 एकड़ भूमि अगर वापस नहीं ली होती तो दरभंगा में एम्स बन गया होता। नीतीश जी नए जगह के जमीन को छूकर बताए की यहां एम्स बनाना है। नीतीश जी के कारण 1,250 करोड़ की लागत से बनने वाला एम्स नही बना। नीतीश जी द्वारा ठंडे बस्ते में डाला हुआ कोशी महा सेतु बनाया। नीतीश जी आपने बिहार को 10 साल में 2 लाख दिया। मोदी जी ने 5,92,000 करोड़ 9 साल में दिया।गंगा नदी पर महात्मा गांधी सेतु और मोकामा के राजेंद्र पुल के समानांतर पुल हम बनवा रहे हैं। 1500 करोड़ से कोशी पर एक और पुल बनवा रहे हैं। हमने 9 करोड़ लोगो को मुफ्त में अनाज दिया। 40 लाख लोगो को आवास व गैस दिया। पूरे देश में सभी को फ्री में कोरोना का टीका लगवाया। गृहमंत्री ने कहा कि च पर क्षेत्रीय विधायक पूर्व मंत्री नीतीश मिश्रा ने गृहमंत्री को भव्य स्वागत किया व पेंटिंग भेंट की। दरभंगा मधुबनी सहरसा जिला के भाजपा जनप्रतिनिधि मुस्तैद दिखे।

# देश के हर मेडिकल कॉलेज में होगी अंग प्रत्यारोपण की सुविधा : डॉ. मांडविया

**एजेंसी। आगरा**

प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल की उपस्थिति में आगरा में देश में पहली बार अंगदान संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने 23 एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं और 87 ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों की आधारशिला रखी तथा सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक का उद्घाटन और अंगदान रजिस्ट्री का अनावरण किया।

आगरा के जीआईसी ग्राउंड में आयोजित अंगदान संकल्प कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि अंगदान से बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं है। जीते जी देश के नागरिकों को रक्तदान करना चाहिए और मृत्यु के बाद अंगदान करना चाहिए। अंगदान के माध्यम से किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद दूसरे व्यक्ति को नया जन्म मिलता है। उन्होंने कहा कि



2024 के अंत तक देश के हर मेडिकल कालेज में अंग प्रत्यारोपण की सुविधा मिल सके, इसके लिए मशीनों की खरीद, डाक्टरों की उपलब्धता और ट्रेनिंग सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी अस्पताल अंग प्रत्यारोपण की सुविधा अपने यहां खोलना चाहेंगे उन्हें केंद्र सरकार की तरफ से सवा करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी।उन्होंने कहा कि अंगदान के बाद मरीज को जीवन भर दवाइयां खानी पड़ती हैं, कई टेस्ट कराने पड़ते हैं इसके लिए उस मरीज को केंद्र सरकार की तरफ से प्रतिमाह 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंगदान को 02 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करना है।

डॉ. मांडविया ने कहा कि देश के 60 करोड़ लोगों को 5 लाख तक की मुफ्त इलाज की गारंटी मोदी सरकार दे रही है। आयुष्मान भवः अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चलेगा जिसमें अधिक से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाना चाहिए। पहले देश के युवाओं को एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए विदेश जाना पड़ता था लेकिन मोदी सरकार में पिछले नौ साल में एमबीबीएस की सीटों की संख्या दो गुनी हो गयी है। पहले 54000 सीटें थीं जो कि अब बढ़कर एक लाख सात हजार हो गई हैं। वीडियो संदेश के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने हमेशा नागरिकों के स्वास्थ्य और भलाई को सर्वोच्च महत्व दिया है। अंगदान प्रतिज्ञा पहल की सराहना करते हुए कहा कि अंगदान करने से दूसरे व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है।

## 'आयुष्मान भव' अभियान पीएम-जेएवाई के बारे में व्यापक कवरेज व जागरूकता पर केंद्रित : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने डॉ. मनसुख मांडविया के एक लेख की सराहना करते हुए कहा कि "आयुष्मान भव" अभियान व्यापक कवरेज, पीएम-जेएवाई के बारे में जागरूकता विकसित करने, स्वास्थ्य खाता आईडी बनाने और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं गांवों के साथ-साथ शहरी वार्डों में भी प्रदान करने पर केंद्रित है। केंद्रीय स्वास्थ्य की एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए पीएम ने कहा, मांडविया ने बताया कि कैसे "आयुष्मान भव" अभियान व्यापक कवरेज, पीएम-जेएवाई के बारे में जागरूकता विकसित करने, स्वास्थ्य खाता आईडी बनाने और गांवों के साथ-साथ शहरी वार्डों में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है।

### प्रधानमंत्री ने पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने की जी20 देशों की प्रतिबद्धता को स्वीकारा

पीएम ने केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के एक लेख के माध्यम से जलवायु परिवर्तन सहित पर्यावरणीय संकटों और चुनौतियों के समाधान के लिए कार्यों में तत्काल तेजी लाने के लिए जी20 देशों की प्रतिबद्धता को स्वीकार किया है। भूपेन्द्र यादव की एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने विस्तार से बताया कि दिल्ली घोषणा के साथ, जी20 देशों ने जलवायु परिवर्तन सहित पर्यावरणीय संकटों और चुनौतियों से निपटने के लिए कार्यों में 'तत्काल तेजी' लाने की प्रतिबद्धता जताई है।

## 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की पहली बैठक 23 को होगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

'वन नेशन, वन इलेक्शन' समिति की अध्यक्षता करने वाले पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि इसकी पहली बैठक 23 सितंबर को होगी। पूर्व राष्ट्रपति ने मीडिया में यह पुष्टि की। यह बैठक संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र के समापन के एक दिन बाद होगी। इस महीने की शुरूआत में, केंद्र सरकार ने घोषणा की थी कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' अवधारणा की जांच के लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन किया



गया है। रामनाथ कोविंद और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा, सरकार ने कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी, पूर्व राज्यसभा एलओपी गुलाम नबी आजाद, 15 वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप को इसके सदस्यों के रूप में नामित किया था। वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी भी पैनल में शामिल हैं। हालांकि, अधीर रंजन चौधरी ने हिस्सा बनने के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया था। गजट अधिसूचना के अनुसार, समिति न केवल लोकसभा और विधानसभा चुनाव, बल्कि नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव भी एक साथ कराने की व्यवहार्यता पर गौर करेगी। समिति त्रिशंकु सदन, अविश्वास प्रस्ताव दल-बदल या ऐसी कोई अन्य घटना होने पर एक साथ चुनाव से जुड़े संभावित समाधानों का विश्लेषण और सिफारिश करेगी। सरकार ने अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रीय, राज्य, नागरिक निकाय और पंचायत चुनावों के लिए वैध मतदाताओं के लिए एक एकल मतदाता सूची और पहचान पत्र की खोज की जाएगी।

## लखनऊः जर्जर मकान की छत गिरने से पांच की मौत

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आलमबाग स्थित पुरानी रेलवे कॉलोनी में शनिवार को एक जर्जर मकान की छत ढह गई। हादसे में तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने राहत बचाव कार्य करते हुए सभी को मलवे से बाहर निकाला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना में हुई जनहानि का शोक जताते हुए अधिकारियों को पीड़ितों को हर संभव मदद करने के निर्देश दिए हैं। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की फतेह अली रेलवे कॉलोनी में तकरीबन दो सौ परिवार रहते हैं। कॉलोनी के अधिकांश मकान इतने जर्जर हो गए हैं कि वे कभी भी गिर सकते हैं। बावजूद इसके लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर उन मकानों में रहने को मजबूर हैं। शनिवार को एक मकान की जर्जर छत भरभराकर गिर गई। मलवे में परिवार के लोग दब गए। सूचना पाकर पुलिस और राहत बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। टीम ने मलबा हटकार पांच लोगों को बाहर निकाला और इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल भेजा। डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

## नये सदन में मंत्रियों को कार्यालय के लिए आवंटित किए गए कमरे


**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। पांच दिन तक चलने वाले इस सत्र के लिए तीन दिनों के रिहर्सल के बाद संसद का पुराना और नया, दोनों ही भवन सत्र के लिए तैयार है। विशेष सत्र के दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में शुरू होनी है और इसके लिए तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताया जा रहा है कि, नए संसद भवन में सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सरकार के मंत्रियों को उनके कार्यालय के लिए कमरों का आवंटन भी कर दिया गया है। केंद्र सरकार के वरिष्ठ 11 कैबिनेट मंत्रियों - अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी, नरेंद्र सिंह तोमर, अश्विनी वैष्णव और अर्जुन मुंडा को नए संसद भवन में अपर ग्राउंड फ्लोर पर कार्यालय के लिए कमरा आवंटित किया गया है। जानकारी के मुताबिक, अमित शाह को अपर ग्राउंड फ्लोर पर कमरा नंबर जी-33, राजनाथ सिंह को जी-34, नितिन गडकरी को जी-31, पीयूष गोयल को जी-30, निर्मला सीतारमण को जी-12, एस जयशंकर को जी-10, धर्मेंद्र प्रधान को जी-41, स्मृति ईरानी को जी-8, नरेंद्र सिंह तोमर को जी-11, अश्विनी वैष्णव को जी-17 और अर्जुन मुंडा को नए संसद भवन में कमरा नंबर जी-9 आवंटित किया गया है। आपको बता दें कि पुराने संसद भवन में इन वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों का कार्यालय ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कमरों में था। सरकार के अन्य कैबिनेट मंत्रियों को नए संसद भवन में फर्स्ट फ्लोर पर कार्यालय के लिए कमरे का आवंटन किया गया है।





## अपनी दुल्हन परिणीति को लाने के लिए नाव से बारात लाएंगे राघव चड्ढा!

**आप** के सांसद राघव चड्ढा दुल्हन परिणीति चोपड़ा को लाने के लिए उदयपुर में नाव से बारात लाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, बारात 24 सितंबर को निकलेगी। इससे पहले पिछोला झील के बीच स्थित होटल ताज में राघव की सेहरा बंदी का कार्यक्रम होगा। इसके बाद ताज होटल से दुल्हन परिणीति को लेने के लिए राघव के साथ बारात निकलेगी। बारात नाव में होगी और पास के होटल लीला पहुंचेगी। इसकी तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं। बताया जा रहा है कि नावों की सजावट में मेवाड़ी परंपरा की झलक भी देखने को मिलेगी। लीला पैलेस होटल पिछोला झील के पास स्थित है। इसके सुइट से झील, ताज होटल, सिटी पैलेस आदि देखा जा सकता है। दूल्हा-दुल्हन के कमरों के अलावा होटल में मेहमानों के लिए बुक किए गए सुइट्स को भी खूबसूरती से डिजाइन किया गया है।



## मीका सिंह ने नए गाने 'ना दस दे' में गैंगस्टर वाइब का किया इस्तेमाल



**मीका सिंह**, जो देसी पंजाबी पॉप के सबसे बड़े कलाकारों में से एक हैं, ने अपना लेटेस्ट ट्रैक 'ना दस दे' जारी किया, जिसमें उन्होंने रोमांस के साथ पूरी तरह से गैंगस्टर वाइब पेश किया है। गाने में बहुत ही ग्रूवी और आकर्षक लय हैं, जबकि वाइब और प्रोडक्शन के चयन के कारण यह गैंगस्टा-पॉप के एक वर्जन के बहुत करीब है। यह धुन अविश्वसनीय रूप से आकर्षक है। मीका सिंह की आवाज और अदायगी में जो स्वैग है, उससे श्रोताओं को एक मजबूत दृष्टिकोण और शक्ति का एहसास होता है, साथ ही वह एक बेहतरीन फुट टैपर भी है। म्यूजिक वीडियो में मीका सिंह एक पंजाबी डॉन के रूप में आते हैं, जो सूट, चश्मा पहनते हैं और निश्चित रूप से, वह अपने साथ ब्लैक ऑटोमैटिक पिस्टल रखते हैं।

## फिल्म 'डंकी' को लेकर शाहरुख खान ने किया ऐलान

**"पठान"** और "जवान" की सफलता के बाद फैंस शाहरुख खान की "डंकी" मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे है। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया है और इसने लोगों की उत्सुकता बढ़ा दी है। हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि फिल्म की डेट पोस्टपोन कर दी गई है। हालांकि, शाहरुख ने इस पर चुप्पी तोड़ी है और सभी अफवाहों को खारिज कर दिया है। "जवान" फिल्म सफलता के मौके पर हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। उस समय शाहरुख खान द्वारा



कई बातें कहीं गईं। मसलन, मैं दिखावा करने की कोशिश नहीं कर रहा हूँ। यह भगवान की कृपा है कि "पठान" ने इतनी बड़ी सफलता हासिल की है।

"डंकी" फिल्म क्रिसमस पर रिलीज हो रही है। शाहरुख खान ने कहा, "हमने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की शुरूआत की। यह एक अच्छा, शुभ दिन है। फिर हमने भगवान कृष्ण के जन्मदिन जन्माष्टमी पर फिल्म रिलीज की और अब हम क्रिसमस पर "डंकी" लाएंगे। मैं राष्ट्रीय एकता में विश्वास करता हूं। उन्होंने मजाक में कहा, "वैसे भी, जब मेरी फिल्म रिलीज होगी, उस दिन ईद होगी।" आपको बता दें कि "डंकी" डायरेक्टर राजकुमार हिरानी के साथ शाहरुख की पहली फिल्म है। इसमें तापसी पन्नू और विक्की कौशल भी हैं। फिल्म दिसंबर के आखिरी हफ्ते में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

**राजनीति** चुनावी रणनीति बनाने के लिए कांग्रेस कार्य समिति की बैठक शुरू

# 2024 लोकसभा चुनाव पर होगी चर्चा

**एजेंसी। हैदराबाद**

कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति पर चर्चा करने के लिए शनिवार को यहां अपनी महत्वपूर्ण बैठक शुरू की। पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था की बैठक ताज कृष्णा होटल में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अन्य शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा ध्वजारोहण के साथ शुरू हुई।

दोपहर तीन बजे के बाद शुरू हुई बैठक शाम तक जारी रहने की संभावना है। होटल में उत्सव जैसा माहौल था और कलाकारों का एक समूह पारंपरिक नृत्यों के साथ



नेताओं का स्वागत कर रहा था। कांग्रेस विधायक सीथक्का भी कुछ देर के लिए आदिवासी नर्तकों के साथ शामिल हुए। हैदराबाद में पहली बार सीडब्ल्यूसी बैठक के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आगमन के साथ शहर के मध्य में स्थित होटल में व्यस्त गतिविधि देखी गई। पिछले महीने मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा 84 सदस्यीय कार्य समिति का पुनर्गठन किए जाने के बाद यह पहली बैठक है।

बैठक में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा और रणनीति बनाई जाएगी। इसमें भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का एकजुट होकर मुकाबला करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (इंडिया) के गठन के आलोक में 2024 के आम चुनावों की रणनीति पर भी चर्चा होगी। एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि पांच राज्यों में आगामी चुनाव, चुनावी तैयारियों और भारत गठबंधन पर चर्चा एजेंडे में होगी। कार्य समिति रविवार 17 सितंबर को सभी राज्य पार्टी प्रमुखों और कांग्रेस विधायक दलों के नेताओं के साथ एक विस्तारित सत्र में विचार-विमर्श जारी रखेगी। बैठक में कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत 140 से अधिक नेता शामिल होंगे। पार्टी 17 सितंबर की शाम को हैदराबाद के पास एक मेगा सार्वजनिक रैली भी करेगी। शीर्ष नेतृत्व द्वारा संबोधित की जाने वाली बैठक में तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए पांच गारंटी का खुलासा किया जाएगा। यह बैठक 17 सितंबर को हो रही है, जो पूर्ववर्ती हैदराबाद राज्य के भारतीय संघ में शामिल होने की वर्षगांठ का प्रतीक है। सार्वजनिक बैठक के बाद, कांग्रेस अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी सदस्यों, पीसीसी अध्यक्षों और विधायक दलों के नेताओं के काफिले को हरी झंडी दिखाएंगे, जो रात्रि प्रवास के लिए तेलंगाना के 119 विधानसभा क्षेत्रों में से एक-एक का दौरा करेंगे और 18 सितंबर को संबंधित पार्टी कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उन्हें विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये। कांग्रेस के नेता बीआरएस सरकार के खिलाफ पांच गारंटी और आरोप पत्र घर-घर बांटने में भाग लेंगे।